डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹72000 10 ग्राम

₹93000 01 किलो

सेंसेक्स 80,845.75 +597.67

डॉलर 84.682 -0.039

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 04 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-50, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 2 ओलंपिक मेडल जीतने वाली पीवी...

## एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट ने राहुल राज की फांसी तामिल करने पर लगाई रोक

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने रांची में बीटेक की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या करने और शव को घर में जला देने के बहुचर्चित केस के अभियुक्त राहुल राज उर्फ रॉकी राज उर्फ अंकित उर्फ राज श्रीवास्तव उर्फ आर्यन की फांसी की सजा तामिल करने पर रोक लगा दी है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने मंगलवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए निचली अदालत और झारखंड हाईकोर्ट से इस केस का रिकॉर्ड मंगाने का निर्देश दिया है। रांची के निर्भया कांड के रूप में चर्चित यह वारदात 15-16 दिसंबर, 2016 को हुई थी।

### अर्जुन मुंडा के बड़े भाई का निधन, सीएम ने जताया शोक

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का मंगलवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इस संबंध में अर्जुन मुंडा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर दुख जताते हुए यह जानकारी दी। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के भाई भीमसेन मुंडा के निधन की सूचना मिलने पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा कि निधन की सूचना मिलने से मन व्यथित है। शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं एवं मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना करता हूं। अर्जुन मुंडा ने पोस्ट में लिखा है कि दुःखद समाचार व्यथित मन से बताना पड़ रहा है कि मेरे अभिभावक, मेरे बड़े भाई भीमसेन मुंडा अब हमारे बीच में नहीं रहे। यह पीड़ा असहनीय है और उनकी कमी को कोई भी पूरा नहीं कर सकता। वे लंबे समय से बीमारी से संघर्ष कर रहे थे और मंगलवार को प्रातः हम सभी को छोड़कर चले गए।

# अपराधियों ने दिनदहाड़े युवक को गोली मारकर की हत्या

- ताबड़तोड़ गोली चालन से क्षेत्र दहल उठा
- अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर शहर के गोसाईंबाग में अज्ञात अपराधियों ने दिन दहाड़े गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी। मृत युवक की पहचान गढ़वा के सोनपुरा निवासी सुरेश राम पासवान के पुत्र सत्येन्द्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मृत युवक के कमर से देशी कट्टा को बरामद किया है। साथ ही घटनास्थल से बाइक व आठ खोखा बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी है। ताबड़तोड़ आठ गोलियों की आवाज से शहर दहल उठा। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार गोसाईंबाग में एक बाईक से दो लोग पहुंचे थे। एक बाईक पर सवार दो लोग लाईन होटल के समीप बाइक रोक कर एक बाइक में हवा लेने लगे। दूसरा गुटखा लेने के लिये गुमटी पर गया था। इस बीच दूसरे बाईक पर भी दो अपराधी लाइन होटल के पास पहुंचे तथा बाइक खड़ा कर गुटखा लेने गये सत्येन्द्र कुमार को लक्ष्य साधते हुए ताबड़तोड़ गोली चला दी। गोली लगते ही सत्येन्द्र कुमार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक भाग कर किसी तरह से जान बचाया। फायरिंग करने के बाद जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक दोनों अपराधी बाइक पर सवार होकर उत्तर दिशा की ओर भाग निकले। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की। शव को कब्जे में लेकर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। मृत युवक की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कमर से देशी कट्टा बरामद किया है। साथ ही आठ खोखा व एक बाइक बरामद किया है। घटना के बाद शहर में भय का माहौल व्याप्त है। घटना के एक घंटे बाद सत्येन्द्र कुमार का भाई बिहार औरंगाबाद निवासी विकास पासवान ने भागते हुए थाना पहुंच कर पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी।



एक युवक को गोली मारने की सूचना प्राप्त हुई है। मृतक सत्येंद्र कुमार उर्फ सत्या पासवान का अपराधिक इतिहास रहा है। मृतक के पास से एक देसी कट्टा और गोली बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
**– एसडीपीओ, सत्येंद्र नारायण सिंह**

### गोली कांड में पति की हत्या की सूचना पाकर घटना स्थल जा रही पत्नी सड़क दुर्घटना में घायल

**मझिआंव।** श्री बंशीधर नगर में गोली कांड में मृतक सत्येंद्र कुमार की पत्नी मोटरसाइकिल दुर्घटना में बाल-बाल बच गई। श्री बंशीधर नगर में गढ़वा के ऊंचरी गांव निवासी सुरेश पासवान के पुत्र सत्येंद्र कुमार को गोली मारकर अपराधियों ने हत्या कर दी। पति की हत्या की सूचना पर उसकी पत्नी 22 वर्षीय पिंकी देवीअपने दो मासूम बच्चों के साथ जपला से गढ़वा अपने भतीजा के साथ मोटरसाइकिल से जा रही थी। इस दौरान मझिआंव-गढ़वा मुख्य सड़क के बकोईया गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप साड़ी मोटरसाइकिल के **शेष पेज 11 पर**

## निर्माण की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें : सीएम



- मुख्यमंत्री ने मेकॉन चौक से सिरमटोली चौक तक बन रहे फ्लाईओवर का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राजधानी रांची में मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें। फ्लाईओवर निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार के जरिये कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहा यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित किया जा सके, इस निमित्त राज्य सरकार **शेष पेज 11 पर**

## नए आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक : पीएम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल क्रियान्वयन से राष्ट्र को अवगत कराया और कहा कि नए आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्याय संहिता का मूल मंत्र नागरिक प्रथम है। ये कानून नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। पहले एफआईआर दर्ज करवाना बहुत मुश्किल था, लेकिन अब जीरो एफआईआर को कानूनी मान्यता दे दी गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीड़ित को एफआईआर की कॉपी दिए जाने का अधिकार दिया गया है और आरोपित के खिलाफ कोई भी मामला तभी वापस लिया जाएगा, जब पीड़ित सहमत होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानून हमारे संविधान द्वारा हमारे देश के नागरिकों के लिए कल्पित आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है। संविधान और कानूनी विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत के बाद देश की नई न्याय संहिता को तैयार किया गया है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग से बनी भारत की यह न्याय संहिता भारत की न्यायिक यात्रा **शेष पेज 11 पर**



- ये नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का बन रहे आधार

**मंत्रियों में छह से सात नए चेहरों को मौका मिलना तय**

## हेमंत मंत्रिमंडल का गठन कल

**– झामुमो के छह समेत 11 मंत्री ले सकते हैं शपथ**

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार गुरुवार (5 दिसंबर) को होगा। राजभवन के बिरसा मंडप में गुरुवार को दिन में 12:30 बजे मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसकी जानकारी मीडिया को दी है। मिली जानकारी के अनुसार, सरकार ने मंत्रियों के शपथ ग्रहण के लिए गुरुवार को समय निर्धारित करने का आग्रह राजभवन को किया था।



उन्होंने कहा कि इस मंत्रिमंडल में अनुभव और युवा ऊर्जा का समन्वय दिखेगा। राज्य के पांचों प्रमंडलों और महिला, किसान, युवा, मजदूर, हर वर्ग का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। उन्होंने दावा किया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यह एक ऐसा दक्ष मंत्रिमंडल होगा, जो चुनाव में जनता से किए गए वादों को पूरा करेगा। यह मंत्रिमंडल पांच साल का कार्यकाल टीम भावना के साथ पूरा करेगा। इसके बाद वर्ष 2029 में जब विधानसभा का चुनाव होगा, तो यह सरकार अपनी उपलब्धियों और विकास कार्यों के साथ जनता के बीच जाएगी।

इधर, मिली जानकारी के अनुसार 11 मंत्री शपथ ले सकते हैं। इनमें झामुमो के छह, कांग्रेस के चार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक मंत्री होंगे। इस बार मंत्रिमंडल में छह से सात नए चेहरों को मौका मिलना तय माना जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ, घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन, मधुपुर के विधायक हफीजुल हसन, भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव, जामा की विधायक डॉ लुईस मरांडी और टुंडी के विधायक मथुरा महतो को मंत्री बनाए जाने की संभावना है। वैसे, ईचागढ़ की विधायक सविता महतो और राजमहल के विधायक एमटी राजा के नाम की भी चर्चा चल रही है। कांग्रेस की **शेष पेज 11 पर**

## रामगढ़ में रामचंद्र रूंगटा के प्लांट पर जीएसटी टीम ने की छापेमारी

**झारखंड इस्पात, मां छिन्नमस्तिका, आलोक स्टील और रामगढ़ ऑफिस में सघन जांच**

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रामगढ़।** राज्य के जाने-माने उद्योगपति रामचंद्र रूंगटा के प्लांट में मंगलवार को जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) की टीम ने छापेमारी की। रामगढ़ जिले के अरगड्डा रोड स्थित झारखंड इस्पात, बरकाकाना इलाके के मां छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन और कुजू ओपी क्षेत्र के आलोक स्टील प्लांट के अलावा रामगढ़ शहर में जहाज कोठी में बने कार्यालय में छापेमारी हुई।

जानकारी के अनुसार, जीएसटी के अधिकारियों को संदेह है कि रामचंद्र रूंगटा अपने फर्म के माध्यम से सरकारी टैक्स की चोरी कर रहे हैं। यहां तक कि उन्हें जितना टैक्स देना चाहिए था, उसके अनुपात में अभी तक उन्होंने उसे जमा नहीं किया है। सभी ठिकानों पर जीएसटी के अधिकारियों ने एक साथ छापेमारी शुरू की। सभी प्लांट और कार्यालय में चार-पांच गाड़ियों से अधिकारी एक साथ घुसे और प्लांट के दस्तावेजों को कब्जे में ले लिया। इस दौरान वहां मौजूद सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों के मोबाइल भी जब्त कर लिए गए और उन्हें एक जगह बंद कर **शेष पेज 11 पर**

### सीएम के आदेश पर पांच बेसहारा बच्चों की पढ़ाई और पोषण की हुई व्यवस्था

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद पांच बेसहारा बच्चों की शिक्षा, राशन, पोषण की व्यवस्था एवं बच्चों की नानी के लिए पेंशन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के उपायुक्त को पीड़ित परिवार को हर जरूरी सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की पढ़ाई के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने असुरा गांव जाकर पीड़ित परिवार से भेंट किया। इस दौरान पता चला कि बच्चों का ना तो आधार कार्ड है और ना ही जन्म प्रमाण पत्र। बुजुर्ग नानी को पूर्व में पेंशन मिलता रहा है, जो किसी कारणवश बंद हो गया। पेंशन के कागजात भी कहीं खो गए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी के जरिये सभी बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही एक बच्चा चार माह का है, उसका पालन उसकी चाची के जरिये किया जा रहा है। प्रशासन के जरिये आंगनबाड़ी से मिलने वाले पोषक पूरक आहार उपलब्ध करवाने के लिए सहायिका को कहा गया है।

## दलितों के पीएम आवास पर चला बुलडोजर

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत ककहिया गांव में मंगलवार को वन विभाग ने आदिवासियों समेत कई अन्य के मकान को बुलडोजर चला कर धराशाही कर दिया। तोड़े गए मकान कुछ निजी रूप से बनाए गए थे व मकान 2022 में पीएम आवास योजना अंतर्गत बनाए गए थे। ग्रामीण हरि गंझू, रमेश गंझू,जोकी गंझू, मोदन गंझू, रघुनी गंझू, शनिचर गंझू, रंजय यादव, अम्बिका यादव, सुरेंद्र यादव, सुबोध यादव, ब्रमदेव यादव, गौरी गंझू ने कहा की बैगर कोई सूचना के वन विभाग की करवाई से लोग आहत हैं। पूरे परिवार को विभाग ने पलक झपकते घर से बेघर कर दिया।आदिवासियों ने कहा है कि अब हम लोगों की स्थिति ऐसी है कि न रहने को घर बचा, न खाने को अन्न। इस हालत में हम लोगो को आत्म हत्या करने के आलावा और कोई विकल्प नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त जमीन खातियानी है। खाता प्लॉट का ऑनलाइन रसीद हम लोगों के पास है। कई पीढ़ियां से उक्त जमीन पर कब्जा है। सभी जोत कोड़ कर जीते-खाते हैं। ग्रामीणों ने कह कि लाखों रुपए की संपत्ति समेत सालों भर खाने-पीने **शेष पेज 11 पर**



## आज कल

तीसरी आंख





## इंडिया

# महिलाओं की बदलती भूमिकाएं और राजनीति



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

इस बार झारखंड और महाराष्ट्र में पुरुषों से अधिक मतदान कर महिलाओं ने इतिहास रच दिया जबकि भारत में आज महिलाओं की जो भी स्थिति है उससे कुछ अलग प्राचीन काल में अवश्य थी क्योंकि आज भी जनजातीय समाज जो आधुनिक रीति रिवाज से बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं हुए उनमें महिलाओं को न तो बंधन में बांधा जाता है और न भोग्या की दृष्टि से देखा जाता है। प्राचीन भारत में जो परंपराएं थीं उनकी झलक धार्मिक ग्रंथों के अलावा लोककथाओं में देखने को मिलती है जो श्रुति परंपरा से पीढ़ियों में हस्तांतरित होती है न कि किसी के द्वारा रचित कपोल कल्पना से जैसा कुछ कथित विद्वान आख्यान प्रस्तुत करते हैं। महिला बेटी, बहू, मां, बहन, पत्नी, दादी, नानी जैसे रूपों में हमारे जन्म से मृत्यु तक किसी न किसी भूमिका में रहती हैं। पर आज के आधुनिक वैश्विक सामाजिक ढांचे और आर्थिक एवं सांस्कृतिक खांचे में महिलाएं प्रचार में बहुत दिखतीं हैं पर इस सशक्तिकरण के शोर में क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रतिदिन कम-से-कम 87 महिलाओं के विरूद्ध बलात्कार के मामले सामने आते हैं। प्रत्येक घंटे हमारा देश तीन से भी अधिक महिलाओं के साथ बलात्कार की निर्मम घटनाओं और दरिंदगी का साक्षी बनता है। दुर्भाग्य से यह आंकड़ा भी अंतिम और संपूर्ण नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह तो सिर्फ उन घटनाओं को ही रेखांकित करता है, जिनकी रिपोर्ट पुलिस थानों में दर्ज की जाती हैं। निश्चित रूप से इनके अलावा भी देश भर में बलात्कार और दरिंदगी के न जाने कितने ही मामले नित्य प्रति घटित होते रहते होंगे, जिनका कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं होता है। कई बार तो पीड़िताएं स्वयं ही समाज के भय अथवा लोक-लाज के कारण बलात्कार की घटनाओं को छिपा देती हैं या उनके ऊपर माता-पिता और परिवार वालों का भारी दबाव होता है। अनेक बार ऐसा भी होता है कि बलात्कारी ही इतने दबंग होते हैं कि अपने वर्चस्व के कारण बलात्कार करने के बाद पीड़िताओं को डरा-धमकाकर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने देते। वहीं, कई बार तो रिपोर्ट दर्ज करने के मामले में पुलिस की भी असंवेदनशीलता और गैर-जिम्मेदारी सामने आती रहती है। इसलिए महिलाओं के विरूद्ध घटित होती रहने वाली बलात्कार की घटनाओं की सही संख्या बता पाना किसी के लिए भी मुश्किल है। संभव है कि यह संख्या सैकड़ों में हो। बलात्कार की घटनाओं को छिपाने के लिए पीड़िताओं के ऊपर माता-पिता और परिवार वाले प्रायः इसलिए दबाव बनाते हैं, क्योंकि उनकी मान्यता यह होती है कि यदि बेटी के बलात्कार की घटना का प्रचार हो गया तो उसका ब्याह नहीं हो पाएगा। अभी झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में महिलाओं को टिकट देकर सशक्त करने और नेतृत्व में भागीदारी बढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं पर बिहार की तरह झारखंड में भी मुखियापति,विधायकपति जैसे शब्द वास्तविकता बयान करते हैं। सभी महिलाओं के पति ही असली जनप्रतिनिधि होते हैं ऐसी भी बात नहीं पर यह भी सच है कि कुछ महिलाएं ही स्वतंत्र निर्णय ले पाती हैं कहीं न कहीं उनके ऊपर परिजन का दबाव रहता ही है। हालांकि संतोष की बात यह है कि यह इन महिलाओं के लिए एक राजनीतिक प्रशिक्षण की तरह है जिससे वे सार्वजनिक जीवन की समस्याओं का सामना करते या देखते घर चलाने के अलावा गांवों से लेकर राज्य की सरकार चलाने में मुखर हो रहीं हैं जिनमें जनजातीय महिलाओं की भी बड़ी समस्या है। तेजस्विनी झारखंड सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजना थी झारखंड महिला विकास सोसाइटी द्वारा झारखंड राज्य के 17 जिलों की 14-24 वर्ष की आयु वर्ग की 2,40,000 किशोरियों और युवा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लागू की जा रही थी। चार मॉड्यूल, यानी लचीलापन और सॉफ्ट स्किल्स, स्वास्थ्य और पोषण, अधिकार और संरक्षण और वित्तीय साक्षरता पर परिचयात्मक प्रशिक्षण के बाद जीवन कौशल प्रशिक्षण निर्धारित परियोजना टीम लगभग 80,000 एजीवाइडब्ल्यू को दिए जाने वाले जीवन कौशल प्रशिक्षण के सभी चार मॉड्यूल को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करनी थी। विश्व बैंक संपोषित 540 करोड़ रुपये की लागतवाली तेजस्विनी परियोजना में 205 करोड़ रुपये खर्च हो चुके पर कुप्रबंधन और सीबीआइ जांच के कारण परियोजना बंद हो गई और महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास अधूरा रह गया। अच्छी बात यह है कि बड़ी संख्या में सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ रहीं लड़कियां अब महिला सिपाही, सहायक पुलिसकर्मी, समाज कल्याण विभाग में सहायिका सेविका जैसी अस्थायी/स्थायी नौकरियों से लेकर बड़े सरकारी पदों तक में जा रहीं है पर दुखद यह है कि भ्रष्ट तंत्र का सामना करती हुई वे भी लेनदेन संस्कृति सीख रहीं हैं। समाज कल्याण विभाग अलग से कुछ योजनाएं चलाने के बजाय खानापूर्ति में ही लगा है जिससे भविष्य भी उज्ज्वल नहीं दिखता। राजनीति से जुड़ी कुछ महिलाएं अवश्य सशक्त होकर उभरी हैं।



## 41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का मिला लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस सेवा के 41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का लाभ मिला है। अब इन्हें लेवल 10 के तहत वेतन मिलेगा। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि झारखंड पुलिस सेवा के द्वितीय बैच के पदाधिकारी को एमएसीपी योजना का लाभ उनके संबंध में दायर पीएआईएल और अन्य याचिका के क्रम में सीबीआई केस को लेकर फलाफल से प्रभावित होगी। इसके अलावा जारी अधिसूचना में यह भी किया गया है कि जिन 41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का लाभ दिया गया है, उनके संबंध में किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर एमएसीपी योजना का लाभ रद्द कर दिया जाएगा और उन्हें भुगतान की गई राशि की प्रतिपूर्ति कर ली जाएगी। वेतन लाभ पाने वाले अधिकारियों में शिवेंद्र, राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, मजरूल होदा, अविनाश कुमार, विनोद कुमार महतो, शशि प्रकाश, अजय कुमार द्वितीय, सतीश चंद्र झा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, कुमार वेंकटेश्वर रमन, संदीप कुमार गुप्ता, विकास चंद्र श्रीवास्तव, सुमित कुमार, राजा मित्रा, राजकिशोर, अजीत कुमार विमल, ज्ञान रंजन, कौशर अली, अमर पांडे, अभिषेक कुमार, संजय कुमार प्रथम, संजीव कुमार बेसरा, अजय केरकेट्टा, विनोद रवानी, जीतवाहन उरांव, अशोक कुमार सिंह प्रथम, मुजीबुर रहमान, भूपेन्द्र रावत, आनंद ज्योति मिंज, तौकीर आलम, समीर कुमार सवैया, श्रद्धा केरकेट्टा, पूनम मिंज, अमित कच्छप, संदीप भगत, प्रदीप पॉल कच्छप, प्रकाश सोय, आशीष कुमार महली, अरविंद कुमार बिन्हा और नवनीत एंथोनी हेंब्रम शामिल हैं।

## विधिक अधिकारों के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** जिला व सत्र न्यायधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार अर्पित श्रीवास्तव के नेतृत्व में इन दिनों वृहद विधिक जागरूकता कार्यक्रम पूरे जिले के ग्रामीण इलाकों में चलाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को विश्रामपुर नगर परिषद के मायापुर गांव में पीएसएलवी अखिलेश चौबे द्वारा विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें अखिलेश चौबे ने ग्रामीणों को विधिक अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकार आम लोगों को हर तरह की विधिक सेवा भी मुफ्त उपलब्ध करता है। न्याय सबके लिए है। इसकी समुचित जानकारी भी सभी लोगों को होनी चाहिए। इसके लिए डीएलएसआर द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान की जाती है। मौके पर विनोद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# कबरा का युवक सासाराम में महिला से चार लाख रुपये ठगी की, फरार

### पीड़ित महिला ने सासाराम एसपी व हैदरनगर थाना में शिकायत दर्ज करायी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के कबरा गांव निवासी एक युवक ने जमीन दिलाने के नाम पर बिहार के सासाराम जिला के एक महिला से चार लाख रुपए ठगी कर फरार होने का का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में महिला ने सासाराम जिला के एसपी को आवेदन देने के साथ हैदरनगर थाना में भी आवेदन देकर पैसा वापस कराने के साथ न्याय दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार बिहार के सासाराम थाना के शिवसागर निवासी बेबी देवी किराये के मकान में रह रही थी। इस दौरान बहन प्रिया तिवारी के घर रह रहे हैदरनगर थाना के कबरा गांव निवासी रविशंकर तिवारी ने सासाराम के फैजलगंज




में जमीन दिलाने का भरोसा बतौर दलाली कर नौ लाख रुपये में सौदा कराया। इस जमीन का सौदा इसी वर्ष 19 अक्टूबर को किया गया। इसके एवज में बतौर अग्रिम चार लाख रुपया कर्ज लेकर रविशंकर तिवारी को दे दिया। विनोद चौधरी के किये गये सौदे के विरुद्ध शेष राशि पांच लाख रुपये जमीन की रजिस्ट्री के समय देने की बात कही गई थी। बेबी से पैसा लेने के बाद रविशंकर तिवारी एक कार से भाग निकला। भागते समय कई लोगों ने शोर मचाकर रोकने का प्रयास किया। पर इसके बाद उसके मोबाइल आदि से संपर्क करने पर कोई पता नहीं लगने पर बेबी देवी ने पुलिस अधीक्षक सासाराम को आवेदन देने के बाद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पैसे वापसी की बेचैनी में भुक्तभोगी परिवार मंगलवार को हैदरनगर थाना पहुंची है। वहां बताया गया कि सासाराम की पुलिस के आने पर आरोपी की गिरफ्तारी की जायेगी। इस घटना के बाद लगातार मोबाइल से कॉल किये जाने पर कॉल रविशंकर तिवारी रिसीव नहीं किया है। फिलहाल उक्त ठगी के शिकार महिला पैसे और न्याय पाने के लिये दर-दर की ठोकरें खा रही है।

## ठंड को देखते हुए आंगनबाड़ी बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह पंचायत अंर्तगत कररिया स्थित आंगनबाड़ी सह उपस्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को बच्चों में एक-एक जोड़े स्वेटर का वितरण किया गया। इसके लिए आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के बीच उपमुखिया नीलेश कुमार सिंह ने स्वेटर बांटने की औपचारिकता पूरी की। इसके साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को यथाशीघ्र स्वेटर उपलब्ध कराने की हिदायत सेविका दुर्गावती देवी और सहायिका दुलारी देवी को दी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन नियमित करने और जाड़े में बच्चों की देखरेख के प्रति सतर्कता बरतने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोताही और लापरवाही बरतने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने पर इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से करने की भी बात उन्होंने कही।

## चोरी का ऑटो के साथ चोर गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** थाना पुलिस ने रविवार की रात ब्रहमोरिया गांव स्थित कौशल पांडेय के दरवाजे पर खड़ी चोरी गई ऑटो मंगलवार को बरामद कर लिया। साथ ही चोरी की घटना में संलिप्त युवक दीप रंजन पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 24 घंटे के अंदर नावाबाजार पुलिस की ओर से इसे गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की गई। गिरफ्तार युवक की संलिप्तता पूर्व में भी चोरी घटना में रही है। जानकारी के रविवार की देर रात ब्रहमोरिया गांव स्थित कौशल पांडेय की ऑटो चोरी हो गई थी। वहीं मोड़ के समीप मुख्य पथ के किनारे खड़ी एक ट्रेलर का दो टायर भी खोल लिया गया है, लेकिन इस संबंध में अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम है। लोगों की माने तो इन दिनों नावाबाजार थाना क्षेत्र के युवाओं की टोली नशे की गिरफ्त आ गए हैं, जो अपनी जरुरतों के लिए चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इन दिनों इनकी संख्या काफी बढ़ गई है। आलम यह है कि ड्रग्स के शिकार युवाकों द्वारा खुलेआम सड़क पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। रविवार की रात ब्रहमोरिया गांव से ऑटो की चोरी भी इसी का परिणाम है। इतना ही नहीं मोड़ पर लंबे दिनों से खड़ी ट्रेलर का टायर खोले जाने की घटना में इनकी संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। सड़क पर लूटपाट की घटना भी हो रही है। जिस पर रोक नहीं लगाया जा रहा। डर तो इस बात का है कि अगर लुटेरों के समक्ष कोई पहचान वाले आ जाएं तो उनकी हत्या भी कर सकते हैं। नावाबाजार थाना क्षेत्र के एनएच 39 मुख्य पथ स्थित लादी रबदा गांव स्थित एक गैरेज संचालक के यहां एक नहीं लगभग आधा दर्जन बार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इन सभी घटनाओं से स्पष्ट होता है कि ड्रग्स कारोबारी व ड्रग्स लेने वाले युवक ही इस घटना को अंजाम दे रहे हैं।



## किशोरी छात्रा के साथ जबरन दुष्कर्म, स्थिति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत से जबरन मुंह बंद कर उठाकर कुछ दूरी पर ले जाकर एक 11 वर्षीय किशोरी व छठी कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना सोमवार की देर शाम की बताई जाती है। इस संबंध में पीड़िता की मां ने बताया कि वह घर में पढ़ाई कर रही थी, पढ़ाई के बाद वह अपने पुराने घर के समीप खेत में धनियां की पत्ती लेने गई थी, इस बीच गांव के ही एक युवक ने उसे खेत से जबरन कुछ दूरी ले जाकर दुष्कर्म कर धमकी दी की अगर घर पर किसी को बताया तो ठीक नहीं होगा। घर लौटने पर वह काफी डरी सहमी हुई थी। देर रात जब उसको दर्द होने लगा तो उसने बताया कि युवक ने उसके साथ गलत काम किया है। देर रात वह दर्द से तड़पती रही। उसकी मां ने बताया कि कोई साधन नहीं मिलने के कारण वह मंगलवार की सुबह अपने परिजनों के साथ हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में



पहुंची और उसे भर्ती कराया गया। वहां प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर हुसैनाबाद पुलिस अस्पताल पहुंचकर पीड़ित किशोरी का फर्द ब्यान दर्ज किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता का फर्द ब्यान के आधार पर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित परिवार ने आवेदन नहीं दिया गया था।

## देश रत्न डॉ.राजेन्द्र प्रसाद 140वीं जयंती पर याद किए गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति,संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष,असाधारण प्रतिभा के धनी,सादगी एवं सौम्यता के प्रतिमूर्ति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 140 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हुसैनाबाद मिडिल स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। यह बताया गया कि उनका जन्मस्थली बिहार के छपरा संप्रति सीवान जिले के जीरादेई गांव था। वे कुशाग्र बुद्धि के थे,विद्यार्थी जीवन में सदैव प्रथम स्थान ग्रहण किये हैं।उनकी उत्तरपुस्तिका में रिमार्क किया गया था। वक्ताओं ने कहा है कि वे मेघावी छात्र रहे थे। आजादी की लड़ाई में भी बढ़-चढ़कर भाग लिये थे।



नरम दल के नेता थे। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भी आजादी के पहले रहे थे। संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष पद को भी सुशोभित किये हैं। देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद को लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल से कमतर नहीं आंका जा सकता है;जिस तरह सरदार पटेल कोर्ट में अपने मुवक्किल की ओर से बहस करते वक्त पत्नी के निधन की खबर सुनकर भी तार के मैसेज को पढ़कर पॉकेट में रख लिये और बहस पूरी की उसी प्रकार डॉ. राजेंद्र प्रसाद भी बड़ी बहन के शव को छोड़कर गणतंत्र दिवस के परेड में शामिल हुये। ये लगातार 26 जनवरी 1950 से 14मई1962तक राष्ट्रपति रहे हैं। उनके बताये गये सिद्धांतों पर चलकर ही, उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आज कृतज्ञ राष्ट्र 75 वीं संविधान सभा दिवस मना रहा है,और ये संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष थे। वक्ताओं में सुषमा पांडेय, जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, राजेश सिन्हा, पुष्पा कुमारी, व रश्मि प्रकाश थीं। बाल संसद के मंत्री गण भी श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में बच्चों से उनके जीवनी संबंधित दस-दस प्रश्न पूछे गये। लगभग डेढ़ दर्जन बच्चों ने सही जवाब दिये।

## व्यक्ति नहीं विचारधारा का नाम था महावीर प्रसाद पांडेय : संजय



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर के महान विभूति महावीर प्रसाद पांडेय की 14 वीं पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम जनता उच्च विद्यालय में हुआ। वहां सबसे पहले विद्यालय परिसर में स्थापित महावीर प्रसाद पांडेय के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके अलावा अतिथियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उनके सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। स्व.पांडेय के छोटे पुत्र सह सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि उनके पिता का सपना था कि विश्रामपुर शिक्षित और विकसित हो। इसके लिए उन्होंने जनता उच्च विद्यालय,जमुना देवी परियोजना कन्या उच्च विद्यालय सहित कई विद्यालयों की स्थापना करायी। विद्यालयों के स्थापना के लिए दर्जनों एकड़ जमीन दान किया। उन्होंने कहा कि महावीर प्रसाद पांडेय कोई व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे। प्राचार्य भोला राय ने स्व महावीर प्रसाद पांडेय के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इसके अलावा यमुना देवी कन्या उच्च विधालय में भी स्व.पांडेय को नमन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने महावीर प्रसाद पांडेय के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, प्राचार्य सरिता देवी, नीरज देवी, प्रमोद पाठक,अवध बिहारी तिवारी, प्रभव मिश्रा, प्रो. अरुण कुमार सिंह, अनिल गुप्ता, जारद हुसैन, अमित कुमार, अनीश चोपड़ा, इरफान साजिद, लाल साहब, हीरा लाल प्रसाद, अरुण कुमार, नीतिक कुमार, प्रतिमा तोपों, इंदु कुमारी, लालो राम, दुर्गावती देवी, छात्रा रश्मि कुमारी, स्नेहा कुमारी, सुजाता कुमारी, रिया कुमारी, नेहा कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## आय वृद्धि के लिए किसानों के बीच सब्जियों का उन्नत बीज वितरित

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** उद्यान विभाग द्वारा उद्यान विकास योजना अतंर्गत सब्जियों के उन्नत किस्म के बीज का वितरण कार्यक्रम मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मुरुबार में किया गया। मौके प्रखंड उद्यान मित्र आनंद कुमार सिंह ने 65 किसानों के बीच उन्नत किस्म के भिंडी, करैला, मटर, टमाटर, फ्रेंचबिन्स, कद्दू, मिर्चा का बीज का वितरण 73 किसानों के बीच किया गया। किसानों को प्रखंड उद्यान मित्र आनंद कुमार सिंह ने बताया कि किसानों को वितरित किया गया यह सब्जियों का उन्नत किस्म का बीज है। किसान सब्जियों की खेती कर अपनी आय दोगुना करें। वर्तमान समय में बाजार में सब्जियों की अच्छी मांग के साथ सब्जियों का मुनाफा अन्य फसलों से बहुत ज्यादा मिल रहा है। किसानों को उत्पादन के तकनीकियों का विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार किसानों के प्रति बहुत ही उत्सुक रहते कि कैसे किसानों का आय में वृद्धि हो। मौके पर उधान विभाग के सूरज सिंह, किसान स्वराज सिंह, प्रदीप सिंह, दीपक सिंह, यमुना सिंह, पुष्पा कुमारी, मनोज दुबे, अशोक महतो, शम्भू दुबे, सनोज पाल, मो अलीमुद्दीन, पार्वती देवी, रिंकू देवी, उषा देवी, मंजू देवी मौजूद थे।



**इन प्रखंड़ो में बांटा गया सब्जी का बीज**

राजहारा, कुन्दरी, पथरही, सीताडीह, गुरियादामर, मुरुबार, सोतमडबरा, राजोगाडी, राजपुर, अमवाखूर्द, जामूडीह ग्राम के किसानों को सब्जी बीज वितरण किया गया।

### सब्जी से लेकर धनिया पत्ता की मंहगाई से गरीब व मध्यम परिवारों की उड़ी नींद

**हैदरनगर।** एक पखवाड़े से बाजारों में सब्जी से लेकर धनिया पत्ता, अदरख, लहसुन के दरों में अप्रत्याशित वृद्धि से आम गरीबों व मध्यम परिवारों की नींद उड़ा दी है। ऐसे तबके के लोग हिम्मत करके बाजारों में कुछ भी खरीदने को आते तो हैं, पर उन्हें दामों को सुनने के बाद सामानों को देख वापस ही लौटना पड़ रहा है। बाजार में आलू, टमाटर, शिमला मिर्च, गोभी, पत्ता गोभी 60 रुपये प्रतिकिलो, हरा मिर्च, धनिया पत्ता 200, अदरख 300, लहसुन के भाव 400 रुपये प्रतिकिलो सुनकर उपभोक्ताओं के होश उड़े हैं। नरेश राम, पंकज कुमार पासवान, रामस्वरुप सिंह, पवन कुमार, अशोक कुमार सिंह, राकेश कुमार, अरविन्द कुमार सिंह सहित कई ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं का कहना है कि विभिन्न स्तरों पर उन्हें चावल, आटा की व्यवस्था तो हो जाती है। पर कोई भी सब्जी खरीदारी करना उनके बूते से बाहर होने पर भोजन का जायका ही बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि इन सामग्रियों के मूल्य नियंत्रण व बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के प्रति सरकार व प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि इन सामानों की आसमान छूती मंहगाई से आम जनजीवन में प्रभाव भी पड़ रहा है।

## राजद ने निकाला विजय जुलूस, उड़े अबीर-गुलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज** पलामू । हरिहरगंज - हुसैनाबाद के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव की जीत पर मंगलवार को विजय जुलूस निकाला गया। दुबटिया मोड़ से शुरू हुई गाजे बाजे के साथ जुलूस का काफिला एनएच 98 के रास्ते ढाब, सेमरवार, कौवाखोह ,भगत तेंदुआ ,बेलौदर, अररूआ खुर्द, सतगावां, बंजारी सहित शहर में भ्रमण कर विधायक ने आम लोगों का आभार जताया। जुलूस के दौरान जगह-जगह विधायक का लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने जमकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाए और आतिशबाजी की। मौके पर विधायक ने कहा कि उनकी जीत क्षेत्र की जनता की जीत है। झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बन चुकी है। प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन, सुशील कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह,राजद नेता रवि कुमार यादव, विनय कुमार सिंह यादव, बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, आनंद यदुवंशी, संजय यादव, राजकुमार पासवान, अशोक यादव, विकास यादव, रंजीत पासवान, अशोक जायसवाल, गेंदा लाल यादव, अनिल यादव, कमलेश यादव,उमा यादव, दीपक यादव, सूरज यादव, छोटे लाल गुप्ता, जितेंद्र पासवान, टिंकू गुप्ता, जोगेंद्र यादव, जयपाल चौधरी, सत्येन्द्र यादव, हीरालाल यादव, जगन सिंह, मो आबिद उर्फ मुन्ना सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता तथा समर्थक शामिल थे।

**प्राकृतिक**

### जाड़े में प्रवासी पक्षियों की शरणस्थली बना क्षेत्र

# पर्यटक स्थल भीमचूल्हा की पक्षी विहार के रूप में पहचान बढ़ी

- सैलानियों को भाता है कलरव व अठखेलियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जाड़े के मौसम के साथ ही देश के अन्य जलीय स्थलों के अलावा स्थानीय भीमबराज में भी प्रवासी पक्षियों का डेरा जम गया है। इस प्रकार पिकनिक और टूरिज्म टाइम पर पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में सैलानियों को पार्क और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ पक्षी विहार भी देखने को मिलता है। इस दौरान प्रवासी पक्षियों का कलरव और अठखेलियां कोयल नदी के कलकल निनाद के साथ खूब उनके मन को भाता है। पुजारी सह प्रहरी गंगा तिवारी का कहना है कि भीम चूल्हा के पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होने के बाद से भीमबराज में पहुंचे प्रवासी पक्षियों को सुरक्षित वातावरण मिलता है। बावजूद इसके किसी भी प्रकार के आहट सुनाई देने के साथ इनका ठिकाना बदल जाता है। सुरक्षा के लिहाज से खासकर रात्रि में पेड़ों पर भी शरण लेते हैं। घासों में पनपने वाले कीड़े मकोड़े इनका ग्रास बनते हैं। जाड़े के आगमन के साथ ही इन पक्षियों का डेरा जम जाता है, जो इसके कम होते ही वापस लौट जाते हैं। जानकार बताते हैं और सर्दियों में साइबेरिया की जलवायु ठंडी हो जाती है। जिससे ऐसी कठोर परिस्थितियों में इन पक्षियों का जीवित रहना मुश्किल हो जाता है।, क्योंकि वे ठंडे खून वाले जीव हैं। ऐसे में जीवित रहने के लिए उससे बेहतर जलवायु की तलाश में साइबेरिया से कम सर्दी वाले देश भारत में प्रवास करते हैं।



## कांग्रेसी नेता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कांग्रेस सहकारिता विभाग के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन राहुल सिंह (सोनबरसा निवासी) ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रखंड के अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। चाहे कोई भी विभाग हो, या काम जैसे- म्यूटेशन, चाहे आवास प्रमाण पत्र या राशनकार्ड चाहे चेक स्लिप सबके नाम पर रिश्वतखोरी आम बात हो गई है। बावजूद इसके इस गम्भीर मुद्दा को देखने वाला कोई नहीं है। उन्होंने पत्र में उदाहरण के साथ भजनियां गांव के जमीन संबंधित मामले की विस्तार से जानकारी देते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की है। जिसमें हेराफेरी करते हुए म्यूटेशन में गड़बड़ी की बात कही है। उन्होंने सभी कामों में रिश्वतखोरी करने के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जिससे इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।



### जपला मुख्य डाकघर में शोक सभा

**हुसैनाबाद।** प्रधान डाकघर डालटनगंज के पोस्टमास्टर अमृत टोपो के सड़क दुर्घटना में हुई निधन पर जपला मुख्य डाकघर में शोक सभा कर संवेदना व्यक्त किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रभारी उप डाकपाल श्याम कुमार, अरविंद ओझा, पप्पू कुमार, अभिषेक प्रभाकर, सुधीर कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार अग्रवाल, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, सौरभ कुमार, रंजीत सिंह, कैलाश मेहता, सुधीर ठाकुर, कृष्ण पंडित, रवि कुमार, भगवान राम, विमलेश कुमार, सोमनाथ सिंह सहित सभी कर्मचारी वअभिकर्ता शामिल थे।

## अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

# अवैध खनन करने वालों पर होगी एफआईआर : एसडीएम



### सीमा क्षेत्रों पर समन्वय स्थापित करने की सलाह

एसडीएम ने कहा कि कई बार दो थाना क्षेत्रों की सीमा रेखा पर अवैध बालू का कारोबार देखा गया है। ऐसे मामलों में दोनों थानों और अंचलों के पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सदर अनुमंडल कार्यालय कक्ष में हुई, जिसमें खनन पदाधिकारी, सदर व लेस्लीगंज के एसडीपीओ, और सदर अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी शामिल हुए।

बैठक में एसडीएम ने अधिकारियों को आपसी तालमेल और बेहतर समन्वय के साथ पूरे अनुमंडल क्षेत्र में अवैध खनन पर पूर्णतः रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सीओ और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में संचालित क्रशरों का मापी करें और यह सुनिश्चित करें कि वे निर्धारित क्षेत्र में ही संचालित हो रहे हैं।

एसडीएम ने सख्ती से कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खनन में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

बैठक में सभी थाना प्रभारी और अंचलाधिकारी ने अपने स्तर से की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। एसडीएम ने अधिकारियों को भविष्य में और सख्ती से कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया।

## एमके डीएवी में मनाई गई डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती

**मेदिनीनगर।** एम.के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, डालटेनगंज में स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. जी.एन. खान और वरिष्ठ शिक्षकों ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ की। प्रार्थना सभा में छात्रों ने डॉ. प्रसाद पर कविता, भाषण और प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता के माध्यम से उनके जीवन और कृतित्व को उजागर किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. खान ने कहा कि सादगी और उच्च विचारों के प्रतीक डॉ. राजेंद्र प्रसाद छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने छात्रों को डॉ. प्रसाद के गुणों को अपनाकर जीवन में सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुदेशना राय ने किया और संयोजन शिक्षक कन्हैया राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पलामू जिले में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए बैठक, सख्त दिशा-निर्देश जारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के बिजली महाप्रबंधक सुनील कुमार ने मंगलवार को विभाग के अभियंताओं और ऊर्जा मित्रों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें बिजली विभाग में सुधार के लिए जोरदार कदम उठाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि हर हाल में शहरी क्षेत्रों में हर महीने सभी मीटरों की रीडिंग की जानी चाहिए। इसके लिए एक तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है, जो सुनिश्चित करेगी कि सभी उपभोक्ताओं की रीडिंग नियमित रूप से ली जा रही है या नहीं।

सुनील कुमार ने कहा कि कोई भी उपभोक्ता का मीटर रीडिंग छूटना नहीं चाहिए और इस कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बिलिंग प्रक्रिया को समय पर शुरू करने और रिपोर्ट करने के लिए सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए।

इसके अलावा, महाप्रबंधक ने कहा कि यदि किसी भी जगह ट्रांसफॉर्मर खराब हो, तो उसकी तुरंत सूचना दी जानी चाहिए, ताकि उसे शीघ्र ठीक किया जा सके। उन्होंने वर्तमान में चल रही बिजली से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि टीम को निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तेजी से कार्य करना होगा।

बैठक में सुनील कुमार ने कर्मचारियों से अपील की कि वे विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए पूरी तरह से समर्पित होकर काम करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए पूरे जोर-शोर से काम किया जाए। बैठक में अभियंता, क्षेत्रीय अधिकारियों और ऊर्जा मित्रों सहित कई अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# नगर निगम ने गंदगी फैलाने की शिकायत पर दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम ने गंदगी फैलाने की शिकायतों के आधार पर शहर के सद्दीक मंजिल चौक स्थित भारत बिरयानी और हिंद बिरयानी नामक दुकानों पर 5-5 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जांच के दौरान यह पाया गया कि इन दोनों दुकानों के बाहर काफी गंदगी फैलाई जा रही थी, जिसके बाद उनके संचालकों पर जुमार्ना लगाया गया। इस कार्रवाई में सिटी मैनेजर अनुराग कुमार और शाहिद हसन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त, वार्ड संख्या 29 के मदन मोहन रोड पर सड़क पर जमा किए गए बालू और छरी को भी जब्त कर लिया गया। नगर निगम ने जप्त किए गए इन मटेरियल को ट्रैक्टर से उठाकर अपने साथ ले लिया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह बालू और छरी किसके द्वारा डंप की गई थी।

इस बारे में सिटी मैनेजर शाहिद हसन ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य शहर को साफ और स्वच्छ रखना है। उन्होंने सभी निगमवासियों से अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों के आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान दें और इसे स्वच्छ रखें। कुछ दिन पहले पुलिस लाइन के समीप सड़क पर डंप किए गए बालू के कारण एक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसके बाद नगर निगम ने इस पर कड़ी निगरानी रखी हुई है। कार्रवाई के दौरान आसपास के दुकानदारों और मकान मालिकों को चेतावनी दी गई कि वे अपने क्षेत्र में गंदगी न फैलाएं और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण या निर्माण सामग्री जमा करने से बचें। नगर निगम ने साफ किया कि ऐसे कार्यों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# रेलकर्मियों की पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करना हमारी प्राथमिकता : बीएम पांडेय

**चार से छह दिसंबर तक होगा रेलवे यूनियन का मतदान**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संपूर्ण भारत के 17 रेलवे जोनों में चार दिसंबर से यूनियनों की मान्यता के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो रही है, जो छह दिसंबर तक चलेगी। हाजीपुर जोन के अंतर्गत आने वाली छह यूनियनों के लिए यह चुनाव महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सभी यूनियन अपने पक्ष में मतदाताओं का समर्थन जुटाने में लगी हुई हैं।

ईसीआरएमसी (ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस) के संयुक्त महासचिव और टीटीई इंस्पेक्टर बीएम पांडेय ने कहा कि उनकी यूनियन की सर्वोच्च प्राथमिकता रेलकर्मियों की पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) को बहाल कराना है। पांडेय ने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम लागू होने से रेलकर्मियों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और उनका मनोबल ऊंचा होगा।

बीएम पांडेय ने कहा कि पिछले 17 वर्षों से सत्ता में रहने वाली यूनियन ने रेलकर्मियों के हितों की अनदेखी की है, जिससे उनके प्रति कर्मियों का विश्वास कम हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस यूनियन ने कर्मियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी यूनियन रेलवे के निजीकरण के खिलाफ संघर्ष करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पांडेय ने स्पष्ट किया कीवहम रेलकर्मियों के अधिकारों और उनके हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेंगे।

चुनाव प्रक्रिया पर बात करते हुए बीएम पांडेय ने बताया कि यूनियन को मान्यता पाने के लिए कुल मतों का कम से कम 35% समर्थन मिलना जरूरी है। साथ ही, किसी भी यूनियन को 50% से अधिक वोट मिलने पर वह पीएनएम (परमानेंट नेगोशिएशन मैकेनिज्म) की बैठकों में भाग लेने की पात्र होगी। उन्होंने सभी रेलकर्मियों से ईसीआरएमसी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य रेलकर्मियों के हक और अधिकारों के लिए मजबूती से लड़ाई लड़ना है।

## न्यूज बॉक्स

### दिव्यांगजनों को मिली व्हीलचेयर और योजनाओं का आश्वासन




**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला प्रशासन और जिला समाज कल्याण शाखा ने दिव्यांगता दिवस सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन (टाउन हॉल) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर एसडीओ सुलोचना मीणा और विशिष्ट अतिथि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान शामिल रहीं। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रतिनिधित्व अधिवक्ता अमिताभ चंद्र सिंह ने किया। अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक और दिव्यांग संघ के संरक्षक पवन कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर पूरे पलामू जिले से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित हुए। दिव्यांग संघ के प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार ने सभी दिव्यांगजनों को संगठित रहने की अपील की और दिव्यांग आवासीय विद्यालय को पुनः खोलने की मांग की। इस पर पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगें उपायुक्त के माध्यम से सरकार तक पहुंचाई जाएंगी और शीघ्र पूरा किया जाएगा। मुख्य अतिथि एसडीओ सुलोचना मीणा ने कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों के बीच एक दर्जन व्हीलचेयर का वितरण किया। वहीं, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि भविष्य में सरकारी योजनाओं को दिव्यांगजनों तक आसानी से पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन शामिल हुए और उन्होंने अपनी समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए।

### एनपीयू में 2021-23 सत्र का सेमेस्टर परीक्षा शुरू

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय अंतर्गत 2021-23 सत्र का सेमेस्टर 4 का परीक्षा कार्यक्रम शुरू हो चुका है। इस परीक्षा में हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, और इस दौरान परीक्षा में दुराचार को रोकने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्रों में छात्रों की निगरानी के लिए जहां शिक्षक मौजूद थे, वहीं सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक डॉ. श्रवण कुमार जनता शिवरात्रि महाविद्यालय पहुंचे और वहां चल रही विभिन्न परीक्षा हॉल्स में जाकर छात्रों की तलाशी ली। उन्होंने छात्रों से शांतिपूर्वक परीक्षा देने की अपील की और चेतावनी दी कि किसी भी तरह की नकल करने वालों को सख्त सजा दी जाएगी और ऐसे छात्रों को रस्टिकेट कर दिया जाएगा। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र पांडे ने बताया कि कई छात्रों के एडमिट कार्ड पर सिग्नेचर नहीं थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले परीक्षा में यदि किसी छात्र के एडमिट कार्ड पर सिग्नेचर नहीं होगा, तो उसे किसी भी हालत में परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### नावा प्रखंड में संविधान रक्षक अभियान चलाया

**मेदिनीनगर।** नावा प्रखंड में मंगलवार को संविधान रक्षक अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' से शुरू हुई केंद्र सरकार की राजनीति अब 'बटोगे तो कटोगे' तक पहुँच गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर संविधान द्वारा सभी को दिए गए समान अवसरों और अधिकारों को समझें और फैलाएं। पाठक ने कहा कि भारत का संविधान ही इस देश की सुंदरता है, जिसे भाजपा और आरएसएस खत्म करना चाहते हैं। उनका उद्देश्य संविधान को बदलकर मनुस्मृति लागू करना है, जो इस देश की विविधता और समानता के खिलाफ है। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी जैसे नेता इस देश में मोहब्बत की दुकान खोलने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि भाजपा और आरएसएस नफरत की राजनीति कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम ने की। इस सभा में जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, शमीम अहमद, अशोक सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पलामू के तत्वावधान में भारत के पहले राष्ट्रपति और देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयन्ती बड़े श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस अवसर पर महासभा के सदस्यों ने प्रातः काल में डालटनगंज स्थित छह मुहान क्षेत्र में देशरत्न की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।संध्याकाल में, प्रतिमा स्थल पर मोमबत्तियाँ जलाकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद को याद किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कमल किशोर, महासचिव लाल बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष अमर कुमार सहाय, संगठन मंत्री संजय शरण, वैवाहिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रविशंकर कुमार सिंहा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राकेश कुमार सिंहा, प्रचार सचिव विनय कुमार सिंहा, प्रदेश सचिव अरुणजय नारायण सिंहा, प्रदेश सचिव स्नेह रंजन श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अविनाश वर्मा, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंहा, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीना किशोर, वरिष्ठ सदस्य गोपाल प्रसाद सिंहा, पूर्व उप महापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम डॉ. राजेंद्र प्रसाद के योगदान और उनके महान कार्यों को याद करने का एक अवसर था।

## पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए सघन विचार-विमर्श

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को जिला यक्ष्मा कार्यालय सभागार में डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए सघन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिले के सभी पंचायतों का डेटाबेस तैयार कर उसे अंतिम रूप दिया गया। इस पहल का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के लिए एक व्यवस्थित और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना है। बैठक के दौरान, हुसैनाबाद स्थित आईसीडीसी के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रभारी शशि रंजन सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें मेडल और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि पंचायत स्तर पर जागरूकता फैलाकर टीबी के खिलाफ लड़ाई को मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम में अधिकारियों ने पंचायत स्तर पर टीबी की रोकथाम के लिए सामुदायिक भागीदारी और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी पंचायतों में प्रभावी जागरूकता अभियान और नियमित स्वास्थ्य जांच के आयोजन का निर्णय लिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत, 40 हजार से अधिक मामलों के निपटारे का लक्ष्य



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इस वर्ष का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें 40,000 से अधिक मामलों के निपटारे का लक्ष्य रखा गया है। इसमें 3,500 कोर्ट में लंबित और 37,000 प्री-लिटिगेशन के मामले शामिल हैं। यह जानकारी मंगलवार को पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकार वार्ता में दी।

**मेडिएशन ड्राइव 9 से 13 दिसंबर तक :** उन्होंने बताया कि पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए 9 से 13 दिसंबर तक विशेष मेडिएशन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सुलह प्रक्रिया के जरिए अधिक से अधिक मामलों का समाधान सुनिश्चित करना है।

**लोक अदालत के लिए 13 पीठों का गठन :** राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 13 पीठों का गठन किया गया है। इनमें से एक हुसैनाबाद अनुमंडल और एक छतरपुर अनुमंडल में स्थापित की गई है।

### इन मामलों का होगा समाधान

**राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी और दीवानी मामले :** विवाहोत्तर प्रताड़ना और पारिवारिक विवाद, ट्रैफिक चालान, बिजली बिल विवाद, और मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा, बैंक और नॉन-बैंकिंग संस्थानों के ऋण विवाद,भूमि अधिग्रहण, राजस्व, और श्रम कानून से जुड़े मामले, उपभोक्ता फोरम, उत्पाद विभाग, और वन विभाग के विवाद आदि शामिल हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पक्षकारों से अपील की है कि वे लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का त्वरित समाधान कराएं। उन्होंने लोक अदालत को त्वरित न्याय का एक सशक्त मंच बताते हुए कहा कि यहां मामलों का निस्तारण आपसी सहमति से होता है, जिससे पक्षकारों के बीच लंबे समय तक चलने वाले मनमुटाव समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विवादों का निपटारा तेजी से किया जाता है। इससे समय और संसाधनों की बचत होती है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, सीजेएम आनंद सिंह, रजिस्ट्रार कमल प्रकाश, रेलवे जेएम प्रगेश निगम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कचरवा डैम शिलान्यास के 5 महीने बाद भी जीर्णोद्धार कार्य में नहीं हुई प्रगति



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत कचरवा डैम के जीर्णोद्धार कार्य में 5 महीने बाद भी कोई खास प्रगति नहीं हुई है। जुलाई में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा शिलान्यास किए जाने के बाद नगर निगम वासियों को इस योजना से काफी उम्मीदें थीं। प्रारंभ में काम शुरू हुआ था, लेकिन जलस्तर में वृद्धि और बारिश के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। कचरवा डैम के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के लिए 9.75 करोड़ रुपये की लागत निर्धारित की गई है। इस परियोजना के तहत 60 एकड़ क्षेत्र में डैम का सुधार किया जाएगा, जिसमें पार्क निर्माण, पर्यटकों के लिए पाथ और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाएगी। स्थानीय दुकानदारों को भी इससे लाभ होने की संभावना है, क्योंकि डैम का सौंदर्यीकरण पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

नगर निगम आयुक्त जावेद अहमद ने बताया कि इस वर्ष अधिक बारिश के कारण डैम में पानी भर गया है, जिससे निर्माण कार्य संभव नहीं हो पा रहा है। हालांकि, अब यह देखना होगा कि आगामी 13 महीनों में इस परियोजना को पूरा किया जा सकेगा या नहीं।

# डीसी ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की

**योजनाओं की गुणवत्ता और समय सीमा पर फोकस**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय में तकनीकी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों की चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी भी जाहिर की गई। बैठक के दौरान डीसी ने विद्युत विभाग के कामकाज का जायजा लिया। उन्होंने ट्रांसफार्मरों की समय पर मरम्मत और बिजली बिल माफी योजना की प्रगति पर चर्चा की। वहीं, पेयजल और स्वच्छता विभाग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी योजनाएं तय समय में पूरी हों। शौचालय निर्माण और अन्य विकास कार्यों पर भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं में भूमि उपलब्धता की समस्याओं को उठाया। इस पर डीसी ने संबंधित अभियंताओं को 5 दिसंबर को होने वाली बैठक में पूरी रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भूमि विवादों का समाधान अंचल अधिकारियों के साथ मिलकर किया जाएगा, जिससे रुकी हुई योजनाओं पर जल्द से जल्द काम शुरू हो सके।

बैठक में पुरानी और जर्जर इमारतों की समस्या पर भी चर्चा हुई। डीसी ने ऐसी इमारतों की सूची बनाने और उप विकास आयुक्त को सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जर्जर इमारतों को गिराने और अन्य निर्माण कार्यों के लिए जिला परिषद के माध्यम से जेसीबी मशीन खरीदी जाएगी। जेसीबी को जरूरतमंदों को किराए पर भी दिया जा सकता है, जिससे उसकी परिचालन लागत पूरी हो सके। डीसी ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय और तालमेल के साथ काम करने पर जोर दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता भी मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में सनातनियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकाली

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे लगातार अत्याचारों के विरोध में आज गायत्री मंदिर सुदना से साहित्य समाज चौक, राजेंद्र प्रसाद चौक होते हुए कचहरी परिसर तक एक जन आक्रोश रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों लोग शामिल हुए और 'बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो' तथा 'इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्णदास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करो' जैसे नारे लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक गोपाल जी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा मठों, मंदिरों और गुरुद्वारों को नष्ट किया जा रहा है और महिलाओं पर अमानवीय अत्याचार किए जा रहे हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि बांग्लादेशी हिंदुओं के अधिकारों के लिए उठाई गई आवाज को दबाने के लिए उन्हें और अधिक अत्याचारों का सामना करना पड़ रहा है।

इस अवसर पर जिला संघ चालक दिनेश कश्यप, पाकी विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, और अन्य कई प्रमुख नेता और समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभा का संचालन नवीन कुमार सहाय ने किया।

# तोलरा के दो घरो में चोरी, लाखों का सामान चुरा ले गए चोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव में सोमवार की रात दो घरों चोरी की घटना है। तोलरा गांव निवासी रविरंजन तिवारी ने बताया कि अपने घर में ही सोए हुए थे। रात्रि में ताला तोड़कर चोर सात लाख के सोने का गहना और एक लाख रुपए नकद चुरा ले गए। सुबह जब वे जगे तो ताला टूटा देखा। घर को देखने पर पता चला कि मां, पत्नी व छोटे भाई की पत्नी का सारा सामान गायब था। दूसरी चोरी की घटना सेवानिवृत रेलकर्मी नागेंद्र चंद्रवंशी के घर की है। श्री चंद्रवंशी ने बताया कि उनका एक नया घर बेलचांपा में बना है, जिसका सोमवार को गृहप्रवेश था। रात में पूरे परिवार के साथ वहीं रुक गया,जबकि तोलरा वाले घर में ताला लगा हुआ था। जिसे तोड़कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। भुक्तभोगी परिवार की मालकिन मंजू देवी की मानें तो चोर सोना, चांदी की जेवर और नकद सहित 32 लाख का सामान चुरा ले गए हैं। इस संबंध में दोनों पीड़ित परिवार ने रेहला थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि अभी अवकाश पर बाहर हैं,लेकिन स्थल निरीक्षण में गए पुलिस पदाधिकारियों के अनुसार दोनों घटनाओं को मिलकर ज्यादा से ज्यादा पांच लाख तक की चोरी हुई होगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में युवक घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-केतार मुख्य पथ पर आसना बांध के समीप एक हादसे में केतार थाना क्षेत्र के खैरवा गांव निवासी हरी सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक सड़क पर अचानक एक बकरी से टकरा गई, जिससे वह गिरकर गंभीर चोटिल हो गए। घायल अवस्था में पजिनों ने उन्हें भवनाथपुर सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक डॉ एस. कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। बताया गया कि हरी सोनी भवनाथपुर के कर्पूरी चौक के पास किराए के मकान में रहते हैं, और फेरी का काम करते हैं। मंगलवार को वह अपनी बाइक से गांव खैरवा जा रहे थे, तभी आसना बांध के पास यह हादसा हो गया।

# मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

▶ **छात्रों को कम से कम आठ घंटे पढ़ाई करने की सलाह**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय, साहित्य समाज चौक पलामू में एक करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करना था, जो संघ लोक सेवा आयोग, झारखंड लोक सेवा आयोग, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी और बैंकिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा थीं, जिन्होंने अपने अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया। सुलोचना मीणा ने बताया कि उन्होंने कैसे यूपीएससी की तैयारी की और किन-किन तरीकों का पालन किया। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों के सवालों का जवाब दिया और उनके संदेहों को दूर किया। उन्होंने छात्रों को यह सुझाव दिया कि वे अपनी परीक्षा की तैयारी के दौरान आने वाली बाधाओं को कैसे पार करें। इसके अलावा, सुलोचना मीणा ने छात्रों को कम से कम आठ घंटे पढ़ाई करने की सलाह दी और यह भी बताया कि वे पुस्तकें, नोट्स और शिक्षकों का सहारा लेकर पढ़ाई को और प्रभावी बना सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को सोशल मीडिया से दूर रहकर अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। इस करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन पुस्तकालय अध्यक्ष मंजीत सिन्हा की देखरेख में किया गया।

# पावर प्लांट व डोमनी बराज पर काम शुरू करें सरकारः आजसू



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि 2009 में झारखंड सरकार ने भवनाथपुर में पावर प्लांट और डोमनी बराज परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी, लेकिन आज तक कोई प्रगति नहीं हुई। गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव ने 2014 से 2019 तक बीजेपी सरकार में और बाद में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में रहने के बावजूद इन परियोजनाओं को आगे नहीं बढ़ाया। उन्होंने कहा कि विधायक बार-बार यह कहकर जनता को भ्रमित करते रहे कि वह विधायक नहीं थे, इसलिए काम नहीं हो पाया। उन्होंने मांग की कि अब जब विधायक और सरकार दोनों उनके पक्ष में हैं, तो इन परियोजनाओं पर तुरंत काम शुरू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर जल्द काम शुरू नहीं हुआ, तो आजसू पार्टी प्रदेश स्तर पर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि पावर प्लांट से क्षेत्र के नौजवानों को रोजगार दिया जाए, ताकि वह पलायन करने को मजबूर न हों। इंडिया गठबंधन को जनता के समर्थन का स्वागत करते हुए उन्होंने जन समस्याओं को हल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज दबाई नहीं जा सकती और आजसू पार्टी लगातार आंदोलन जारी रखेगी।

## बुजुर्गो ने सरकार से 2500 रू वृद्धा पेंशन देने की मांग की

**केतार।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में महिलाओं को 2500 रू दिसंबर माह से देने के निर्णय के बाद केतार प्रखंड के वृद्धा पेंशनधारकों ने पेंशन की राशि बढ़ाने की मांग की है। वृद्धों का कहना है कि उन्हें अब तक मात्र एक हजार रुपए पेंशन मिल रही है। इसे भी 2500 रू करना चाहिए। वृद्ध गौरी साह, चंद्रिका ठाकुर,माया कुंवर, यशोदा देवी, महेंद्र सिंह, अरूण सिंह, राजेन्द्र राम, पचिया देवी , सागर साह , रामदेव चौबे, गौरी कुंवर,रजीया कुंवर, सुगिया कुंवर ने कहा की 18-25 वर्ष की महिलाओं को 2500 रू मिलेगी पर बुजुर्गों को मात्र एक हजार रुपए पेंशन देना गलत है। बुजुर्गो ने कहा की हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव में घोषणा किया था की वृद्धा पेंशन की राशि भी 2500 रू की जायेगी। अब सरकार को चाहिए की पेंशन की राशि बढाई जाये। बुजुर्गो ने कहा की इस मंहगाई में एक हजार रू पेंशन से बुनियादी जरूरत भी पुरी नहीं हो सकती है। वृद्धा अवस्था में वे लोग कुछ भी करने में असमर्थ हैं।

# पांच दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारत स्काउट और गाइड पलामू द्वारा आयोजित तृतीय सौपान स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। यह पाँच दिवसीय शिविर 29 नवंबर से 3 दिसंबर 2024 तक स्काउट भवन परिसर में आयोजित किया गया था। शिविर के समापन समारोह में सोमवार शाम को ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश देव थे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्याम बाबू, शिक्षक संघ के सतीश कुमार दुबे, आलोक तिवारी और पूर्व स्काउट मास्टर रमेश सिंह ने संयुक्त रूप से कैंप फायर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में स्काउट एंड गाइड के राज्य संगठन आयुक्त अमोद कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्काउट स्कार्फ पहनाया और संबोधित किया। शिविर के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि अविनाश देव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट और गाइड सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से चलना चाहिए, क्योंकि यह छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के अंतिम दिन स्काउट और गाइड ने व्यायाम, सफाई, निरीक्षण, झंडोत्तोलन और टेन्ट पिचिंग के साथ-साथ गजट भी बनाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील कुमार यादव, अमित कुमार झा, ओमप्रकाश कुमार, विवेक सिंह, सोनू शर्मा, प्रशांत कुमार, प्रिंस देव सिंह और श्रुति मिश्रा ने भरपूर सहयोग किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे सोनू कुमार पांडेय ने प्रस्तुत किया।

# एंटी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** एंटी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर मंगलवार को चिनियां पुलिस थाना चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। बताते चले कि वाहन चेकिंग अभियान गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चिनियां थाना चौक पर चलाया गया। संतोष कुमार सिंह,व रामकुमार तिवारी के नेतृत्व मे एंटी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर सड़क पर आवाजाही कर रहे दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक कागजातों की, डिक्की खुलवा कर जांच की गई। हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को आगे से हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा व एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहन कर ही बाइक चलाएं।

# वाहन चेकिंग में 85,750 रुपये का फाइन वसूला गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर के सदीक चौक (सुभाष चंद्र बोस चौक) और कोयल नदी पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया और दोपहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई। कई वाहन चालक बगैर हेलमेट, बिना लाइसेंस और ट्रिपल लोड वाहन चलाते हुए पकड़े गए। इन वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। इस अभियान में 13 दोपहिया मोटरसाइकिलों को जब्त कर उन्हें व्यवहार न्यायालय मेदिनीनगर भेजा गया। मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय पलामू द्वारा 17 ई रिक्शा टेंपो पर कुल 27,750 रुपये का फाइन वसूला गया, जबकि व्यवहार न्यायालय पलामू से 17 दोपहिया मोटरसाइकिलों का चलान वसूलने के रूप में 58,000 रुपये का फाइन आया। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि पुलिस का वाहन जांच अभियान प्रतिदिन शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर चलाया जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय अपने पास सभी कागजात रखें और सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट का उपयोग करें। यह न केवल उनकी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि फाइन से बचने के लिए भी जरूरी है।

## डीलरों पर कम राशन देने का आरोप

**खरौंधी।** मंगलवार को फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार गुप्ता ने प्रखंड में राशन वितरण व्यवस्था में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी रवींद्र कुमार से शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने मांग की कि डीलरों द्वारा यूनिट के अनुसार राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए और दोषी डीलरों पर उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंनने शिकायती आवेदन में बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रखंड भ्रमण के समय राशन कार्ड धारकों ने शिकायत की थी कि उन्हें यूनिट के अनुसार पूरा राशन नहीं दिया जा रहा है। इस मामले पर प्रखंड प्रखंड विकास पदाधिकारी रवींद्र कुमार ने कहा कि शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जीवन व उपलब्धियों से प्रेरणा लेंः निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** एसडी मेमोरियल एकेडमी मे मंगलवार को स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा डॉ.राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद विद्यार्थी जीवन में काफी मेधावी थे, जिनके लिए परीक्षा की कॉपी जांच करने के क्रम में उनकी कॉपी में लिखा गया था एकजामिनी इस बेटर देप एग्जामिनर इसलिए हर विद्यार्थी को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन तथा संविधान निर्माण में उनकी भूमिका एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति के कार्यकाल पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि जयंती मनाने की सार्थकता तभी है जब विद्यार्थी एवं शिक्षक डॉ राजेंद्र प्रसाद की जीवनी एवं उनकी उपलब्धियां से प्रेरणा ले। मौके पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के रितेश चौबे ने स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जीवनी व उनकी उपलब्धियां पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार, शिक्षक मृत्युंजय पांडेय, ने भी डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जीवनी व स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका व सादगी पूर्ण जीवन से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अलावा शिक्षक अमरेंद्र कुमार मिश्र, जयप्रकाश पांडे, गौतम कुमार, अजय कुमार सिंह, देव कीर्ति टोप्पो, अनिमा कुजूर, निशा सिंह, अंशु कुमारी, नसरीन आदि मौजूद थे।

# कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में साइंस ओलंपियाड परीक्षा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची रोड स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में मंगलवार को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित साइंस ओलंपियाड परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विद्यालय के कई उत्साही विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया। विद्यालय प्राचार्य ई. नंद किशोर भारती ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाएं बच्चों की बौद्धिक और मानसिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड का भी आयोजन किया



जाएगा। प्राचार्य ने इस अवसर पर बताया कि पूर्व में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय कोऑर्डिनेटर काजल कुमारी और ओलंपियाड कोऑर्डिनेटर सब्या सिंह ने परीक्षा के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करता रहेगा। मौके पर कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रशासन से अलाव व्यवस्था कराने की मांग

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में ठंड बढ़ने के कारण लोग परेशान हैं। अभी तक किसी भी चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे खासकर गरीब असहायों को काफी परेशानी हो रही है। ठंड से ठिठुरना पड़ रहा है। सुबह-शाम होते ही लोग चौंक चौराहों पर कंपकंपाते नजर आ रहे हैं। लोगों ने बताया कि अलाव की व्यवस्था होती तो ठंड से लोगों को काफी राहत मिलती। अभी तक सरकारी स्तर से मिलने वाला कंबल भी जरूरतमंदो को नहीं मिला है। बाजार के लोगों ने स्थानीय अंचल प्रशासन से अलाव कि व्यवस्था कराने की मांग किया है। लोगों ने बताया की पूर्व में अंचल कार्यालय द्वारा केतार बाजार के चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जाती थी। लेकिन इस वर्ष अभी तक अलाव का व्यवस्था नहीं किया गया है। केतार बाजार के दुकानदारों और ग्रामीणों ने अलाव की व्यवस्था कराने की मांग किया है।

## भीम आर्मी चीफ का जन्मदिवस मनाया

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड अतंर्गत आजनवन खेल मैदान में नगीना लोक सभा सांसद सह भीम भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद रावण का भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने जन्मदिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिवस पर सर्वप्रथम डॉ. भीम राव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद केक काटकर बधाई देते हुए लंबी आयु की कामना की। चंद्रशेखर आजाद रावण 38 वर्ष के हो चुके हैं। भीम आर्मी के उंटारी रोड के कार्यकर्ताओं ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में भीम आर्मी कार्यकर्ता हर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद शोषित और निराश्रित लोगों के हक के लिए संघर्ष करने के लिए हर समय तैयार रहते हैं।

**दुर्घटना**

## ग्रामीणों की सहायता से सुरक्षित बचे लोग

# कार पेड़ से टकराई, सभी घायल अस्पताल में भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के सलगा लंगोटिया बाबा देव स्थल के समीप मंगलवार सुबह एक बारात से लौट रही कार पेड़ से टकरा गई। यह घटना कांडी थाना क्षेत्र के बहेरवा गांव से लौटने के दौरान हुई। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। ग्रामीणों की मदद से सवारों को कार से बाहर निकाला गया और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे के स्थान पर 11,000 वोल्ट का बिजली तार मौजूद था, जिसे विद्युत विभाग ने तुरंत लाइन काटकर सुरक्षित किया। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि कार पेड़ से टकराने के दौरान एयरबैग खुल गया, जिससे सवारों को केवल मामूली चोटें आईं। कार पलामू जिले की बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक क्षतिग्रस्त कार घटनास्थल पर ही पड़ी थी।




**यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पो जादुगोड़ा माइंस, जिला सिंहभूम (पूर्व), झारखंड 832102
वेबसाइट : www.uraniumcorp.in

विज्ञापन नं. : 10/2024

**प्रवेश साक्षात्कार**

यूसीआईएल, परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, शुरूआत में 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर चिकित्सा अधिकारी की भर्ती करने का इरादा रखता है और आवश्यकता और उपयुक्तता के अधीन विस्तार के प्रबंधन द्वारा इसकी समीक्षा की जा सकती है। पात्रता मानदंड इस प्रकार हैंः-

| योग्यता एवं अनुभव | पदों की संख्या | 20.12.2024 तक का अनुभव | समेकित मासिक पारिश्रमिक | आयु सीमा 20.12.2024 तक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिष्ठित अस्पताल में प्रासंगिक अनुभव के साथ भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस। संबंधित क्षेत्र में पीजी डिग्री एक अतिरिक्त लाभ होगी। एएफआईएच योग्यता वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। | 01 (अनारक्षित) (अंदाजन) | अनुभव 02 वर्ष और उससे अधिक लेकिन 05 वर्ष से कम | रु. 76000/- प्रति माह | 65 वर्ष से कम आयु में छूट शामिल है | रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और कंपनी की आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया जा सकता है |
| | | अनुभव 05 वर्ष और उससे अधिक परंतु 09 वर्ष से कम | रु.95000/- प्रति माह | | |
| | | अनुभव 09 वर्ष और उससे अधिक | रु.114000/- प्रति माह | | |

पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए 20.12.2024 (शुक्रवार) को सुबह 09.30 बजे नए प्रशासनिक भवन - यूसीआईएल जादूगोड़ा में ऊपर उल्लिखित पते पर आ सकते हैं। उम्मीदवारों को एक पासपोर्ट आकार का हालिया फोटो, सभी मूल प्रमाण पत्र और प्रशंसापत्र लाना होगा। उनकी योग्यता, अनुभव आदि के समर्थन में और सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की फोटोकॉपी के एक सेट के साथ अद्यतन बायोडाटा। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा। यूसीआईएल हाउसिंग कॉलोनी में शुल्क के आधार पर उपलब्धता के आधार पर आवास प्रदान किया जा सकता है। विज्ञापन और आवेदन प्रारूप हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.uraniumcorp.in पर भी उपलब्ध हैंः

सीबीसी-48134/12/0042/2425

# जिला परिषद की टीम ने कई योजनाओं का किया निरीक्षण, अनियमितता मिली

**विद्यालय में उपस्थित बच्चे 10 और रजिस्टर में 15 दर्शाया गया था**



नवीन मेल संवाददाता

**हेरहंज।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उपाध्यक्ष अनिता देवी ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित कई योजनाओं व विद्यालय का किया निरीक्षण। निरीक्षण के क्रम में खपिया से सेरनदाग तक चल रहे सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने का मामला सामने आया। निरीक्षण में पाया कि सड़क का किनारा व बीच में कई जगहों पर टूट गया है। अध्यक्ष ने बताया कि सड़क निर्माण व पुल निर्माण में अनियमितता बरती गई है। विभाग द्वारा सही तरीके से जांच नही करना व लापरवाही बरतना यह साफ तरीके से दिख रहा है। इसके बाद जिला परिषद टीम मध्य विद्यालय केंडु का निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि 15 बच्चों का उपस्थिति बनाया गया है और 10 बच्चे उपस्थित थे। साथ ही मध्यान भोजन में भी गड़बड़ी देखने को मिला। जांच के क्रम में रसोईघर में दाल के बोरी में कीड़ा लगा ढ़ेला मिला। झारखंड सरकार खाद्य आपूर्ति विभाग से मिलने वाला नमक मिला। जांच के क्रम में पाया कि मध्याह्न भोजन लकड़ी से बनाया जाता है। गैस का उपयोग नही होता है। मध्य विद्यालय खपिया में भी 2 बजे तक बच्चों का उपस्थिति पंजी में उपस्थिति नहीं बनाया गया था। जिप अध्यक्ष ने बताया कि इससे साफ जाहिर होता है कि प्रधानाध्यापक फर्जी हाजरी बनाकर मध्याह्न भोजन का पैसों का बन्दरबांट करते हैं। बच्चों से पूछने के क्रम में पता चला कि अंडा के जगह बच्चों को बिस्कुट दिया जाता है। लातेहार जिला परिषद की टीम उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बिदिर पहुंची। वहां विद्यालय चाहरदीवारी निर्माण कार्य चल रहा था। निरीक्षण के क्रम में अनियमितता देखने को मिला। निर्माण कार्य मे बांगुर सीमेंट का उपयोग, घटिया किस्म का बंगला भट्टे का ईंट,पीलर में लगभग डेढ़ फीट में रिंग बांधा जा रहा था। इसे देख जिप अध्यक्ष ने नाराजगी जताई। जिला परिषद सदस्य की टीम प्रखंड कार्यालय हेरहंज पहुंची। वहां बीडीओ अमित कुमार से मुलाकात कर सभी मामलों से अवगत कराया। जिप अध्यक्ष ने बीडीओ से सभी स्टॉफ व योजनाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही बीडीओ से कहा कि शिक्षा विभाग में लापरवाही बरती जा रही है, इसका मॉनिटरिंग वह स्वयं से करें। मौके पर लातेहार जिप सदस्य विनोद उरांव, बालूमाथ पूर्वी जिप सदस्या प्रियंका कुमारी, हेरहंज जिप सदस्या चंचला देवी,शिवनाथ रजक उपस्थित थे।

## निरीक्षण में अस्पताल भवन निर्माण में अनियमितता मिली



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय कैंपस के अंदर करोड़ के लागत से बन रहे अस्पताल भवन का मंगलवार को जिला परिषदों की टीम ने औचक निरीक्षण कर भवन निर्माण कार्य में अनियमिता पाया। भवन निरीक्षण में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव प्रियंका देवी,जीरा देवी ,रमेश राम आदि शामिल रहे। जिन्होंने अस्पताल भवन के निर्माण कार्य पर लगाए जा रहे मटेरियल पर सवाल उठाते हुए कहा कि बालू, ईंट व सीमेंट की गुणवत्ता खराब है। इस तरह का बांग्ला भट्ट का ईंटा, मिट्टी युक्त बालू और अच्छा गुणवत्ता वाले सीमेंट उपयोग नहीं होने से भवन निर्माण मजबूत नहीं हो रहा है। निर्माण कार्य का जांच की मांग की। वहीं जिला परिषदों ने पास में स्थित प्रखंड सह अंचल आवास निर्माण का भी जायजा लिया।

# न्यूज बॉक्स

## दो से तीन दिनों तक बाधित रहेगी पेयजल आपूर्ति

**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र के डुरूआ इलाके में पेयजल आपूर्ति सेवा अगले दो से तीन दिनों तक बाधित रहेगा। इस आशय की जानकारी नगर पंचायत के कनीय अभियंता अमीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि नवरंग चौक से आगे रेलवे फाटक के पास रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कराया जा रहा है। ओवर ब्रिज निर्माण के दौरान पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइप लाइन फट गई है। इसकी मरम्मती कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मरम्मति कार्य में दो से तीन दिन का समय लग सकता है। इस कारण लातेहार स्टेशन, डुरूआ इलाके में अगले दो से तीन दिनों तक पेयजल आपूर्ति सेवा बाधित रहेगी।

## एक साल से हाईमास्ट लाइट खराब



**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी द्वारा मिश्रोल बाजार टांड में लगाया गया हाईमास्ट लाइट रिपेयर नहीं होने के कारण पिछले एक साल से खराब है। ग्रामीणों की माने तो बिजली गुल होते ही पूरे चौक पर अंधेरा छा जाता है, जिससे सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। संवेदक द्वारा घटिया सामग्री लगाकर खानापूर्ति किये जाने का आरोप लगाते हुए बताया गया कि महज चंद दिनों में ही यह खराब हो गया। दूसरी ओर अंधेरा होते ही बाजार टांड में नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। लोगों ने संबंधित विभाग से समुचित संज्ञान लेने की मांग की है।

## बंदर के हमले से बच्ची घायल

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र स्थित जोगियाडीह मिशन स्कूल के पास बंदर के हमले से एक बच्ची घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घायल बच्ची अरुणा कुमारी 6 वर्ष पिता राजकिशोर उरांव, हेरहंज निवासी को घर में मंगलवार शाम 4 बजे एक बंदर ने हमला कर दिया। इससे बच्ची घायल हो गई। परिजनों की मदद से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराय गया। वहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने घायल बच्ची का प्राथमिक उपचार किया।

## लंबित योजनाओ को शीघ्र ही पूरा करें : बीडीओ



**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मंलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मनरेगा योजना अंतर्गत 2021-22 व उससे पूर्व के सभी लंबित योजनाओं को बंद करने का निर्देश दिया गया। रिजेक्ट एफटीओ को री-एफटीओ करने का निर्देश दिया गया। आम बगवानी योजनाओ में चारों तरफ घेराव करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सिंचाई कूप योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत 2016-17 से 2023-24 तक 11 आवास लंबित है, जिसे सभी लाभुक को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना मे 445 लाभुकों के बैंक खाता में राशि भेज दिया गया। लाभुकों से मिलकर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। 178 लाभुक के बैंक खाता में एक-एक लाख रुपया छत ढलाई करने के लिए भेजा गया है, जिसे सभी लाभुक को जल्द ही ढ़लाई करने कि निर्देश दिया गया। 2024-25 में 584 लाभों को पहली किस्त का राशि भेज दिया गया है, जो अभी तक कार्य को शुरू नहीं किए हैं। उन्हें अविलंब कार्य शुरू करने की बात कही। पीएम आवास योजना 2024-25 में 131 लाभुकों के खाता में प्रथम किस्त की राशि भेजी गई है। उन्हें भी कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पर बीपीओ केतन गुप्ता,रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव, राहुल कुमार, सुजीत सिंह, लेखा सहायक रवि यादव साहितऑपरेटर सहित कई प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## विद्यालय पहुंचे बीडीओ, दिए निर्देश

**सिमरिया (चतरा)।** मंगलवार को सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के मनातूगांव में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनातू का प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद पहुंचे। इस दौरान बीडीओ ने व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। बताया गया कि विद्यालय में 1 सरकारी शिक्षक व 4 सहायक अध्यापक पदस्थापित हैं। विद्यालय में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक में कुल 173 विद्यार्थी नामांकित हैं। जिसमें 88 विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी में संधारित पाई गई। बीडीओ ने कक्षा में उपस्थित सभी विद्यार्थियों से पठन-पाठन की जानकारी लेने के साथ संचालित मध्याह्न भोजन का निरीक्षण किया। शिक्षिका कुमारी साहनी द्वारा 23 अगस्त 2024 को विद्यालय में योगदान समर्पित किया गया है। परंतु अभी तक वर्तमान प्रभारी गोपाल साहू से प्रभार का आदान-प्रदान नहीं किया गया। दोनों शिक्षकों को इस सबंध में स्पष्टीकरण किया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सिमरिया को निर्देश दिया गया है कि 72 घंटे के अंदर प्रभार का आदान-प्रदान कराते हुए प्रतिवेदित करना सुनिश्चित करेंगे।

## समेकित पोषक तत्व विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को समेकित पोषक तत्व विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केंद्र लातेहार के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान महेश चंद्र जेरई, डॉ. अरविंद मिश्रा, वरीय वैज्ञानिक, वैज्ञानिक प्रसार डॉक्टर एस कुमार वैज्ञानिक उद्यान डॉक्टर आरती विना इक्का, वैज्ञानिक उद्यान प्रखंड सहकारी पदाधिकारी सुमन कुमार सिंह लैंपस पैक्स के अध्यक्ष सचिव कार्यकारिणी सदस्य कृषि विज्ञान केंद्र लातेहार, सहकारिता विभाग के कर्मचारि उपस्थित थे। सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत डॉक्टर अरविंद मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के उद्देश्यों और उनसे होने वाले लाभ से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गया। मौके पर जिला सहकारी पदाधिकारी ने सरकार के उद्देश्य और प्रशिक्षण की महत्ता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने आने वाले कार्यक्रमों से भी प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया, ताकि निर्धारित समय के अनुसार सारे कार्यक्रमों को किया जा सके। मौके पर केंद्र प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक डॉ महेश चंद्र जेराई ने बताया कि प्रशिक्षण 15 दिनों तक चलेगा और उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान कुल 44 विषयों पर विस्तार से चर्चा के साथ प्रयोगिकी व प्रक्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम भी रखा गया है। कार्यक्रम का समापन डॉक्टर एस कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। मंच संचालन डॉक्टर आरती विना इक्का ने किया।

# जेंडर आधारित हिंसा पर चर्चा




नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** लोक प्रेरणा केंद्र के द्वारा मंगलवार को सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित कार्यालय में प्रेस मीडिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुरूआत संस्था की सचिव मौसमी बाखला व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। सम्मेलन में विशेष रुप से जेंडर आधारित हिंसा पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संस्था की सचिव ने जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ (जीएचवी) महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ होने वाली हिंसा पर चर्चा करते हुए कहा कि लिंग के कारण ही हिंसा होती है। यह हिंसा शारीरिक, यौन, मानसिक या आर्थिक रूप में हो सकती है। इसका उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को नियंत्रित करना, उनकी स्वतंत्रता को सीमित करना और उनके अधिकारों का उल्लंघन करना होता है। लिंग भेदभाव, महिलाओं और लड़कियों को कमजोर और कम महत्वपूर्ण माना जाना है। पितृसत्तात्मक समाज पुरुषों का वर्चस्व और महिलाओं का दमन। शिक्षा और जागरूकता की कम महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता की कमी। आर्थिक और सामाजिक असमानता महिलाओं और लड़कियों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति की कमजोरी।

आगे उन्होंने कहा कि जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ लड़ने के लिए लोक प्रेरणा केंद्र महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ कानूनी सहायता प्रदान करेगी। इसके साथ कई महत्वपूर्ण कार्य भी किए जा रहे हैं।

# हाथियों के आंतक से ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल

**जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाये वन विभाग : मुखिया**



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत के माल्हन, केकराही, देवनदिया, मरमर आदि क्षेत्रों में बीते दो दिनों से जंगली हाथियों का विचरण जारी है। हाथियों के विचरण और उनके आतंक से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण भयभीत नजर आ रहे हैं। आपको बता दे कि हाथियों के झुंड ने अब तक दर्जन से अधिक किसानों के धान की फसल को चट करते हुए नष्ट कर दिया हैं। किसान मुखर्जी मुंडा,गुड्डू मुंडा, कामेश्वर मुंडा, झाड़ू मुंडा, विशुन मुंडा, बुधन तुरी, जगतू मुंडा, मनोज मुंडा, फजत तुरी, सुकर मुंडा, बेनिया गंझु, राजेश तुरी आदि दर्जनों किसानों के फसल को हाथी नुकसान पहुंचा चुके हैं। मंगलवार दिन भर ग्रामीण हाथियों को आबादी क्षेत्र से दूर भगाने की कोशिश करते नजर आए। स्थानीय मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने कहा कि माल्हन पंचायत में लगातार हाथियों द्वारा जान माल की क्षति पहुंचाई जा रही है। इसके बावजूद वन विभाग इस पर कोई ठोस पहल नहीं कर पाई है। इस कारण वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में असंतोष पनप रहा है। मुखिया ने वन विभाग से जंगली जानवरों से ग्रामीणों को निजात दिलाने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। उन्होंने वन विभाग के कर्मी को घटनास्थल पर बुलाकर किसानों को सुरक्षा प्रदान करने की बात कही। हाथियों द्वारा पहुंचाए गए क्षति के बदले पीड़ितों को उचित मुआवजा दिया जाये। वन सुरक्षा कर्मी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि ग्रामीणों को हर प्रकार की सुरक्षा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीण वन विभाग से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं और वन विभाग व जिला प्रशासन से हैवी लाइट व टॉर्च की मांग कर रहे हैं।

## वन विभाग पीड़ित परिवार को राशन उपलब्ध कराया

**महुआडांड़।** प्रखंड में शनिवार रात कुरूद गांव के नावाटोली में एक हाथी द्वारा कामिल के घर को ध्वस्त कर घर में रखा जनवितरण से मिलने वाली राशन को चट कर जाने से परिवार समक्ष खाने-पीने की समस्या उत्पन्न हो गई थी। वन विभाग ने पीड़ित परिवार को राशन उपलब्ध कराया है। वनपाल कुंवर गंझू ने कहा कि 10 किलों चावल, दाल, सरसों तेल, आलू दिया गया है। जल्द ही नुकसान का उचित मुआवजा भी दिया जायेगा।

## कारा सुरक्षा समिति की बैठक, उपायुक्त ने दिए निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की आयोजित बैठक में कारा सुरक्षा को लेकर विशेष सर्तकता रखने का निर्देश दिया गया। कारा में रखे गए कैदियों की संख्या, जेल भवन की वर्तमान स्थिति, सीसीटीवी, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी उपायुक्त ने ली। बैठक में उपायुक्त ने मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को हेमशा क्रियाशील रखने का निर्देश दिया। साथ ही कारा सुरक्षा संबंधित अन्य जानकारी ली गई। कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, कारा अधीक्षक लातेहार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# भ्रष्टाचार की भेट चढ़ रही विकास की योजनाएं

**योजना पूर्ण होने के साथ मरम्मति कार्य चालू**



नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार का नमूना मयूरहंड प्रखंड में संचालित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य में देखा जा सकता है। सड़क निर्माण कार्य संबंधित विभागों द्वारा इतनी गुणवत्ता पूर्ण कराई जाती है कि कार्य पूर्ण होने के साथ-साथ सड़क में मरम्मती कार्य भी चालू करना पड़ रहा है। तेतरीया मोड़ से मयूरहंड तक लगभग 18 करोड़ से बनने वाली सड़क बनने के साथ टूटने लगा, जिसे मरम्मती कार्य की जरूरत पड़ गई। इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता क्या होगी? कमोबेश इस तरह की दर्जनों सड़क ऐसी है जो बनने के साथ मरम्मती का बाट जोह रहा है। प्रखंड के आरईओ रोड से दिग्ही तक लगभग 1.1 किलोमीटर कालीकरण सड़क बनने के छह महिने के अंदर जमीन दोज हो गई। विभागीय लापरवाही का खमियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। बावजूद विभाग द्वारा संवेदक को प्राक्कलन के अनुरूप भुगतान कर दी जा रही है। जबकि विभागीए एकरारनामा में सड़क बनने के पांच वर्षों तक संवेदक को सड़क मरम्मती कार्य करना होता है। इसके लिए विभाग प्राक्कलन के अनुरूप राशि जमा रखती है, लेकिन सड़कों की मरम्मती कार्य नही होती है। बावजूद पैसे की निकासी हो जाती है। खुलेआम सरकारी राशि की बंदरबांट की जा रही है। नतीजतन भुगतना आम आवाम को पड़ रहा है। इस संबंध में बात करने पर विभाग कोई भी अधिकारी कुछ भी बताने से बचता रहा।

## डीवीसी यूनियन चुनाव संपन्न छह यूनियनों ने भाग लिया

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के तुबेद कोयला खान मे यूनियन चुनाव 2024 तीन दिसंबर को संपन्न हो गया। चुनाव में छह यूनियनों ने भाग लिया था। चुनाव में मतदाता के रूप में एनसीडब्ल्यू (राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता) के 12 व अन्य कर्मचारियों (डीवीसी) के संघों ने भाग लिया। चुनाव में बतौर नोडल पदाधिकारी डीवीसी के प्रबंधक (मानव संसाधन) रवि प्रकाश तिवारी उपस्थित थे। मौके पर श्रम विभाग के अबू जफर मुख्य रूप से मौजूद थे। चुनाव का निरीक्षण दीपक कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन) द्वारा किया गया। एएसआई एनएन मिश्रा की उपस्थिति में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर अकाउंटेंट संजय कुमार, विमलेश कुमार, ब्रजेश कुमार, डीवीसी के अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# वाहन मालिक ने लगाया कोयला ढुलाई पर रोक

**भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर हाइवा संयोजक मंडली की बैठक**

**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के सेरनदाग स्थित फुटबॉल मैदान में विस्थापित प्रभावित हाइवा संयोजक मंडली की की बैठक मंगलवार को हुई। ट्रांसपोर्टरों द्वारा भाड़ा में कटौती से वाहन मालिकों को पड़ रहे प्रभावों पर विस्तृत समीक्षा के बाद निर्णय लिया गया कि मंगलवार से आम्रपाली परियोजना में आरसीआर मोड़ के कोयले की ढुलाई को पूर्ण रूप से बंद कराया जायेगा। बता दें कि एक माह पूर्व ही वाहन मालिकों ने 3 नवंबर को भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर ट्रांसपोर्टरों, सीसीएल प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन को पत्र सौंपकर अपनी मांग व समस्याओं से अवगत कराया था। पत्र में प्रति टन कोल ढुलाई का निर्धारित भाड़ा वृद्धि की सूची दी गई थी, जिसके अनुसार आम्रपाली से बरकाकाना 800, पतरातू 830, कुजू 750, भुरकुंडा 820, बालेडीह 1020, दुग्धा 1100, मुरी 1050, गोला 870, टोरी 700, बालुमाथ 600, एनटीपीसी 190, राजधर 300, हडगडवा 150 तथा कुशमाही के लिए 640 रुपया निर्धारित किया था। बताया गया कि समुचित पहल नहीं होने से क्षुब्ध होकर वाहन मालिकों ने उक्त निर्णय लिया है। बैठक में संयोजक मंडली के सचिव गणेश साहु, सुरेश साहु, रंजीत कुमार, महावीर साव, सकेन्द्र साव, ईश्वरी कुमार,मोहन कुमार, बसंत कुमार, बिनोद साहू,लाल महतो,दीपक महतो समेत दर्जनों मौजूद थे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**- छात्रों ने बढ़-चढ़ कर लिया भाग**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय लातेहार में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। छात्रों ने कृषि आधारित यातायात सुरक्षा, गणित और संचार का मॉडल कर लोगों को प्रभावित किया। इसके अलावा समय आधारित कृषि प्रणालियां, यातायात सुरक्षा, सोलर सिस्टम व डीप इरीगेशन के कई तरह के मॉडल का प्रदर्शन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की कार्य कुशलता सबों के सामने आती है। विज्ञान प्रदर्शनियां छात्रों में रचनात्मकता को बढ़ाता है। उन्होने कहा कि विज्ञान हमारे जीवन का आधार है। विज्ञान के बिना जीवन अधूरा है। उन्होने छात्रों द्वारा बनाये गये मॉडलों की प्रशंसा की। उप-प्राचार्य प्रदीप कुमार ठाकुर ने भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील छात्रों से की। कहा कि प्रतियोगिता आदि में भाग लेने से स्वयं का मूल्याकंन करने का अवसर प्रदान होता है। मौके पर विज्ञान शिक्षक अरुण कुमार, भौतिक विज्ञान के शिक्षक सुशांत भत्रा, रसायन विज्ञान शिक्षिका रुमिका उरांव, जीव विज्ञान शिक्षक भानू प्रिया व शिक्षक उपस्थित थे। निष्ठा रानी, आकृति कुमारी, संजना कुमारी, आसिम राज मिंज, दीपांजली, बॉबी समेत अन्य छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में भाग लिया।

# वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति पर ध्यान देने की जरूरत : एसडीओ

**धूमधाम से मनाया गया संत जेवियर्स दिवस**



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** जेवियर्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महुआडांड़ के अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा, जेवियर्स प्रोविंशियल फादर विंसेंट हंसदा, फादर बॉब स्लेटीरी, आइक्यूएसी सदस्य मोहम्मद तनवीर संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। प्राचार्य ने मुख्य अतिथियों को शॉल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। जेवियर दिवस के कार्यक्रम को कॉलेज एंथम व स्वागत गीत से आगे बढ़ाया गया। विद्यार्थियों ने प्रार्थना नृत्य के माध्यम से परमात्मा, ईश्वर यीशु से कॉलेज के अग्रिम उपलब्धि की कामना की। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रार्थना नृत्य, एकल नृत्य, बॉलीवुड नृत्य, वेस्टर्न नृत्य, नागपुरी, सादरी नृत्य, साउथ इंडियन नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। मौके परअनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने कहा कि इस कॉलेज ने महुआडांड़ में ज्ञान का दीप जलाने का काम किया है। आज हमें ऐसी शिक्षा प्राप्त करने की जरूरत है जहां हमें नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि दूसरों को नौकरी देने वाला बन सकें। उन्होंने कहा कि मात्रात्मक शिक्षा के स्थान पर गुणात्मक और वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति पर ध्यान देने की आवश्यकता है। फादर प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश ने कहा कि महाविद्यालय ए प्लस ग्रेड की श्रेणी में पहुंचने वाला झारखंड का एकमात्र महाविद्यालय है। यह सभी के त्याग, कठिन परिश्रम व समर्पण का परिणाम है। उन्होंने ए प्लस ग्रेड का क्या फायदा है इसकी व्याख्या किया। मौके पर फादर प्रोविंशियल विंसेंट हंसदा, उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो मौजूद थे। अंत में रंगारंग नागपुरी नृत्य के साथ कार्यक्रम को समापन किया गया। कार्यक्रम के अंत में असिस्टेंट प्रोफेसर फादर लियो ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### हत्या का विरोध

# लोहरदगा-गुमला मुख्य पथ तीन घंटे रहा जाम

- *वरीय पदाधिकारियों ने सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाया इसके बाद जाम हटा*
- *अंतिम संस्कार के लिए तत्काल प्रखंड प्रशासन ने दिए 20 हजार*



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा के रामनगर स्थित ईंट भट्ठा में शव मिलने के सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पंहुची वही शव का हुआ शिनाख्त कर परिजनों ने जताया हत्या का आशंका। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर के समीप संचालित किसान ईंट भट्ठा परिसर में शव मिलने की सूचना पर पुलिस प्रशासन पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई। वही शव का शिनाख्त अरु ग्राम निवासी सलामत अंसारी का 40 वर्षीय पुत्र शमशेर अंसारी के रुप में किया गया। किसान ईट भट्ठा के समीप मिट्टी डंपिंग के पास शव मिलने से अरु के ग्रामीण आक्रोश जताते हुए हत्या का आरोप लगाया है। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि हत्या कर चक्का चढ़ा दिया गया है। जिसे गुसाए ग्रामीणों ने शव को उठा कर पहले सेन्हा राम नगर पेट्रोल पंप के समीप एन एच 143 ए पथ को आधा घंटा जाम किया फिर वहां से शव को उठाकर अरु चौक पर ले गए जहां पर तीन घंटा जाम के बाद अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी समीर तिर्की अंचलाधिकारी मो0 मुदस्सर नजर मंसूरी के समझाने तथा परिजनों द्वारा विभिन्न मांग पत्र सौंपने के बाद जाम को हटा दिया गया।जाम करने वाले ग्रामीणों ने आवेदन में कहा है। हत्यारा को 12 घंटा के अंदर गिरफ्तार करें और मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी और 20 लाख का सहायता दें मृतक के बच्चो को सरकारी व्यवस्था के तहत उचित शिक्षा दिया जाए जिसपर अधिकारी ने आश्वासन दिया तब जाकर जाम हटाया गया। जाम के दौरान घंटो छोटी बड़ी वाहनों का लम्बी कतार लग गया था। परंतु पुलिस प्रशासन सकारात्मक कदम उठाते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है। जाम की सूचना पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन पर लोगों ने रखे विचार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा के मार्गदर्शन के आलोक में सरकार के संयुक्त सचिव महिला एवं बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर के अवसर पर 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक जागरूकता कार्यक्रम लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न उच्च विद्यालय एवं कॉलेज में किया जाने के क्रम मे सेन्हा प्रखंड के उत्क्रमित बेसिक उच्च विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार ,जिला बाल संरक्षण इकाई समाज कल्याण, लोहरदगा के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को विभिन्न एक्ट के कानूनी प्रावधानों का संक्षिप्त रूप से जानकारी प्रदान की गई ।जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित 9वी कक्षा से 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को- जेंडर सेंसटाइजेशन, हेल्पलाइन नंबर 1098, 112 और 181, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, सखी वन स्टॉप सेंटर, पोक्सो कानून, कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम 2013, मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित योजनाएं शक्ति सदन एवं शक्ति निवास की जानकारी, जेंडर इक्वलिटी, कंसेंट, सेफ टच एंड सेफ टच, हेल्दी रिलेशनशिप, वुमन राइट यंग एज हेल्दी रिलेशंस, पॉजिटिव मासक्लिनिटी (सकारात्मक पुरुषत्व), हार्मफुल एस्ट्रो टाइप एंड माचो टाइप जेस्टर इत्यादि। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक रेणू मिश्रा शिक्षिका रंजू साहू एवं चांदनी शाहदेव, शिक्षक नरेश चंद्र महतो, मेराज अंसारी एवं जेएसएलपीएस के जेंडर सीआरपी में पूनम देवी प्रियंका देवी एवं अमृता टोप्पो के अलावे 300 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में हो रही हिंसा के खिलाफ धरना प्रदर्शन आज

**लोहरदगा।** बांग्लादेश में सनातनियों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध) को वहां के कट्टरपंथियों के द्वारा मार-काट एवं विभिन्न तरह की शारीरिक एवं मानसिक यातनाएं दे कर कष्ट पहुँचाया जा रहा हैं,और वहां के मंदिरों-मठों को बर्बरता पूर्ण तरीके से तोड़फोड़ करते हुए अत्याचार कर रहे हैं। इसके खिलाफ लोहरदगा जिला के सनातन धर्म के सभी संगठनों के द्वारा आज सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक समाहरणालय मैदान लोहरदगा में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम किया जाएगा।

## महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन पर कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** मंगलवार को बाल विकास परियोजना अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, लोहरदगा में किया गया। विद्यार्थियों के बीच महिलाओं के अधिकार पर चर्चा की गई।

# अनियंत्रित होकर स्पेन लोहा लोड ट्रक पेड़ से टकराया, चालक घायल

- *गुमला-लोहरदगा मुख्य पथ दो घंटा जाम, प्रशासन ने हटाया जाम*

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** कुंडगदी मोड़ के समीप निर्मित डायवर्सन में आए दिन सड़क दुर्घटना आम हो गया है। लगतार घटना के बावजूद संवेदक की मनमानी कार्य जारी है। विदित हो कि मंगलवार को लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए पर कंडरा पथ के समीप वि के एस कंट्रक्शन के द्वारा वर्षों पूर्व से पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। और काफी धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। तथा निर्मित डायवर्सन पक्की नही होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना हो रहा है। बताया जाता है कि मंगलवार को राउलकेला उड़ीसा से स्पेन लोहा लोड कर पटना जा रहा ट्रक ओडी 14 एसी 8322 अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया जिसमें चालक बिहार राज्य के आरा जिला निवासी राजेश सिंह गाड़ी के अंदर स्टीयरिंग में बुरी तरह से दब गया और पथ लगभग दो घंटा जाम हो गया। गाड़ी में फंसे चालक को निकालने में स्थानीय ग्रामीण तथा पुलिस प्रशासन काफी सहयोग मिला और सुरक्षित निकाल इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात चालक का बेहतर इलाज हेतु पटना बिहार परिजनों द्वारा ले जाया गया।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रुप से घायल

**भंडरा।** भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के बरवाटोली के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा 108 वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। बताया जाता है कि भुजानिया गांव निवासी स्वर्गीय तेंबा उरांव के पुत्र नीरज उरांव (19 वर्ष) व एतवा उरांव के पुत्र अमन उरांव (18 वर्ष) अपने मोटर साइकिल से भंडरा साप्ताहिक बाजार से अपने घर भुजानिया लौट रहे थे।



*लोहरदगा जिला के पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ने हेमंत सोरेन को चौथी बार सीएम बनने पर उनके आवास में मिलकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।*

## न्यूज बॉक्स

### लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चला जागरूकता अभियान

**भंडरा।** अंतर्राष्ट्रीय मानवधिकार दिवस के अवसर पर लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रीय अभियान शुभारंभ सोमवार को किया गया। यह अभियान 23 दिसंबर 2024 तक प्रदेश में चलेगा।महिला को पूरी तरह से सशक्त करना है तो महिला का सामाजिक सशक्तिकरण, राजनीतिक सशक्तिकरण और शैक्षिक सशक्तिकरण करना जरूरी है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत सोमवार को की गयी, सोमवार को प्रखंड के भंडरा लाल बहादुर शास्त्री व बर्मनडीहा प्लस टू विद्यालय मे सीडीपीओ नंदी रानी व प्रवेक्षिका नीलम मिंज द्वारा महिला धरेलु हिंसा पोस्को कानून, बाल विवाह आदि पर कक्षा 9 से 12 वी तक छात्रों को जागरूक किया गया। मौके पर सीडीपीओ नंदी रानी ने बताया की जागरूकता अभियान का उद्देश्य जमीनी स्तर की पहल के माध्यम से लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और लक्षित कार्रवाई को बढ़ावा देना है। लिंग आधारित हिंसा के सभी रूपों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, हिंसा के खिलाफ समुदायों को आवाज उठाने और कार्रवाई की मांग करने के लिए प्रोत्साहित करना, समय पर सहायता के लिए समर्थन प्रणालियों तक पहुंच प्रदान करना और स्थानीय संस्थाओं को निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए सशक्त बनाना शामिल है। अभियान का नारा एक साथ, एक आवाज, हिंसा के खिलाफ है।

### मदरसा अशरफिया गौशुल उलूम के बच्चों के बीच कंबल का वितरण

**कैरो / लोहरदगा।** भंडरा प्रखण्ड अंजुमन के सदर आफताब आलम के द्वारा बनाये गए वाट्सएप ग्रुप के समाजसेवी सदस्यों के द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए मदरसों मे पढ़ रहे बच्चों के साथ जरूरतमंदों के लिए कम्बल मुहैया कराने का विचार किया तथा ग्रुप के सदस्यों के द्वारा किये गए सहयोग से मंगलवार को प्रखंड के नगजुआ स्थित मदरसा अशरफिया गौशुल उलूम के बच्चों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। आफताब आलम ने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य जैसी अहम मुद्दों पर हर समय हम लोग बढ़-चढ़कर काम करेंगे और जहां पर भी प्रशासनिक सहयोग की बात हो तो शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सरकारी लाभ दिलवाने का भी प्रयास होगा। मौके पर क्षेत्र के गण्यमान्य लोग भी उपस्थित हुए और मदरसे की तरक्की पर विचार विमर्श किये साथ ही साथ कैरो व भंडरा प्रखंड अंजुमन के कई ओहदेदार के द्वारा मदरसे के पेयजल, शौचालय,कमरे की कमी, चारदीवारी आदि बुनियादी समस्याओं से अवगत हुए और सभी के सहयोग से यथासंभव बुनियादी समस्याओं को दूर करने की बात कही। इस अवसर पर कैरो प्रखंड अंजुमन के सेकेट्री समीद अंसारी ने बतलाया कि समाजिक लोगों के द्वारा सहयोग किया जा रहा है जिससे कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे मदरसों के बच्चों के बीच कम्बल का वितरण किया जा रहा है अभी और भी मदरसों में कम्बल का वितरण किया जाना है। मौके पर कैरो प्रखंड अंजुमन के नायब सेक्रेटरी महबूब आलम, मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी कैरो के सदर महताब आलम, मंजुल आंसारी, मन्जूर अंसारी, शाहजंहा अंसारी, सोएब खान, रोजाउद्दीन अंसारी,जमानत अंसारी,नईम अंसारी आदि उपस्थित थे।

### हर नागरिक को सामाजिक न्याय प्रदान कराना विधिक सेवा का कर्तव्य : अधिवक्ता

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभा में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राष्ट्रीय कानूनी साक्षरता मिशन के माध्यम से भैया- बहनों को जागरूक किया गया। जिसमें लोहरदगा जिला के कोर्ट मेडिएटर कुमार चंद्रशेखर अधिवक्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, दिनेश प्रसाद,नेम्हान्ती मिंज, दुखित मिंज ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन किया। अतिथियों का परिचय आचार्य दिनेश प्रसाद ने कराया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लोहरदगा के तत्वाधान में कक्षा षष्ठ से नवम तक के भैया बहनों को कानूनी जागरूकता के तहत जानकारी दी गई। जिसमें नशापान ,अपराध, बाल श्रम, शिक्षा का अधिकार, समानता का अधिकार ,न्याय सदन, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई। भैया -बहनों को उत्साहवर्धन एवं विधिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता अभियान में सहभागिता कराई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कोर्ट मेडिएटर कुमार चंद्रशेखर अधिवक्ता ,नेम्हान्ती मिंज पीएलवी ,दुखित मिंज उपस्थित थे। जिला न्यायक्षेत्र लोहरदगा में स्थिति भैया- बहनों के बीच उत्सव, त्यौहार, राष्ट्रीय त्योहार, सामूहिक सहभागिता, खेलकूद, सभा इत्यादि के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य है।


## जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार

**चालक अनुज्ञप्ति धारियों के चालक अनुज्ञप्ति से संबंधित हेतु आवश्यक सूचना**

ज्ञापांक– 894 /जि0परि0
दिनांक– 02.12.2024

एतद द्वारा निम्न चालक अनुज्ञप्तिधारकों को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार से Online चालक अनुज्ञप्ति का निर्गमन वर्ष 2016 से प्रारंभ हो गया था। आप सभी का चालक अनुज्ञप्ति का निर्गत वर्ष 2019 एवं Backlog Entry अरूणाचल प्रदेश में दिखाया गया है, जबकि जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार से वर्ष 2019 में कोई भी मैनुअल DL निर्गत नहीं हुआ है। इस संबंध में दिनांक–10.12.2024 तक जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार में आकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अन्यथा चालक अनुज्ञप्ति को निरस्त कर दिया जायेगा।

| Sl No | DL No | Sl No | DL No | Sl No | DL No | Sl No | DL No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH19 20190000601 | 86 | JH19 20190000705 | 171 | JH19 20190000815 | 256 | JH19 20190002110 |
| 2 | JH19 20190000606 | 87 | JH19 20190000706 | 172 | JH19 20190002011 | 257 | JH19 20190002111 |
| 3 | JH19 20190000607 | 88 | JH19 20190000707 | 173 | JH19 20190002012 | 258 | JH19 20190002112 |
| 4 | JH19 20190000608 | 89 | JH19 20190000708 | 174 | JH19 20190002013 | 259 | JH19 20190002113 |
| 5 | JH19 20190000609 | 90 | JH19 20190000709 | 175 | JH19 20190002014 | 260 | JH19 20190002115 |
| 6 | JH19 20190000611 | 91 | JH19 20190000710 | 176 | JH19 20190002015 | 261 | JH19 20190002116 |
| 7 | JH19 20190000613 | 92 | JH19 20190000711 | 177 | JH19 20190002016 | 262 | JH19 20190002117 |
| 8 | JH19 20190000614 | 93 | JH19 20190000712 | 178 | JH19 20190002017 | 263 | JH19 20190002118 |
| 9 | JH19 20190000616 | 94 | JH19 20190000713 | 179 | JH19 20190002018 | 264 | JH19 20190002119 |
| 10 | JH19 20190000617 | 95 | JH19 20190000714 | 180 | JH19 20190002019 | 265 | JH19 20190002120 |
| 11 | JH19 20190000619 | 96 | JH19 20190000715 | 181 | JH19 20190002020 | 266 | JH19 20190002121 |
| 12 | JH19 20190000621 | 97 | JH19 20190000716 | 182 | JH19 20190002024 | 267 | JH19 20190002122 |
| 13 | JH19 20190000622 | 98 | JH19 20190000717 | 183 | JH19 20190002025 | 268 | JH19 20190002123 |
| 14 | JH19 20190000624 | 99 | JH19 20190000718 | 184 | JH19 20190002026 | 269 | JH19 20190002124 |
| 15 | JH19 20190000625 | 100 | JH19 20190000719 | 185 | JH19 20190002027 | 270 | JH19 20190002125 |
| 16 | JH19 20190000626 | 101 | JH19 20190000720 | 186 | JH19 20190002028 | 271 | JH19 20190002126 |
| 17 | JH19 20190000627 | 102 | JH19 20190000721 | 187 | JH19 20190002029 | 272 | JH19 20190002127 |
| 18 | JH19 20190000629 | 103 | JH19 20190000722 | 188 | JH19 20190002030 | 273 | JH19 20190002128 |
| 19 | JH19 20190000630 | 104 | JH19 20190000723 | 189 | JH19 20190002031 | 274 | JH19 20190002129 |
| 20 | JH19 20190000631 | 105 | JH19 20190000724 | 190 | JH19 20190002032 | 275 | JH19 20190002130 |
| 21 | JH19 20190000632 | 106 | JH19 20190000725 | 191 | JH19 20190002033 | 276 | JH19 20190002132 |
| 22 | JH19 20190000634 | 107 | JH19 20190000726 | 192 | JH19 20190002034 | 277 | JH19 20190002133 |
| 23 | JH19 20190000635 | 108 | JH19 20190000727 | 193 | JH19 20190002035 | 278 | JH19 20190002134 |
| 24 | JH19 20190000636 | 109 | JH19 20190000728 | 194 | JH19 20190002037 | 279 | JH19 20190002135 |
| 25 | JH19 20190000637 | 110 | JH19 20190000729 | 195 | JH19 20190002038 | 280 | JH19 20190002136 |
| 26 | JH19 20190000638 | 111 | JH19 20190000731 | 196 | JH19 20190002039 | 281 | JH19 20190002137 |
| 27 | JH19 20190000640 | 112 | JH19 20190000732 | 197 | JH19 20190002040 | 282 | JH19 20190002138 |
| 28 | JH19 20190000641 | 113 | JH19 20190000733 | 198 | JH19 20190002041 | 283 | JH19 20190002139 |
| 29 | JH19 20190000642 | 114 | JH19 20190000734 | 199 | JH19 20190002042 | 284 | JH19 20190002141 |
| 30 | JH19 20190000643 | 115 | JH19 20190000735 | 200 | JH19 20190002043 | 285 | JH19 20190002142 |
| 31 | JH19 20190000644 | 116 | JH19 20190000736 | 201 | JH19 20190002045 | 286 | JH19 20190002143 |
| 32 | JH19 20190000646 | 117 | JH19 20190000737 | 202 | JH19 20190002046 | 287 | JH19 20190002144 |
| 33 | JH19 20190000649 | 118 | JH19 20190000738 | 203 | JH19 20190002047 | 288 | JH19 20190002145 |
| 34 | JH19 20190000651 | 119 | JH19 20190000739 | 204 | JH19 20190002048 | 289 | JH19 20190002147 |
| 35 | JH19 20190000652 | 120 | JH19 20190000740 | 205 | JH19 20190002050 | 290 | JH19 20190002149 |
| 36 | JH19 20190000653 | 121 | JH19 20190000741 | 206 | JH19 20190002051 | 291 | JH19 20190002150 |
| 37 | JH19 20190000654 | 122 | JH19 20190000742 | 207 | JH19 20190002053 | 292 | JH19 20190002151 |
| 38 | JH19 20190000655 | 123 | JH19 20190000743 | 208 | JH19 20190002054 | 293 | JH19 20190002152 |
| 39 | JH19 20190000656 | 124 | JH19 20190000744 | 209 | JH19 20190002055 | 294 | JH19 20190002153 |
| 40 | JH19 20190000657 | 125 | JH19 20190000745 | 210 | JH19 20190002056 | 295 | JH19 20190002154 |
| 41 | JH19 20190000658 | 126 | JH19 20190000746 | 211 | JH19 20190002059 | 296 | JH19 20190002155 |
| 42 | JH19 20190000659 | 127 | JH19 20190000747 | 212 | JH19 20190002060 | 297 | JH19 20190002156 |
| 43 | JH19 20190000660 | 128 | JH19 20190000748 | 213 | JH19 20190002061 | 298 | JH19 20190002157 |
| 44 | JH19 20190000661 | 129 | JH19 20190000749 | 214 | JH19 20190002062 | 299 | JH19 20190002158 |
| 45 | JH19 20190000662 | 130 | JH19 20190000750 | 215 | JH19 20190002063 | 300 | JH19 20190002159 |
| 46 | JH19 20190000663 | 131 | JH19 20190000751 | 216 | JH19 20190002064 | 301 | JH19 20190002160 |
| 47 | JH19 20190000664 | 132 | JH19 20190000753 | 217 | JH19 20190002065 | 302 | JH19 20190002161 |
| 48 | JH19 20190000665 | 133 | JH19 20190000754 | 218 | JH19 20190002066 | 303 | JH19 20190002162 |
| 49 | JH19 20190000666 | 134 | JH19 20190000755 | 219 | JH19 20190002067 | 304 | JH19 20190002163 |
| 50 | JH19 20190000667 | 135 | JH19 20190000757 | 220 | JH19 20190002068 | 305 | JH19 20190002164 |
| 51 | JH19 20190000668 | 136 | JH19 20190000758 | 221 | JH19 20190002069 | 306 | JH19 20190002165 |
| 52 | JH19 20190000669 | 137 | JH19 20190000759 | 222 | JH19 20190002070 | 307 | JH19 20190002166 |
| 53 | JH19 20190000670 | 138 | JH19 20190000760 | 223 | JH19 20190002071 | 308 | JH19 20190002167 |
| 54 | JH19 20190000671 | 139 | JH19 20190000761 | 224 | JH19 20190002072 | 309 | JH19 20190002169 |
| 55 | JH19 20190000672 | 140 | JH19 20190000762 | 225 | JH19 20190002073 | 310 | JH19 20190002170 |
| 56 | JH19 20190000673 | 141 | JH19 20190000763 | 226 | JH19 20190002074 | 311 | JH19 20190002171 |
| 57 | JH19 20190000674 | 142 | JH19 20190000764 | 227 | JH19 20190002075 | 312 | JH19 20190002172 |
| 58 | JH19 20190000675 | 143 | JH19 20190000765 | 228 | JH19 20190002076 | 313 | JH19 20190002173 |
| 59 | JH19 20190000676 | 144 | JH19 20190000766 | 229 | JH19 20190002077 | 314 | JH19 20190002174 |
| 60 | JH19 20190000678 | 145 | JH19 20190000767 | 230 | JH19 20190002078 | 315 | JH19 20190002175 |
| 61 | JH19 20190000679 | 146 | JH19 20190000768 | 231 | JH19 20190002079 | 316 | JH19 20190002176 |
| 62 | JH19 20190000680 | 147 | JH19 20190000769 | 232 | JH19 20190002080 | 317 | JH19 20190002177 |
| 63 | JH19 20190000681 | 148 | JH19 20190000771 | 233 | JH19 20190002081 | 318 | JH19 20190002178 |
| 64 | JH19 20190000682 | 149 | JH19 20190000772 | 234 | JH19 20190002082 | 319 | JH19 20190002179 |
| 65 | JH19 20190000683 | 150 | JH19 20190000773 | 235 | JH19 20190002083 | 320 | JH19 20190002180 |
| 66 | JH19 20190000684 | 151 | JH19 20190000774 | 236 | JH19 20190002084 | 321 | JH19 20190002181 |
| 67 | JH19 20190000685 | 152 | JH19 20190000775 | 237 | JH19 20190002085 | 322 | JH19 20190002182 |
| 68 | JH19 20190000686 | 153 | JH19 20190000776 | 238 | JH19 20190002086 | 323 | JH19 20190002183 |
| 69 | JH19 20190000687 | 154 | JH19 20190000777 | 239 | JH19 20190002090 | 324 | JH19 20190002184 |
| 70 | JH19 20190000688 | 155 | JH19 20190000778 | 240 | JH19 20190002092 | 325 | JH19 20190002185 |
| 71 | JH19 20190000689 | 156 | JH19 20190000779 | 241 | JH19 20190002093 | 326 | JH19 20190002186 |
| 72 | JH19 20190000690 | 157 | JH19 20190000780 | 242 | JH19 20190002094 | 327 | JH19 20190002187 |
| 73 | JH19 20190000691 | 158 | JH19 20190000781 | 243 | JH19 20190002095 | 328 | JH19 20190002188 |
| 74 | JH19 20190000692 | 159 | JH19 20190000782 | 244 | JH19 20190002096 | 329 | JH19 20190002189 |
| 75 | JH19 20190000693 | 160 | JH19 20190000783 | 245 | JH19 20190002097 | 330 | JH19 20190002190 |
| 76 | JH19 20190000694 | 161 | JH19 20190000784 | 246 | JH19 20190002098 | 331 | JH19 20190002191 |
| 77 | JH19 20190000695 | 162 | JH19 20190000785 | 247 | JH19 20190002101 | 332 | JH19 20190002192 |
| 78 | JH19 20190000696 | 163 | JH19 20190000786 | 248 | JH19 20190002102 | 333 | JH19 20190002193 |
| 79 | JH19 20190000697 | 164 | JH19 20190000787 | 249 | JH19 20190002103 | 334 | JH19 20190002194 |
| 80 | JH19 20190000698 | 165 | JH19 20190000788 | 250 | JH19 20190002104 | 335 | JH19 20190002195 |
| 81 | JH19 20190000699 | 166 | JH19 20190000789 | 251 | JH19 20190002105 | 336 | JH19 20190002196 |
| 82 | JH19 20190000701 | 167 | JH19 20190000790 | 252 | JH19 20190002106 | 337 | JH19 20190002197 |
| 83 | JH19 20190000702 | 168 | JH19 20190000800 | 253 | JH19 20190002107 | 338 | JH19 20190002198 |
| 84 | JH19 20190000703 | 169 | JH19 20190000810 | 254 | JH19 20190002108 | 339 | JH19 20190002199 |
| 85 | JH19 20190000704 | 170 | JH19 20190000813 | 255 | JH19 20190002109 | 340 | JH19 20190002200 |

जिला परिवहन पदाधिकारी
लातेहार

PR 341000 Transport (24-25)_D



## कार्यालय जिला दण्डाधिकारी -सह-उपायुक्त, पलामू (चौकीदारी नियुक्ति कोषांग)

**सूचना**

चौकीदारी नियुक्ति प्रक्रिया विज्ञापन सं0 –01/2024 का परीक्षाफल जिले के अधिकारिक वेबसाईट पर प्रकाशित किया गया है। अभ्यर्थियों palamu.nic.in पर परीक्षाफल देख सकते हैं।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू

PR 341035 (Palamu)24-25*D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) मृत्युंजय भुईयां, पिता–बाबुलाल भुईयां, सा0–नवडीह, थाना–छिपादोहर, जिला–लातेहार राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भंडरिया थाना कांड सं0–77/2019 दिनांक–01.06.2019 धारा–414, 34, भा0द0वि0 एवं 25(1–AA)/26 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। उक्त इश्तिहार जिसका विधिवत तामिला दिनांक–01.06.2024 को स्थानीय लोगों के समक्ष कराया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 341009 (Police) 24-25 (D)



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) मृत्युंजय भुईयां, पिता–बाबुलाल भुईयां, सा0–नवडीह, थाना–छिपादोहर, जिला–लातेहार राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भंडरिया थाना कांड सं0–79/2019 दिनांक–03.06.2019 धारा–302, 201, 34, भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय श्री कृष्णा लोहरा न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। उक्त इश्तिहार जिसका विधिवत तामिला दिनांक–24.09.2023 को स्थानीय लोगों के समक्ष कराया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय श्री कृष्णा लोहरा न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.341007 Police(24-25):D



## –: कार्यालय :–
## प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।
## –: आवश्यक सूचना :–

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों एवं जप्त वन पदार्थ से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई निर्धारित की जाती है जो निम्नवत है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | सुनवाई की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14/2024 | 29.11.2024 | 24.12.2024 | बुक्षेन्द्र यादव एवं राजकुमार सिंह | JCV Reg. No. JH-07F-5513 | – |
| 2 | 15/2024 | 29.11.2024 | 24.12.2024 | महमूद अंसारी एवं बुधन गंझू | Tempo Reg No. JH-8B-6914 | साल चौकठ 9 पीस |
| 3 | 17/2024 | 29.11.2024 | 24.12.2024 | सुनील उरांव, आसिर अंसारी एवं अप्पु अंसारी | – | सेमल पटरा 55 पीस |
| 4 | 13/2024 | 29.11.2024 | 24.12.2024 | प्रहलाद सिंह | Truck Reg No. JH-19B-2277 | खैर टुकड़ें 945 पीस |
| 5 | 16/2024 | 29.11.2024 | 24.12.2024 | प्रमोंद यादव | 1. Tractor Chesis No. MBNABAEXKLRD02248 | साल बल्ली 48 पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

PR 340998 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D

## एक नजर

### बाइक सवार ने तीन लड़कों को मारी टक्कर, दो गंभीर

**गुमला।** गुमला प्रखंड के टोटो में सड़क पर पैदल चल रहे तीन लड़कों को बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पांच लोग घायल हो गए। घायलों में 17 वर्षीय सजल कुमार, 16 वर्षीय अंकित कुमार गुप्ता, 16 वर्षीय मंतोष कुमार और 30 वर्षीय मंटू कुमार (बाइक सवार) एवं 25 वर्षीय राजेश उरांव शामिल हैं. घटना के बाद सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां बाइक चालक और एक पैदल चल रहे लड़के को सिर में गंभीर चोटें आईं। दोनों को भर्ती कर इलाज चल रहा है, जबकि अन्य लड़कों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### पुल के नीचे गिरने से एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के डहुडरगांव और मालम के बीच में पुल के नीचे गिरने से जयदीप लकड़ा पिता सुप्रियानुष लकड़ा उम्र 20 वर्ष की पुल के नीचे गिरने से मौत हो गई। जबकि उनके साथी जीतवाहन कुमार पिता जागेश्वर लोहारा उम्र 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों डहुडरगांव के थे वे व्यक्ति नशे की हालत में थे और हेलमेट भी नहीं पहने हुए थे। डहुडरगांव और मालम निवाटोली के बिच पुल के नीचे गाड़ी सहित गिरने से हुई। जहाँ दोनों दोस्तों ने शराब के नशे में बाइक चलाते समय नियंत्रण खो दिया और पुल से नीचे गिर गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत चैनपुर थाना प्रभारी को सूचना मिली चैनपुर थाना के एसआई अशोक कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस को सूचित किया।

### बालेश्वर बड़ाइक चरका टांगर से लापता

**गुमला।** जारी प्रखंड के निवासी 38 वर्षीय बालेश्वर बड़ाइक शनिवार की सुबह से चरका टांगर गांव से लापता हो गए हैं। उनके परिवार द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उनके ससुर फगुआ बड़ाइक ने मंगलवार की अपराह्न 4 बजे गुमला थाना में सनहा दर्ज कराते हुए बालेश्वर के लापता होने की जानकारी दी और पुलिस से उसकी तलाश करने की अपील की है। फगुआ बड़ाइक ने बताया कि बालेश्वर 24 नवंबर को धान काटने और मिसने में मदद करने के लिए उनके घर आया था। 30 नवंबर को सुबह वह अचानक घर से निकल गया।

### लक्ष्मण नगर के युवक की संदिग्ध हालात में मौत, दो हिरासत में

**गुमला।** लक्ष्मण नगर निवासी मिथुन नायक (30) की बिशुनपुर प्रखंड के सेरका गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले की जांच के सिलसिले में पुलिस ने सोमवार दोपहर मृतक के रिश्तेदार पिता और पुत्र को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। सूत्रों के अनुसार, मिथुन नायक अपने परिजनों के साथ जमीन बंटवारे के लिए शनिवार को बिशुनपुर के सेरका गांव गया था। रविवार को जमीन की मापी हुई और सोमवार को भी मापी का काम होना था। इसी बीच, रविवार रात मिथुन की तबीयत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई।

### पत्नी से झगड़ा होने के बाद पति ने खाया थाइमेट, इलाज जारी

**गुमला।** कोन केल निवासी 40 वर्षीय बल्कु उरांव ने सोमवार रात को पत्नी से झगड़े के बाद थाइमेट (दीमक मारने वाला पाउडर) का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। बल्कु की हालत गंभीर होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह लाया गया, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बल्कु उरांव की पत्नी के साथ अक्सर शराब के नशे में लड़ाई-झगड़ा होता रहता था। शनिवार रात किसी बात को लेकर उनका झगड़ा हुआ और उन्होंने अपनी पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया।

# अल्बर्ट एक्का की शहादत दिवस पर आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण, डीसी ने दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस के अवसर पर मंगलवार को गुमला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के साथ जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने शहीद को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने शहीद अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा, परमवीर अल्बर्ट एक्का का बलिदान न केवल गुमला या झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। उनके सम्मान में गुमला जिले के एक प्रखंड का नामकरण उनके नाम पर किया गया है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने शहीद की शौर्यगाथा को याद करते हुए उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि दी। अल्बर्ट एक्का ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया, जिसके लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। उन्होंने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। शहीद अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम लोगों को देशभक्ति और समर्पण का संदेश देने के साथ ही शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बना।



### परमवीर अल्बर्ट एक्का को शहादत दिवस पर दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**चैनपुर।** चैनपुर के अल्बर्ट एक्का चौक स्थित पूर्वोत्तर भारत के एकमात्र परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का का मंगलवार को 53वीं शहादत दिवस के मौके पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर राजपूताना राइफल यूनिट नामकुम रांची द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि व गॉड ऑफ ऑनर दी गई वहीं मुख्य रूप से जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कमांडर पी रामाराव, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा अंचल अधिकारी जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा एसएसबी कमांडेंट चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी मुखिया शोभा देवी भूतपूर्व सैनिक संगठन के सचिव जेम्स रोजारियो तिग्गा बरवे हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेंद्र तिर्की कई जनप्रतिनिधि व कई स्कूल के प्रधानाध्यापक गण सहित कई लोगों के द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया और देश के लिए उनके बलिदान को याद किया। वही इस मौके पर स्कूली छात्राओं द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए वही राजपूताना राइफल यूनिट द्वारा बर्वे हाई स्कूल मैदान में कैंटीन लगाई गई थी जहां भोजपुरी सैनिकों को घरेलू सामान छठ पर उपलब्ध कराई गई आपको बताते चले कि लांस नायक अल्बर्ट एक्का को उनके एडम में साहस व देश के लिए बलिदान के लिए मरणोपरांत सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र से नवाजा गया।

### गुमला में साप्ताहिक जन शिकायत दिवस

## समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** चंदाली स्थित नए समाहरणालय में आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के समक्ष रखीं। इस अवसर पर लगभग 30 से अधिक आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिन्हें उपायुक्त ने गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली पोल और तार की अनुपलब्धता के कारण बांस का खंभा लगाकर बिजली सप्लाई की जा रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा है। उपायुक्त ने इस मामले को कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को अग्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। सिसई प्रखंड के नागफेनी रापूटोली के ग्रामीणों ने 2 किमी कच्ची सड़क को पीसीसी में बदलने की मांग की। उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी को सड़क निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। बिशुनपुर निवासी अतुल असूर ने अपने दिवंगत पिता, जो अनुसेवक के पद पर थे, के स्थान पर अनुकंपा पर नौकरी का आवेदन दिया। उपायुक्त ने इसे प्राथमिकता से देखने का आश्वासन दिया। पनसो अंबा टोली निवासी सुखमती कुमारी ने अपनी सास के सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी जगह नियुक्ति की मांग की। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को इस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास योजना, और सामाजिक मुद्दों से जुड़े मामले भी सामने आए।

## अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देने जारी गांव में जुटी सैकड़ों की भीड़

### अल्बर्ट एक्का को लोगों ने किया नमन

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** झारखंड के वीर सपूत और परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के 53वें शहादत दिवस पर उनके पैतृक गांव जारी में भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहीद की प्रतिमा और समाधि स्थल पर सैकड़ों लोग जुटे। शहीद के परिवार, प्रशासनिक अधिकारियों, सेना के जवानों और ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरूआत शहीद के पुत्र भिन्सेन्ट एक्का और पत्नी रजनी मिंज द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद चैनपुर की एसडीओ पूर्णिमा कुमारी, बीडीओ यादव बैठा, थाना प्रभारी आदित्य कुमार, सीओ रमेश गुप्ता, जीप सदस्य दिलीप बड़ाईक और प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद को नमन किया। सेना के जवानों ने सूबेदार माधु सिंह के नेतृत्व में शहीद को सलामी दी। इस अवसर पर भिन्सेन्ट एक्का और रजनी मिंज को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने भी समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर अपने वीर नायक को श्रद्धांजलि दी।



**शहीद के बलिदान से मिली प्रेरणा : सूबेदार माधु सिंह**

सूबेदार माधु सिंह ने कहा की परमवीर अल्बर्ट एक्का ने देश की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह हम सबके लिए प्रेरणा है। उन्होंने परिवार और व्यक्तिगत सुख-शांति को त्यागकर देश की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। आज पूरा देश उनके नाम पर गर्व करता है।

एसडीओ पूर्णिमा कुमारी ने कहा कि जारी प्रखंड का विकास शहीद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने ग्रामीणों और अधिकारियों से यह प्रण लेने का आह्वान किया कि शहीद के सपनों को साकार करने के लिए प्रखंड को प्रगति के पथ पर ले जाया जाए। कार्यक्रम के दौरान फादर पैट्रिक मिंज और फादर लॉरेंस टोप्पो के नेतृत्व में मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रतिमा और समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्कूल के बच्चे, और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने शहीद अल्बर्ट एक्का के अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि समारोह ने न केवल शहीद की स्मृतियों को जीवंत किया बल्कि क्षेत्र के विकास और समाज में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश भी दिया।

## 'हर बच्चा स्कूल में' शिशु पंजी सर्वे अभियान आज से शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला के अंतर्गत शिशु पंजी सर्वे अभियान का आयोजन 4 दिसंबर 2024 से 4 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। इस अभियान के तहत सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक घर-घर जाकर 3 से 18 वर्ष के बच्चों की शिक्षा स्थिति का सर्वेक्षण करेंगे।

**शिक्षा से वंचित बच्चों की पहचान:** सर्वे का उद्देश्य सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

**स्कूल से बाहर बच्चों की स्थिति का आकलन:** यह पता लगाना कि बच्चे स्कूल जा रहे हैं या नहीं, और उनकी शैक्षिक स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाना।




**सर्वेक्षण के दौरान किसी कठिनाई की स्थिति में संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है :** जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला: 6206543458, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला: 9471392488, सहायक जिला कार्यक्रम अधिकारी, गुमला: 9835714725। इस अभियान के जरिए शिक्षा के अधिकार को साकार करने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई है। हर बच्चा स्कूल में ही अच्छा को साकार करने का यह प्रयास गुमला के शिक्षा क्षेत्र में एक नई पहल को दशार्ता है।

## उग्रवादी हिंसा पीड़ितों के परिजनों को मिली अनुकंपा नियुक्ति, डीसी ने सौंपा नियुक्ति पत्र



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उग्रवादी हिंसा में जान गंवाने वाले बसिया प्रखंड के स्वर्गीय बसंत बढ़ई और स्वर्गीय महेश बढ़ई के आश्रित परिजनों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति प्रदान की गई। जिला अनुकंपा समिति की बैठक के निर्णय के आलोक में स्वीकृति दी गई थी। स्वर्गीय बसंत बढ़ई की पत्नी ससिया देवी और स्वर्गीय महेश बढ़ई की पत्नी पूनम देवी को उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चतुर्थ वर्ग के पद पर नियुक्ति दी गई। जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने कार्यालय में दोनों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गुमला में पीवीटीजी किसानों के उत्थान की अनूठी पहल

# आलू की खेती व चिप्स निर्माण से हो रहे आत्मनिर्भर

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला प्रशासन ने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के किसानों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए एक अभिनव पहल शुरू की है। नीति आयोग अवॉर्ड मनी फंड का उपयोग करते हुए, प्रशासन ने बिशुनपुर, घाघरा, और डुमरी प्रखंडों के लगभग 500 पीवीटीजी किसानों को 80 एकड़ भूमि पर 'कुफरी चिप्सोना' प्रजाति के आलू की खेती के लिए प्रोत्साहित किया है। यह प्रजाति विशेष रूप से चिप्स निर्माण के लिए उपयोगी है, जो किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी।

जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में, किसानों को बीज, खाद, और खेती के उपकरणों के साथ-साथ आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। किसानों को खेती के हर चरण में मार्गदर्शन के लिए विशेषज्ञ भी उपलब्ध कराए गए हैं।






### परियोजना की विशेषताएं

- **पूरी सहायता :** खेती के बीज, खाद, उपकरण, जुताई, और कटाई का खर्च जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जा रहा है।
- **समयसीमा :** परियोजना अक्टूबर 2024 में शुरू हुई है और फरवरी 2025 तक आलू की फसल कटाई की जाएगी।
- **तकनीकी प्रशिक्षण :** किसानों को विशेषज्ञों द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

**चिप्स प्रोसेसिंग प्लांट की योजना :** फसल उत्पादन के बाद, जिला प्रशासन एक आलू चिप्स प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की योजना बना रहा है। यह प्लांट पीवीटीजी किसानों द्वारा संचालित होगा, जिससे रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलेगा। प्रशासन ने आलू उत्पादन के लिए बाजार सहयोग की भी योजना बनाई है। किसानों को मार्केटिंग, ब्रांडिंग और बिक्री में सहयोग देकर उनकी आय को बढ़ाने की दिशा में काम किया जा रहा है। जिला योजना पदाधिकारी रमन आर्य ने कहा की यह परियोजना न केवल पीवीटीजी समुदाय के आर्थिक उत्थान में मददगार साबित होगी, बल्कि जिले में कृषि आधारित उद्यमिता को भी बढ़ावा देगी।

यह पहल गुमला जिले में पीवीटीजी समुदाय के सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र के विकास का एक उदाहरण प्रस्तुत करती है। चिप्स निर्माण और बाजार सहयोग से न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि उनकी आजीविका भी सुरक्षित होगी। गुमला जिला प्रशासन की यह पहल प्रदेश में अन्य जिलों के लिए भी एक प्रेरणा स्रोत बन सकती है।

## न्यूज | बॉक्स

### नशापान से दूर रहे स्कूली छात्र-छात्राएं, पढ़ाई कर अपनी करियर पर ध्यान दे : एसडीपीओ



**घाघरा।** घाघरा में एसडीपीओ ने घाघरा एस एस हाई स्कूल में छात्रों के साथ की बैठक, नशापान,गलत कार्यों से दूर रहने की कही बात घाघरा एसएस हाई स्कूल में छात्रों के साथ एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बैठक किया। बैठक में छात्रों को नशा पान से दूर रहने की बात कही। साथ उन्होंने कहा कि नशा पान से कई लोगों का जीवन नर्क बन जा रहा है।कई युवा वर्ग इस नशा पान से अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं आप सभी के सहयोग से इस पर रोक लगाया जा सकता है ग्रामीण क्षेत्र में बेचने वाले गांजा, भांग,ब्राउन शुगर की जानकारी दे आपकी सूचना गुप्त रखी जाएगी। इसके साथ ही ह्यूमन ट्रैफिकिंग, साइबर क्राइम, अपराध, पर रोक लगाने को लेकर सभी को जागरूक होने की बात कही। साथ ही एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि साइबर क्राइम में कई लोगों को मोबाइल के माध्यम से लॉटरी लगने की बात कह कर पैसे की मांग की जाती है। आप उसकी जांच करें। बैंक जाकर जांच कराए। किसी भी बैंक के नाम से आपके मोबाइल पर फोन कॉल आने पर किसी को अपना ओटीपी ना दे। नाबालिक को बहला फुसलाकर काम करने को लेकर बाहर ले जाना भी अपराध की श्रेणी में आता है। इसके साथ ही डायन बिसाही जैसी कोई चीज नहीं होती है लोग अंधविश्वास में ना पड़े। अन्यथा कानून वैसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करती है और उन्हें जेल भी जाना पड़ता है। इसके साथ ही कई अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी दी गई।

### नवनिर्वाचित विधायक की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात कर दी बधाई



**सिसई (गुमला)।** सिसई विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक जिगा सुसारण होरो जी से मुलाकात कर सिसई विधानसभा के कांग्रेस नेताओं ने दी जीत की बधाई। विधायक जिगा सुसारन होरो ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत रंग लाई है। क्षेत्र के जनता ने जो मुझे प्यार दिया है, और मुझपर एवं हमारे पार्टी पर जो भरोसा जताया है, इसके लिए मैं जनता का आभार व्यक्त करता हूँ। ये मेरी नहीं अपितु क्षेत्र की जनता की जीत है। हम क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करेंगे।तथा जन कल्यानकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, कामडारा अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा, बसिया अध्यक्ष विकास साहू, अजित गुड़िया सिसई विधानसभा अध्यक्ष सह उप प्रमुख निलेश उरांव, प्रखंड अध्यक्ष मनीष तिर्की, पूर्व अल्पसंखयक अध्यक्ष रजब अंसारी, साबिर अंसारी एवं अन्य शामिल थे।

### गुमला सदर अस्पताल में सिकल सेल एनीमिया उपचार पर डॉक्टरों का प्रशिक्षण संपन्न



**गुमला।** सदर अस्पताल, गुमला में सिकल सेल एनीमिया के उपचार और प्रोटोकॉल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र डॉ. अभिषेक रंजन (डी.एम. हेमेटोलॉजी) के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें बाल रोग विशेषज्ञ, पैथोलॉजिस्ट, चिकित्सा अधिकारी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) के प्रतिनिधियों सहित 30 डॉक्टरों ने भाग लिया। डॉ. रंजन ने सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया से संबंधित जटिलताओं, उनकी पहचान और उपचार के बारे में गहन जानकारी दी। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए आनुवंशिक परीक्षणों की सिफारिश की और रक्त आधान, दवाओं के उचित उपयोग, और बच्चों में बुखार प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया। सत्र में टीकाकरण, दर्द संकट प्रबंधन, और रक्त भंडारण की रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। डॉ. रंजन ने सिकल सेल स्क्रीनिंग और मरीजों की पहचान में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए इन्हें और मजबूत करने की अपील की। यह प्रशिक्षण सत्र गुमला जिले में सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ लड़ाई को मजबूत बनाने और मरीजों के बेहतर इलाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### सिसई विस से भाजपा प्रत्याशी डॉ अरुण उरांव की कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक

**गुमला।** सिसई विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरुण उरांव ने मंगलवार को भरनो प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में डॉ. उरांव ने बीते विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा की और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक का आयोजन ब्लॉक चौक भरनो स्थित नवयुग शिक्षा निकेतन के सभागार में भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीशंकर शाही की अध्यक्षता में हुआ। बैठक के दौरान डॉ. अरुण उरांव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हम अपनी कमियों को पहचानने की कोशिश कर रहे हैं और उन कमियों को सुधारने के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, हम निरंतर जनता की सेवा करते रहेंगे और अगले विधानसभा चुनाव में हमारी जीत निश्चित है। कार्यकर्ताओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि हमें और अधिक उत्साह के साथ काम करना है, क्योंकि पार्टी के कार्यकर्ता ही हमारी रीढ़ की हड्डी होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जीत-हार राजनीति का हिस्सा हैं, लेकिन वह हमेशा पब्लिक के बीच में रहकर समाज सेवा करते रहेंगे। बैठक में भाजपा के कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिनमें संतोष कुमार पांडा, पारस नाथ उरांव, किशोर साहू, अशोक कुमार केशरी, श्यामलाल अग्रवाल, चंद्रमोहन महतो, चंद्रभूषण पहान, नेशार खान, मूरारी केशरी, और बिट्टू गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

**कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)**
Email id:-np.hariharganj@gamil.com

**शुद्धि पत्र**

नगर पंचायत हरिहरगंज द्वारा प्रकाशित विज्ञापन Very Short Tender Notice No- UDD/HNP/03/2024-25, Date- 28.11.2024, जिसका PR No- 340664 District (24-25)_D, है। इस अति अल्पकालिन निविदा **(आमंत्रण सूचना संख्या–UDD/HNP/03/2024-25)** को विस्तारित किया जाता है, जो निम्नवत है :–

1.निविदाकर्ता का पदनाम एवं पता: कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हरिहरगंज।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय:दिनांक– 23.12.2024 को अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक।
3.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान: कार्यालय नगर पंचायत, हरिहरगंज।
4.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय: दिनांक– 24.12.2024 को 11 बजे पूर्वाहन से 01 बजे अपराह्न तक।
5.निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान:कार्यालय नगर पंचायत, हरिहरगंज।
6.निविदा खोलने की तिथि एवं समय:दिनांक– 24.12.2024 को 02 बजे अपराह्न 05 बजे तक।

**शेष सभी शर्तें यथावत रहेगी।**

विश्वासभाजन
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 341048 (District)24-25*D

## संपादकीय

# क्या प्राणवायु को मौलिक अधिकार बनाने का समय आ गया?

देश की राजधानी के वायु प्रदूषण की चिंताजनक स्थिति की गूंज झारखंड तक है। भारत के उच्चतम न्यायालय ने समय-समय पर पर्यावरणीय समस्याओं और उनके निवारण से संबंधित अधिकारों का सांविधानीकरण किया है, लेकिन क्या अब यह समय आ गया है, जब स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार को संविधान के मूल अधिकार के रूप में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया जाए? देश के शीर्ष न्यायालय ने एमके रणजीत सिंह बनाम भारत संघ, 2024 मामले में जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों के विरुद्ध अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार के अर्थ में शामिल अवश्य किया है, लेकिन स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार का स्पष्ट उल्लेख ही ऐसे अधिकारों के दावों को मजबूती प्रदान करेगा।न्यायपालिका द्वारा मान्यता प्राप्त मूल अधिकारों का दावा तभी किया जा सकता है, जब उनका सीधा संबंध संविधान में उल्लिखित किसी मूल अधिकार से हो। हालांकि सामान्य व्यक्तियों को अपने मूल अधिकारों के दावे की जटिल प्रक्रिया की समझ नहीं हो पाती। अगर ऐसा अधिकार स्पष्ट रूप से संविधान में उल्लिखित हो, तो उसके प्रति लोगों को जागरूक बनाना भी अपेक्षाकृत सरल होगा। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में चला गया था, हालांकि अब इसके स्तर में थोड़ी कमी आई है। गुणवत्ता नियामक उद्देश्यों के लिए कणों को उनके व्यास द्वारा परिभाषित किया जाता है। 10 माइक्रॉन या उससे कम व्यास वाले (पीएम10) धूलकण फेफड़ों में सांस के जरिये जा सकते हैं और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। फाइन पार्टिकुलेट मैटर को ऐसे कणों के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिनका व्यास 2.5 माइक्रॉन या उससे कम होता है (पीएम2.5)। इसलिए पीएम 2.5 में पीएम10 का एक हिस्सा शामिल होता है। कणों का एक विशेष वर्ग डीजल के ज्वलन से उत्पन्न उत्सर्जन में मौजूद होता है, जिसे डीजल कण पदार्थ (डीपीएम) कहते हैं। 90 प्रतिशत से अधिक डीपीएम का व्यास एक माइक्रॉन से कम होता है (मानव बाल के व्यास का लगभग 1/70वां हिस्सा), और इस प्रकार यह पीएम 2.5 का एक उपसमूह है। केंद्र की प्रदूषण निगरानी संस्था वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) में संशोधन करते हुए योजना के चरण 3 और चरण 4 के तहत दिल्ली और एनसीआर के जिलों में स्कूलों को बंद करना अनिवार्य कर दिया है। इससे पहले, इन उपायों को लागू करने का निर्णय राज्य सरकारों के विवेक पर था। जीआरएपी के चरण 3 के अंतर्गत एक अतिरिक्त निर्देश के तहत अब राज्य सरकारों को दिल्ली और एनसीआर के जिलों में सार्वजनिक कार्यालयों और नगर निकायों के समय को अलग-अलग करना होगा। मेनका गांधी बनाम भारत संघ, 1978 मामले में न्यायालय ने स्वच्छ पर्यावरण को 'प्राण' शब्द के अर्थ में शामिल किया था, लेकिन 1991 में सुभाष कुमार गुप्त बनाम बिहार राज्य का मामला अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें ही न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि संविधान में दिए गए जीवन के अधिकार का सही उपयोग करने के लिए स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार में प्रदूषण-रहित जल और वायु का अधिकार शामिल होगा। 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 से संविधान में राज्य और नागरिक, दोनों के लिए पर्यावरण संरक्षण का कर्तव्य जोड़ा गया था, लेकिन यह भी विदित है कि जब तक कर्तव्यों को अधिकारों के साथ सीधे नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक उनके निर्वहन के लिए किसी को जवाबदेह बना पाना आसान नहीं होगा।

# लहरों के पहरेदार, पराक्रम अपार


योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना के वीरों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 03 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान की सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तान की नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तान की नौसेना की कमर टूट गई। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2024 के नौसेना दिवस का विषय है 'नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और शक्ति'। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरुणः' अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें।भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम 'रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया। भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिंद महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टेक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को साइलेंट किलर कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तान की नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**


(04 दिसंबर भारतीय नौसेना दिवस पर विशेष)

## आपकी बात

# कहां चले गए हजारों बच्चे?


राकेश दुबे

भारत में हर दिन हजारों की संख्या में बच्चे लापता हो रहे हैं, वह भी एक ऐसे दौर में जब हर कहीं पलक झपकते सूचना पहुंच जाती हो, तो हर साल देशभर से लगभग 80,000 से ज्यादा बच्चों के गायब होने का क्या मतलब है? राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के दिसंबर 2023 में जारी आंकड़े बताते हैं कि साल 2022 में 83,350 बच्चे गायब हुए, जिनमें 20,380 लड़के व 62,946 लड़कियां और 24 ट्रांसजेंडर थे। इनमें ज्यादातर तलाश भी लिए गये लेकिन 2781 बच्चे हमेशा हमेशा के लिए ओझल हो गये। जबकि इसके पहले एनसीआरबी ने जो डाटा 2022 में पेश किया था, उसमें लापता हुए बच्चों की संख्या 76,069 थी। मतलब साफ है कि अगले एक साल में लापता हुए बच्चों की संख्या में तकरीबन 6000 की बढ़ोतरी हो गई। जबकि 2021 में गायब होने वाले बच्चों की संख्या सिर्फ 33,650 थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि बच्चों के गायब होने की संख्या में भारी बढ़ोतरी हो रही है। सवाल है एक तरफ जहां बच्चों की सुरक्षा के लिए हर साल नई से नई बातें कही जाती हैं, कसमें खायी जाती हैं और आधुनिक से आधुनिक उपकरण लगाकार सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। फिर भी मासूमों के गायब होने के सिलसिले में जरा भी कमी आने की बजाय बढ़ोतरी क्यों रही है? अगर इस मामले में हम एनसीआरबी के आंकड़ों की जगह उन गैरसरकारी संस्थाओं पर यकीन करें, जो बच्चों के लापता होने की समस्या में काम करती हैं, तो बच्चों के गायब होने की वास्तविक संख्या इससे ज्यादा है। इनके मुताबिक तो हर साल 80-85 हजार नहीं बल्कि कई लाख बच्चे गायब हो रहे हैं। यही वजह है कि आज देश में हर एक मिनट में कम से कम दो बच्चे गायब हो रहे हैं। घर से बिछुड़कर आखिर ये मासूम कहां चले जाते हैं? क्योंकि जो बच्चे अगले एक महीने तक नहीं मिलते, घरों से गायब होने वाले ऐसे बच्चों के घर वापस न आने की आशंका करीब सौ प्रतिशत हो जाती है। गायब होने के बाद जो बच्चे मिल जाते हैं, उनके बारे में तो हम थोड़ा-बहुत जानते भी होते हैं कि इन्हें कौन और कैसे बहला-फुसलाकर ले गया था, लेकिन जो बच्चे कभी लौटकर आये ही नहीं, उनके बारे में मां-बाप कुछ भी नहीं जानते। संचार के साधनों के बावजूद एक-डेढ़ प्रतिशत बच्चे गायब होने के बाद कभी वापस नहीं आते। हालांकि अपराधियों की धड़पकड़ में हाल के सालों में इजाफा हुआ है। पुलिस के पास आज पहले के मुकाबले जांच पड़ताल के बेहतर संसाधन हैं, इसके बाद भी गायब बच्चों की एक तय संख्या लौटकर घर नहीं आती, तो आखिर उनका होता क्या है? उनका कोई सुराग क्यों नहीं मिलता? नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ऑफ इंडिया के डाटा विश्लेषण के मुताबिक हर दिन हजारों की संख्या में गायब होने वाले बच्चों में से बहुत मामूली संख्या में ही बच्चे लौटकर आ पाते हैं। सैकड़ों बच्चों की तो रिपोर्ट ही नहीं लिखी जाती, उनके मां-बाप द्वारा कोशिश किये जाने पर पुलिस उन्हें डांटकर थाने से भगा देती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज की बात

# साबरमती का अवरुद्ध प्रवाह


राकेश कुमार वर्मा

कश्यप ऋषि के तप से प्रवाहित स्वजभ्रमति (साबरमती नदी) गंगा की तरह स्थान वस्तुओं को स्पर्श कर जीवंत बना रही है, जिससे वसुंधरा का भूषण समृद्ध है। सिने साहित्य से भी इससे स्त्रवित सृजन से प्रेरित रचनात्मकता की अपेक्षा है जिसके चिंतन और संवाद से समाज में ऐसा तादात्म्य स्थापित हो जहां सात्विक आकांक्षाये पल्लवित हों। समेकित घटना समेत स्वर्णिम अतीत की व्याख्या की उपेक्षा करते हुए फिल्म साबरमती रिपोर्ट की प्रस्तुति कुत्सित राजनीतिक मंसूबों को उजागर कर संवैधानिक मूल्यों का हनन करती प्रतीत होती है। स्वभ्रमति का अर्थ दरार या संधि से है जो अरावली के गर्भ से प्रभावित होने का संकेत है जिसकी महिमा को जैन मुनि बुद्धिसागर सुरीश्वर ने काव्यबद्ध किया है। महात्मा गांधी ने 25 मई 1915 को अहमदाबाद के कोचरब स्थित इसके तंत्र पर सत्य अहिंसा सेवा व्रत पर केन्द्रित तपस्थली बनाई जो स्वतंत्रता संग्राम की आत्मस्मृति है। आख्यानों में यहां ऋषि दाधीच का आश्रम था जिन्होंने लोक कल्याण के लिए अपनी अस्थियां समर्पित कर एक युग का परिष्कार किया, जिनका उद्घोष हमारी संस्कृति को गौरान्वित करता है। 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस पर हुई हिंसक घटना ने संत वल्लभाचार्य के उस आस्था का खंडन किया है जिसमें बताया गया था कि एक मुस्लिम ने अपनी बेटी को सपने में जो शहर (गोधरा) दिखाया था उसे किस तरह एक हिंदू परिवार को सौंप दिया। अवसरवाद की राजनीति ने इसके प्रतिशोध में जो दुष्पारिणाम दिये उससे पूरा देश झुलस गया ।इसने कई निदोर्षों की न केवल जान ली बल्कि बिल्किसबानो जैसी अनगिनत अबलाओं के जख्मों को सीने में ही दफन करने को विवश किया। घटनाओं से आहत होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जो प्रतिक्रिया दी वह आज स्वस्थ्य राजनीति का अनुपम उदाहरण है। महाभारत का दंभ भरने वालों को इसमें निहित तथ्यों का विश्लेषण करने की आवश्यकता है। वस्तुतः यह एक कुशल शासक बनाने के मापदण्ड निर्धारित करने के साथ ही यह बताता है कि इसके लिए क्या मूल्य चुकाना पड़ता है इसके बाद भी मोक्ष के लिए संघर्ष करना पड़ता है। लेकिन उसके प्रतिकूल कथित धर्मान्धता का षड्यंत्र बदस्तूर जारी है। आज इस प्रस्तुति से विविधताओं में एकत्व के दर्शन, त्याग, अहिंसा और बलिदान की यह धरा विभाजन विभीषिका के जख्मों से पुनः हरी हो गई जिसकी मुंजानिब कृश्न चंदर की पेशावर एक्सप्रेस बयां कर रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

भगवान कृष्ण ने कहा: वह सर्वोच्च योगी है जो सभी मनुष्यों का समभाव के साथ सम्मान करता है।... क्रोध और घृणा से कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। प्रेम लाभान्वित करता है। आप किसी व्यक्ति को डरा सकते हैं, परन्तु एक बार वह व्यक्ति पुनः उठ जाए, तो वह आपको नष्ट करने का प्रयास करेगा।

# नकारात्मक भावनाओं पर विजय प्राप्त करना


श्री श्री परमहंस योगानंद

यदि आप कूटस्थ चेतना विकसित करना चाहते हैं, तो सहानुभूतिशील बनना सीखें। जब दूसरों के लिए आपके हृदय में विशुद्ध भाव आते हैं, तब आप उस महान चेतना को प्रकट करना आरम्भ कर रहे हैं।... भगवान कृष्ण ने कहा: वह सर्वोच्च योगी है जो सभी मनुष्यों का समभाव के साथ सम्मान करता है।... क्रोध और घृणा से कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। प्रेम लाभान्वित करता है। आप किसी व्यक्ति को डरा सकते हैं, परन्तु एक बार वह व्यक्ति पुनः उठ जाए, तो वह आपको नष्ट करने का प्रयास करेगा। तब आपने उसे जीता कैसे है? आपने जीता नहीं है। विजय का एकमात्र मार्ग प्रेम ही है। और जहाँ पर आप विजय प्राप्त नहीं कर सकते, वहाँ केवल मौन हो जाएँ या बाहर चले जाएँ और उसके लिए प्रार्थना करें। आपको इसी तरह से प्रेम करना चाहिए। यदि आप अपने जीवन में इसका अभ्यास करते हैं, तो आपको अकल्पनीय शान्ति प्राप्त होगी। मैं प्रत्येक व्यक्ति को दयापूर्ण, विचारशील कार्यों द्वारा प्रसन्न करने का प्रयास करूँगा, जानबूझकर या अनजाने में, मेरे द्वारा जो गलतफहमी पैदा हुई उसे हटाने का सदैव प्रयास करता रहूँगा। आज मैं उन सब को क्षमा कर दूँगा जिन्होंने कभी मुझे ठेस पहुँचाई हो, तथा सभी प्यासे हृदयों को अपना प्रेम दूँगा, जो मुझे प्रेम करते हैं उन्हें तथा जो नहीं करते उन्हें भी।

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**ब्रह्मऋषि होकर पुजे, तप से विश्वामित्र।**
**लोग बदलना चाहते, बदले बिना चरित्र॥**
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

## देश की बात

# 'एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के मर्म को समझा हिंदू समाज ने


आर.के. सिन्हा

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम पर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पांच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक विफलता के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर ले। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था, जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, एक हैं तो सुरक्षित हैं। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था। बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ हिंदू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिन्दू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे ह्यबटेंगे तो कटेंगेह्न से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिंदू मतदाता जुड़े, क्योंकि कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना (उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिंदू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिंदुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिंदू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। प्रधानमंत्री मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थी-भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है। मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे का इस्तेमाल किया।आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिंदू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### आज भी है 40 वर्ष पहले हुई भोपाल गैस त्रासदी का दुष्प्रभाव

# पीड़ितों को न्याय दिलाने सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**एजेंसी। भोपाल (आईएएनएस)**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 40 साल पहले हुई यूनियन कार्बाइड गैस त्रासदी की याद मंगलवार को फिर से ताजा हो गई। इस हादसे का शिकार बने लोगों की याद में हजारों लोग सड़कों पर उतरे और उन्होंने न्याय की गुहार लगाई। ज्ञात हो कि भोपाल में यूनियन कार्बाइड संयंत्र से दो-तीन दिसंबर 1984 की रात को जहरीली गैस का रिसाव हुआ था। इस हादसे में हजारों लोगों की मौत हुई थी और लाखों लोग इससे प्रभावित हुए थे। अभी भी हजारों लोगों के अलावा जन्म लेने वाले कई बच्चे इस जहरीली गैस के दुष्प्रभाव से प्रभावित हैं। अपने हक की लड़ाई लड़ने वाले थके नहीं हैं और संघर्ष को जारी रखने में पीछे भी नहीं हैं।

मंगलवार को हादसे की 40वीं बरसी पर प्रभावितों की लड़ाई लड़ने वाले चार संगठनों की अगुवाई में लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान रैली निकाली गई। पीड़ितों के लिए संघर्ष करने वाले संगठनों को उम्मीद है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सत्ता संभालने के बाद न्याय दिलाएंगे।



चार संगठनों की अगुवाई में रैलियां निकाली गईं

ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा ने कहा, भोपाल के भूजल जिसे डाउ केमिकल द्वारा साफ किया जाना चाहिए, वह लगातार बढ़ रहा है और रसायन 3 किलोमीटर दूर चला गया है। डाउ केमिकल यूनियन कार्बाइड की संपत्तियों को आईओसीएल, गेल और जीएसीएल जैसे भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों को बेच रहा है और पिछले दो वर्षों से दावा कर रहा है कि आपदा पर आपराधिक मामले में अमेरिकी निगम भारतीय अदालतों के प्रति जवाबदेह नहीं हैं।

महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा के नवाब खान ने भोपाल हादसे के पीड़ितों के साथ हो रहे अन्याय पर रोष जाहिर किया है और कहा कि यदि भोपाल में किसी महामारी के कारण यह हादसा हुआ होता, तो विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने राहत प्रदान करने के लिए विशेष स्वास्थ्य देखभाल और दीर्घकालिक अनुसंधान केंद्र स्थापित किए होते और 40 वर्षों के बाद की तस्वीर बहुत अलग होती। लेकिन, यह स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय राहत एजेंसियां भी कॉरपोरेट अपराध के पीड़ितों के साथ निगमों और सरकारों की तरह ही व्यवहार करती हैं।

## यूसी और डाउ केमिकल के खिलाफ कार्रवाई की मांग

भोपाल गैस त्रादसी से पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की अध्यक्ष रशीदा बी ने कहा, रोनाल्ड रीगन से लेकर बराक ओबामा तक के बाद के अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने यूनियन कार्बाइड(यूसी) और डाउ केमिकल को भारत में अभियोजन से सक्रिय रूप से बचाया है। हम चाहते हैं कि ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाने के अपने प्रयास में भोपाल में अन्याय के लंबे इतिहास को समाप्त करें। हमें उम्मीद है कि वह यूनियन कार्बाइड और डाउ केमिकल के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। भोपाल गैस त्रादसी निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के बालकृष्ण नामदेव ने कहा, 2008 में, मनमोहन सिंह सरकार ने पीड़ितों के दीर्घकालिक चिकित्सा, आर्थिक और सामाजिक पुनर्वास के लिए भोपाल में चिकित्सा आयोग की स्थापना करना स्वीकार किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विरोध के कारण ही भोपाल में मेडिकल कमीशन का गठन नहीं हो सका था। आज, सभी वैज्ञानिक अध्ययन 5 लाख जीवित बचे लोगों में चल रही बीमारियों और निरंतर मौतों और उनके बच्चों पर स्वास्थ्य प्रभाव की ओर इशारा

# दिल्ली की सड़कों पर चलेंगी 150 मोहल्ला बसें

**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**


मुख्यमंत्री आतिशी ने किया निरीक्षण

दिल्ली में रहने वाले लोग जो ऑफिस जाने के लिए डीटीसी बसों का प्रयोग करते हैं, उन्हें दिल्ली सरकार ने मोहल्ला बस का तोहफा दिया है। 9 मीटर की इन छोटी बसों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी के तहत शुरू किया जा रहा है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने 150 मोहल्ला बसों का निरीक्षण किया। 9 मीटर की ये ध्वनिरहित बसें भीड़भाड़ वाले इलाकों के लिए बनाई गई हैं, इनका ट्रायल पहले ही पूरा हो चुका है। बसों का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि दिल्ली की अनूठी मोहल्ला बसें 9 मीटर लंबी इलेक्ट्रिक लो-फ्लोर बसें हैं। 150 बसों का पहला जत्था आ चुका है। ये बसें तैयार हैं और दो रूटों पर इनका ट्रायल भी हो चुका है। आज हम इन बसों और इनके चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण करने आए हैं। एक बार जब ये 150 बसें दिल्ली की सड़कों पर आ जाएंगी, तो ये मोहल्ला बसों के रूप में काम करेंगी, जो 9 मीटर लंबी हैं और भीड़भाड़ वाले इलाकों तक पहुंच सकती हैं, जहां 12 मीटर की बड़ी इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसें नहीं जा सकती हैं। इस बस में खास बात यह है कि जब तक बस के दरवाजे बंद नहीं होते हैं बस नहीं चलेगी।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर नई दिल्ली में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# दिव्यांग को बाधा मुक्त वातावरण देना प्राथमिकता होनी चाहिए



राष्ट्रपति ने 22 व्यक्तियों और 11 संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कहा कि दिव्यांगजनों को बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रपति नई दिल्ली में वर्ष-2024 के लिए 22 व्यक्तियों और 11 संस्थानों को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इन पुरस्कारों का दूरगामी सामाजिक महत्व है। इनका अनुकरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थाएं दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं।

उन्होंने कहा कि पूरी मानवता को दिव्यांगजनों को सहज और समान महसूस कराना चाहिए। उन्हें हर तरह से बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। सही मायनों में वही समाज संवेदनशील कहा जा सकता है, जिसमें दिव्यांगजनों को समान सुविधाएं और अवसर मिले। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस की थीम 'समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देना' का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांगजनों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देना, उनके कौशल का विकास करना, रोजगार प्रदान करना, उनके उत्पादों की खरीद और विपणन सुविधाएं प्रदान करना उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांग होना किसी भी तरह की कमी नहीं है। यह एक विशेष स्थिति है। दिव्यांगजनों को सहानुभूति की नहीं, उन्हें दया की नहीं, संवेदनशीलता की जरूरत है। उन्हें विशेष ध्यान की नहीं, बल्कि स्वाभाविक स्नेह की जरूरत है। समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दिव्यांगजन समाज के अन्य सदस्यों के साथ समानता, गरिमा और सम्मान का अनुभव करें। राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह काम करने का अवसर दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास और सार्थक जीवन जीने की भावना पैदा करता है। इस प्रकार, रोजगार, उद्यम और आर्थिक सशक्तीकरण के माध्यम से उनके जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है।इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सचिव राजेश अग्रवाल भी उपस्थित थे।

## बिहार में चौकीदार की चाकू मारकर हत्या

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में थाने के एक चौकीदार की अज्ञात अपराधियों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मंगलवार को उनका शव सुनसान स्थल से बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बंगरा गांव निवासी झमिंद्र राय बैकुंठपुर थाने में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। बताया गया कि सोमवार की शाम वह गमहरी बथानी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वह देर रात अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने उनकी चाकू मारकर हत्या कर दी। इनका शव मंगलवार को सोनवलिया बांध के पास से बरामद किया गया।

## पुलिस ने दो महिला आतंकवादी सहयोगियों को हिरासत में लिया

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर में दो महिला आतंकवादी सहयोगियों (ओजीडब्ल्यू) को सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोनों महिलाएं जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा और स्थिरता के लिए बड़ा खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों में शामिल थीं। महिलाओं की पहचान मरियम बेगम पत्नी मोहम्मद शफीक और अरशद बेगम पत्नी स्वर्गीय जमाल दीन के रूप में हुई है। मरियम बेगम बसंतगढ़ के लौधारा और अरशद बेगम राय चक की निवासी हैं।

# चीन से वार्ता में सीमा पर अमन-चैन को प्राथमिकता : एस जयशंकर

**विदेश मंत्री ने कहा**

- दोनों पक्षों को एलएसी का सख्ती से सम्मान और पालन करना चाहिए
- कुछ क्षेत्रों के बारे में वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर समझ का अभाव


संसद : शीतकालीन सत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा को जानकारी दी कि चीनी कार्रवाई के चलते सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग होने के कारण भारत-चीन संबंध 2020 के बाद से सामान्य नहीं रहे थे। हमारे निरंतर राजनयिक प्रयासों से हाल ही में संबंधों में कुछ सुधार आया है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा में भारत-चीन संबंधों पर एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति और अमन-चैन रिश्तों के सामान्य होने की पहली शर्त है। चीन के साथ बातचीत में राष्ट्रीय हितों को व्यापक तौर पर साधा जा रहा है। दोनों पक्षों (भारत और चीन) को एलएसी का सख्ती से सम्मान और पालन करना चाहिए। किसी भी पक्ष को यथास्थिति को एकतरफा बदलने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य ढांचे पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चा के माध्यम से चीन के साथ जुड़ने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। दोनों देशों के बीच कुछ क्षेत्रों के बारे में वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर समझ का अभाव है। विदेश मंत्री ने सदन को डेप्सांग और डेमचोक के संबंध में 21 अक्टूबर, 2024 को हुए समझौते के बारे में सूचित किया। उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों को लेकर अस्थिरता की स्थिति और इनके द्विपक्षीय संबंधों पर प्रभाव को देखते हुए समझौता जरूरी था। हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में अग्रिम तैनाती हटाने को लेकर अंतिम समझौता होने के बाद से दोनों क्षेत्र सितंबर 2022 से चीनी पक्ष के साथ डब्ल्यूएमसीसी और एसएचएमसी दोनों में हमारी चर्चा का केंद्र रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि 21 अक्टूबर को बनी सहमति के बाद प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 23 अक्टूबर को कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान एक बैठक की। उन्होंने इस सहमति का स्वागत किया और विदेश मंत्रियों को बैठक कर संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण करने का निर्देश दिया।

जयशंकर ने कहा कि सदन को पता है कि वर्ष 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं, जब चीनी कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द्र भंग हुआ था। हाल के घटनाक्रम जो तब से हमारे निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाते हैं, जिससे हमारे संबंधों में कुछ प्रगति हुई है।

## संभल हिंसा सोची-समझी साजिश : अखिलेश यादव

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया और यूपी के कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में संभल हिंसा पर बयान देते हुए इस घटना को सोची-समझी साजिश करार दिया। उन्होंने संभल में माहौल बिगाड़ने वाले लोगों के साथ पुलिस और प्रशासन को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि इन्हें निलंबित किया जाना और हत्या का मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट‌ए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## पुलिस ने सैकड़ों किसानों को हिरासत में लिया

**नोएडा ।** नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर धरने पर बैठे किसानों को मंगलवार को हिरासत में ले लिया गया है। हजारों की संख्या में दलित प्रेरणा स्थल पर पहुंचे पुलिस बल ने सैकड़ों किसानों को हिरासत में ले लिया और दलित प्रेरणा स्थल को खाली कराया जा रहा है। किसानों ने जबरन धरना खत्म कराने का आरोप पुलिस अधिकारियों पर लगाया है। यह भी कहा है कि मंगलवार सुबह से ही कई किसान नेताओं के घरों पर और दलित प्रेरणा स्थल पर पहुंचने वाले किसानों को पुलिस वालों ने रास्ते में ही रोककर हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह से ही अलग-अलग संगठनों के किसान नेताओं के घरों पर पुलिस बल पहुंचने लगे थे और दलित प्रेरणा स्थल पर मौजूद तकरीबन 100 के आसपास किसानों को भी बड़ी संख्या में पुलिस बल ने सुबह से ही घेरना शुरू कर दिया था।

## ममता बनर्जी से बड़ा कोई नेता नहीं : कीर्ति आजाद

नई दिल्ली। टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने केंद्र पर पक्षपात का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र द्वारा बंगाल को जानबूझकर बदनाम और परेशान किया जा रहा है। राज्य को पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है और सीएम ममता बनर्जी अकेले ही यह लड़ाई लड़ रही हैं। कीर्ति आजाद ने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बड़ा कोई नेता नहीं है। उन्हें इंडिया ब्लॉक का नेता होना चाहिए। आने वाले समय में वह प्रधानमंत्री भी बनेंगी। कीर्ति आजाद ने कहा कि जहां पर भाजपा की सरकार नहीं है और जितने भी राज्य विपक्षी हैं खासतौर पर बंगाल के साथ अन्याय हो रहा है। बंगाल में भाजपा की दाल नहीं गलती है। इसलिए यहां पर अन्याय और अत्याचार करते हैं। आवास योजना के पैसे हमारी सरकार ने दिए हैं। बुजुर्ग पेंशन के पैसे हमारे लोग दे रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से बंगाल के लिए बहुत सारी योजनाएं आनी चाहिए।

## रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे हालात में भी किफायती दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया गया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण हाल ही में उत्पन्न भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद सरकार ने आवश्यकता के आधार पर एनबीएस सब्सिडी दरों के अतिरिक्त विशेष पैकेज प्रदान करके किफायती मूल्यों पर उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की है। ताकि उर्वरकों का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर रहे और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम किया जा सके।


**कार्यालय : जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त, पलामू**
**(जिला नजारत शाखा)**
Tel. No. ( Office) – 06562-231044
E-mail ID –dc-pal@nic.in

**निविदा**

पलामू जिला में अतिविशिष्ट व्यक्तियों के कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए सभा आयोजन स्थल पर पण्डाल (German Hanger Structure), उपस्कर एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं हेतु जिला प्रशासन, पलामू के द्वारा एतद् के माध्यम से निविदा दिनांक 27.12.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित शर्त्तों एवं नियमों को जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू

PR 341080 District (24-25)_D

**कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव**
**Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com**

पत्रांक– 1148, न0पं0 दिनांक– 03.12.2024

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मझिऑव अंतर्गत स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (चतुर्थ घटक) के तहत लाभान्वित निम्न लाभुको को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव द्वारा प्रथम किस्त (45000रू) की राशि निर्गत किये जाने के बावजुद भी आपके द्वारा आवास निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जो बहुत ही खेद का विषय है। इस कार्यालय के द्वारा आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु आपको कई बार सूचना दी गई है, फिर भी आपके द्वारा आवास निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिससे ऐसा प्रतित होता है कि आप आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु इच्छुक नहीं है। लाभुक की सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

अतः उक्त लाभूकों को सामाचार पत्र के माध्यम से अंतिम बार सूचित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर आवास निर्माण का कार्य प्रारम्भ करते हुए कार्यालय में सूचित करेंगे। उक्त अवधि तक आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ नही करने पर उनके खिलाफ नगर पंचायत मझिऑव विधिसम्मत कार्रवाई (निलाम पत्र वाद, प्राथमिकी, बैंक खाता फ्रिज इत्यादि) करने हेतु स्वतंत्र होगा, जिसके लिए लाभुक स्वयं जिम्मेवार होंगे एवं बाद में कोई भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 341109 Urban Development(24-25).D

**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू**
**(जिला नजारत शाखा)**

**अल्पकालीन–निविदा**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– उप विकास आयुक्त, पलामू।
2. RPF जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.12.2024 को 01.00 PM बजे तक
3. RPF जमा करने का स्थान :–जिला नजारत शाखा, पलामू।
4. RPF खोलने का स्थान :– उप विकास आयुक्त, पलामू के वेश्म
5. RPF खोलने का तिथि एवं समय :– 20.12.2024 को 03.00 PM बजे

परिसदन भवन, मेदिनीनगर पलामू में आगंतुक/अतिथियों के उपयोग हेतु विभिन्न सामग्रियों का क्रय किया जाना है।

निम्नलिखित आवश्यक फर्नीचर एवं अन्य सामग्रियों का आपूर्ति करने हेतु इच्छुक संस्थन/प्रतिष्ठान से दिनांक 20.12.2024 को 01.00 PM बजे तक निम्नांकित शर्तो के अधीन प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक संस्थान/प्रतिष्ठान जिला नजारत शाखा, पलामू समाहरणालय परिसर, ब्लॉक–ए में जमा कर सकते हैं।

**Required Items**

| SL. No. | ITEM NAME | QTY | UNIT |
|---|---|---|---|
| 1 | महाराजा सोफा (9 Seater) | 01 | सेट |
| 2 | महाराजा सोफा (8 Seater) | 01 | सेट |
| 3 | महाराजा सोफा (7 Seater) | 01 | सेट |
| 4 | Centre टेबल | 01 | पीस |
| 5 | 4 Seater सोफा | 01 | सेट |
| 6 | ऑउटडोर सोफा (8 Seater) | 01 | सेट |
| 7 | ऑउटडोर सोफा (6 Seater) | 01 | सेट |
| 8 | बेड with T- Box | 01 | पीस |
| 9 | मैटरेस | 01 | पीस |
| 10 | गिजर | 01 | पीस |
| 11 | स्टेडी टेबल | 01 | पीस |
| 12 | डैनिंग टेबल 6 Seater with Chair | 01 | पीस |
| 13 | ए0सी0 2 टन | 01 | पीस |
| 14 | उड़ेन आलमीरा | 01 | पीस |
| 15 | डस्टबीन | 01 | पीस |
| 16 | Revolving चेयर | 01 | पीस |
| 17 | सिलिंग फेन मॉडलर (BLDC) | 01 | पीस |
| 18 | फरैमिंग सिनरी | 01 | पीस |
| 19 | सिनरी बड़ा | 01 | पीस |
| 20 | डोरमैट | 01 | पीस |
| 21 | फलावर पॉट | 01 | पीस |
| 22 | बेड रनर | 01 | पीस |
| 23 | टेबल मैट | 01 | पीस |
| 24 | ग्रीन मैट | 01 | रौल (500 वर्गफुट) |
| 25 | मेन गेट डोरमैट | 01 | पीस |
| 26 | मिटिंग हॉल डोरमैट | 01 | पीस |
| 27 | रग | 01 | पीस |

1. उपरोक्त सामग्री आपूर्ति करने हेतु इच्छुक फर्म/संस्थान निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा शुल्क के रूप में 5000/– (पाँच हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट (Non Refundable) समर्पित करना होगा, जो उपायुक्त, पलामू के पदनाम से देय होगा।
2. MSME में निबंधित फर्म/संस्थान को निविदा शुल्क से exemption के लिए MSME Certificate संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. इच्छुक फर्म/संस्थान को Earnest Money (EMD) के रूप में 50,000/– रू0 का डिमांड ड्राफ्ट (उपायुक्त, पलामू के पदनाम से देय) संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो असफल संस्थान को वापस कर दिया जाएगा।
4. इच्छुक फर्म/संस्थान के पास झारखण्ड राज्य में निबंधित G.S.T. No. एवं पैन कार्ड का होना अनिवार्य है।
5. फर्म/प्रतिष्ठान के काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी शपथ पत्र (issued by Executive Magistrate) संलग्न करना होगा।
6. निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन G.S.T. Return (GSTR 3B) एवं अद्यतन आयकर रिटर्न (विर्गत तीन वर्षो का) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. प्रस्ताव के साथ सामग्रियों का User Manuals एवं Guarantee का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
8. सफल फर्म/संस्थान को निर्गत कार्यादेश की तिथि से 07 दिनों के अंदर सामग्रियों का आपूर्ति पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
9. इच्छुक फर्म /संस्थान को Tecnical Proposal एवं Financial Proposal अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में समर्पित करना होगा।
10. तकनीकी प्रस्ताव में सफल संस्थान का ही वित्तीय प्रस्ताव खोला जायेगा।
11. RFP की स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने एवं किसी भी शर्त को शिथिल करने का अधिकार उप विकास आयुक्त, पलामू को सुरक्षित होगा।
12. सभी सामग्री का दर GST सहित होगा।
13. भविष्य में आवश्यकता के अनुसार इस दर के अनुरूप समान का क्रय/भुगतान किया जाएगा।

उप विकास आयुक्त
पलामू।

PR 341078 (District) 24-25 (D)

# भारत नेत्रहीन महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा

## पाकिस्तान का इससे कोई लेना-देना नहीं : सीएबीआई प्रमुख




**बीसीसीआई ने आईसीसी को बताया कि केंद्र सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बाद भारतीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ (सीएबीआई) के अध्यक्ष महंतेश जी. किवादासन्नावर ने पाकिस्तानी मीडिया पर यह कहकर "अनावश्यक भ्रम" पैदा करने का आरोप लगाया कि भारत से अगले साल नवंबर में होने वाले नेत्रहीन महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार छीन लिए गए हैं। कई पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट्स ने रिपोर्ट की है कि भारत के नेत्रहीन महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार रद्द कर दिए गए हैं, क्योंकि देश ने 'चल रहे नेत्रहीन पुरुष टी20 विश्व कप में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने' का फैसला किया है। यह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए चल रही अराजकता के बीच आया है, जहां बीसीसीआई ने आईसीसी को बताया कि केंद्र सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बाद भारतीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। किवादासन्नवर ने 'आईएएनएस' को फोन पर बताया, "यह गलत खबर है। हमने पिछले साल ही मेजबानी के अधिकार जीते हैं। हमने एजीएम में अभी-अभी कार्यप्रणाली पर चर्चा की है। पाकिस्तान का महिला विश्व कप से कोई लेना-देना नहीं है। अगर भारत सरकार हमें पाकिस्तान को भारत में आयोजित करने की अनुमति देती है, तो यह भारत में ही आयोजित किया जाएगा। अन्यथा, हम भारत के साथ नेपाल या श्रीलंका में इसे आयोजित करने के लिए हाइब्रिड मॉडल की संभावना तलाश रहे हैं। सोमवार को पाकिस्तान के मुल्तान में आयोजित विश्व दृष्टिहीन क्रिकेट परिषद (डब्ल्यूबीसीसी) की 26वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान इस बात पर चर्चा हुई कि "भारत नवंबर 2025 में दृष्टिहीनों के लिए पहली बार महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा, जिसमें तटस्थ स्थल या हाइब्रिड मॉडल का इस्तेमाल किया जाएगा।

किवादासन्नवर ने कहा, "पाकिस्तानी मीडिया को अपना मुंह बंद रखना चाहिए और गलत खबरें साझा करना बंद कर देना चाहिए। उन्हें भ्रम पैदा करना बंद कर देना चाहिए क्योंकि अगर ऐसा है, तो भारत विश्व कप सहित किसी भी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान को आमंत्रित नहीं करेगा।" इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान में खेले जा रहे पुरुष टी-20 ब्लाइंड क्रिकेट विश्व कप के चौथे संस्करण से अपना नाम वापस ले लिया था, क्योंकि वह टीम को पाकिस्तान जाने के लिए भारत सरकार से मंजूरी नहीं दिला पाया था।

## नाहिद राणा के पंजे से वेस्ट इंडीज 146 पर ढेर

**किंग्सटन ।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने कहा कि उन्होंने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं देने पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे मेजबान टीम को मंगलवार को 146 रन पर आउट कर दिया गया। अपना छठा टेस्ट खेल रहे नाहिद ने 18 ओवर में 5-61 के आंकड़े के साथ वापसी की और बांग्लादेश को मैच में बढ़त दिलाई। हालांकि, उनकी पहली पारी 164 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश ने जकर अली (नाबाद 29) और तैजुल इस्लाम (नाबाद 9) की बदौलत स्टंप्स तक 193/5 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल कर ली। इससे पहले बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज और शादमान इस्लाम ने क्रमशः 42 और 46 रनों की पारी खेली। सीरीज में 1-0 से पीछे चल रही बांग्लादेश की टीम ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर कब्जा कर लिया।

## भारतीय टीम महिला ओमान हुई रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम मंगलवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप 2024 के लिए रवाना हुई। जूनियर एशिया कप, जो एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए एक क्वालिफाइंग इवेंट है, 7 से 15 दिसंबर तक मस्कट, ओमान में आयोजित किया जाना है। भारतीय टीम पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से भिड़ेगी, जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल होंगे। गत चैंपियन के रूप में भारत के अभियान की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगी। टीम में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता, मुमताज खान, दीपिका और ब्यूटी डुंगडुंग जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्हें सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है।

# 2 ओलंपिक मेडल जीतने वाली पीवी सिंधु बनेंगी दुल्हन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने हाल ही में सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट का खिताब जीता और लंबे समय बाद ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया। 29 साल की सिंधु अब दुल्हन बनने के लिए तैयार हैं। वह 22 दिसंबर 2024 को उदयपुर में सात फेरे लेंगी। सिंधु हैदराबाद में रहने वाले वेंकट दत्ता साई से शादी करेंगी, जो पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजीस में कार्यकारी निदेशक हैं। उनकी शादी के लिए पिता पीवी रमना ने अहम जानकारी शेयर की है।

### 20 दिसंबर से शुरु होंगे शादी के कार्यक्रम

पीवी सिंधु के पिता पीवी रमना ने पीटीआई को बताया कि दोनों परिवार एक-दूसरे को जानते थे लेकिन एक महीने पहले ही सब कुछ तय हुआ। यह एकमात्र संभावित समय था क्योंकि जनवरी से उसका (सिंधु का) कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है। यही कारण है कि दोनों परिवारों ने 22 दिसंबर को शादी समारोह आयोजित करने का फैसला किया। रिसेप्शन 24 दिसंबर को हैदराबाद में होगा। वह जल्द ही अपनी ट्रेनिंग शुरू कर देंगी क्योंकि अगला सेशन काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। शादी से जुड़े कार्यक्रम 20 दिसंबर से शुरू होंगे।

### विश्व चैंपियनशिप में जीत चुकी हैं 5 मेडल

पीवी सिंधु को भारत की सबसे दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, जिन्होंने 2019 में स्वर्ण सहित विश्व चैंपियनशिप में पांच पदक जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक भी जीता है। इस चैंपियन बैडमिंटन खिलाड़ी ने रियो 2016 और टोक्यो 2020 में लगातार ओलंपिक पदक जीते। वह ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली कुल चौथी भारतीय प्लेयर हैं। उनके अलावा मनु भाकर, सुशील कुमार और नीरज चोपड़ा ओलंपिक में दो मेडल जीत चुके हैं। सिंधु ने साल 2017 में करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग नंबर दो हासिल की।



### 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024

# झारखंड ने महाराष्ट्र को 12-0 गोल से किया पराजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 26 नवंबर से 06 दिसंबर तक सिकंदराबाद में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड के बीच क्वार्टरफाइनल मैच का मुकाबला हुआ। इसमें झारखंड ने 12-00 गोल से इस मैच में शानदार जीत हासिल कर सेमीफाइनल मैच के लिए अपनी जगह बनाई। इस मैच में गोल करने वाले खिलाड़ियों में लेवनी हेमरोम (5 गोल, 1ले 16वें, 36वें, 49वें, एवं 57वें मिनट में), श्रुति कुमारी (2 गोल, 32वें एवं 39वें मिनट में), ठेकला होरो (2 गोल, 42वें एवं 53वें मिनट में) रीना कुल्लू (1 गोल, 48वें मिनट में), सुगन सांगा (1 गोल, 50वें मिनट में) एवं पुष्पा मांझी (1 गोल, 58वें मिनट में) शामिल रहे। इस मैच में झारखंड की लेवनी हेमरोम को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

## उर्विल 40 से कम गेंदों में दो टी20 शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने

**इंदौर ।** गुजरात के सलामी बल्लेबाज उर्विल पटेल ने मंगलवार को एमराल्ड हाई स्कूल ग्राउंड पर उत्तराखंड के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महज छह दिनों में अपना दूसरा टी20 शतक जड़ा। पटेल ने 36 गेंदों में शतक जड़ा और गुजरात को महज 13.1 ओवर में आठ विकेट से जीत दिलाई। पटेल के शतक ने उन्हें टी20 क्रिकेट के इतिहास में 40 गेंदों से कम समय में दो शतक बनाने वाला पहला बल्लेबाज बना दिया। यह उपलब्धि पिछले हफ्ते त्रिपुरा के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए रिकॉर्ड 28 गेंदों में शतक के बाद आई है। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पटेल ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और महज 41 गेंदों पर 115 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में आठ चौके और 11 गगनचुम्बी छक्के शामिल थे, जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की उनकी क्षमता को दर्शाता है।



## टॉड ग्रीनबर्ग को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का नया सीईओ नियुक्त किया गया

**एजेंसी । मेलबर्न**



टॉड ग्रीनबर्ग को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का नया सीईओ नियुक्त किया गया। वह निक हॉकले की जगह लेंगे, जिन्होंने अगस्त में यह ऐलान किया था कि वह मार्च के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट ने इस संबंध में जारी अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, "ग्रीन बर्ग को उनके पुराने अनुभवों को देखते हुए इस पद के लिए चुना गया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सीईओ नियुक्त किए जाने से पहले वह नेशनल रग्बी लीग और कैंटरबरी-बैंकस्टाउन बुलडॉग्स के सीईओ, स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक भी रह चुके हैं। वह विधिवत रूप से मार्च महीने से अपने पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह मार्च 1892 में ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट काउंसिल के रूप में पहली बार स्थापित होने के बाद से ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट गर्वनिंग बॉडी के सचिव या मुख्य कार्यकारी बनने वाले 15वें व्यक्ति बन जाएंगे। ग्रीन बर्ग के पास क्रिकेट के क्षेत्र में लंबा अनुभव है। वह एनएसडब्ल्यू प्रीमियर क्रिकेट में रैंडविक के लिए फर्स्ट ग्रेड खेल चुके हैं। उन्होंने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में 1987 और 1997 के बीच सिडनी में रैंडविक सीसी के लिए 10 सीजन खेले थे। ग्रीनबर्ग कैंटरबरी बुलडॉग्स के सीईओ बनने से पहले क्रिकेट एनएसडब्ल्यू के साथ भी काम कर चुके हैं। वह 2016 में एनआरएल (नेशनल रग्बी लीग) के सीईओ भी बने थे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर देश के रणनीतिक फोकस ने प्रभावशाली परिणाम दिए


# भारत दुनिया के शीर्ष 10 उच्च मूल्य वाले उत्पादों के निर्यातकों में शामिल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की यात्रा में भारत ने कई प्रमुख उत्पाद श्रेणियों के निर्यात में तीव्र वृद्धि दर्ज की है। देश ने वर्ष 2023 में एक अरब डॉलर से ज्यादा के निर्यात मूल्य के साथ शीर्ष दस वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं में अपनी रैंक को बनाए रखने के साथ-साथ इसमें सुधार किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक कीमती पत्थरों के वैश्विक बाजार पर अपना दबदबा बनाने से लेकर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिकल कंपोनेंट जैसे उन्नत क्षेत्रों में पैठ बनाने तक भारत का निर्यात प्रदर्शन देश की बढ़ती आर्थिक ताकत को दर्शाता है। मंत्रालय ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर देश के रणनीतिक फोकस ने प्रभावशाली परिणाम दिए हैं।
आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2014 में निर्यात 0.23 अरब डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023 में 1.91 अरब डॉलर हो गया है, जिससे वैश्विक बाजार में 1.40 फीसदी की हिस्सेदारी हासिल हुई। इससे देश को 9वां स्थान हासिल हुआ, जो वर्ष 2014 में 20वें स्थान से महत्वपूर्ण उछाल है। यह प्रगति वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका को उजागर करती है, जिससे घरेलू विनिर्माण और नवाचार को बढ़ाने के प्रयासों से समर्थन मिलता है।

मंत्रालय के मुताबिक कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के निर्यात में भारत ने खुद को विश्व नेता के रूप में स्थापित किया है, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी वर्ष 2014 में 2.64 अरब से बढ़कर वर्ष 2023 में 36.53 फीसदी हो गई। इसके साथ ही, 1.52 अरब डॉलर के मूल्य के निर्यात ने भारत की सदियों पुरानी शिल्पकला और रत्न प्रसंस्करण में आधुनिक तकनीक को अपनाने को उजागर किया है।

आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के पुर्जों के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज गई है, जो वर्ष 2023 में 1.15 अरब डॉलर तक पहुंच गई है, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी 4.86 फीसदी है। इससे भारत वर्ष 2014 के 21वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गया है। ये वृद्धि अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन घटकों की बढ़ती वैश्विक मांग के अनुरूप है, जो भारत को इस परिवर्तनकारी उद्योग में एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करती है। मंत्रालय के मुताबिक पेट्रोलियम क्षेत्र (पेट्रोलियम तेल और बिटुमिनस खनिजों से प्राप्त तेल) में नाटकीय वृद्धि देखी गई है, जिसमें निर्यात मूल्य 2014 में 60.84 अरब डॉलर से बढ़कर 2023 में 84.96 अरब डॉलर हो गया है, जिससे वैश्विक बाजार में इसकी हिस्सेदारी 12.59 फीसदी हो गई है। इस महत्वपूर्ण छलांग ने भारत को उन्नत रिफाइनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा संचालित दूसरे सबसे बड़े वैश्विक निर्यातक के स्थान पर पहुंचा दिया है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 तक देश का निर्यात 4.32 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो वर्ष 2014 में 5.89 फीसदी से बढ़कर 10.85 फीसदी की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी को दर्शाता है। अनुसंधान और विकास में निवेश अंतरराष्ट्रीय कृषि मानकों के अनुपालन के साथ भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक बना दिया है। यह वृद्धि टिकाऊ कृषि को समर्थन देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।



**2023** में निर्यात 1.91 अरब डॉलर हुआ...

**1.40** फीसदी हिस्सेदारी हुई वैश्विक बाजार में

**2023** में एक अरब डॉलर से ज्यादा के निर्यात मूल्य के साथ शीर्ष दस वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं में अपनी रैंक को बनाए रखने के साथ-साथ इसमें सुधार किया है



## भारत ने रबर न्यूमेटिक टायर निर्यात में उल्लेखनीय प्रगति की

भारत के चीनी निर्यात में भी असाधारण वृद्धि देखी गई है। गन्ना या चुकंदर चीनी के वैश्विक बाजार में देश की हिस्सेदारी वर्ष 2014 में 4.31 फीसदी से बढ़कर वर्ष 2023 में 12.21 फीसदी हो गई है। निर्यात मूल्य 2023 में 3.72 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे भारत की दूसरे सबसे बड़े चीनी निर्यातक के रूप में स्थिति मजबूत हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है, जो विद्युत ट्रांसफार्मर और संबंधित घटकों के निर्यात में परिलक्षित होती है, जो वर्ष 2014 में 1.08 अरब डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023 में 2.85 अरब डॉलर हो गया। भारत की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी वर्ष 2023 में बढ़कर 2.11 फीसदी हो गई, यह वर्ष 2014 में 17वें स्थान से बढ़कर 10वें स्थान पर है। भारत ने रबर न्यूमेटिक टायर निर्यात में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो 2023 में 2.66 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसकी वैश्विक बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 3.31 फीसदी हो गई, जिससे यह 8वें स्थान पर पहुंच गया, जो वर्ष 2014 में 14वें स्थान से उल्लेखनीय छलांग है।

## भारत में ऊर्जा खपत नवंबर में 5 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** भारत में ऊर्जा खपत नवंबर 2024 में 5.14 प्रतिशत बढ़कर 125.44 अरब यूनिट्स (बीयू) रही। पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 119.30 बीयू था। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। बिजली की मांग में वृद्धि अर्थव्यवस्था में होने वाली वाणिज्यिक और औद्योगिक गतिविधि के उच्च स्तर को दर्शाती है। आईसीआरए की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शुरुआती महीनों में वृद्धि में नरमी देखी गई थी, लेकिन पूरे साल की मांग में वृद्धि दर 5.5 से 6 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। मांग में गिरावट की वजह उच्च आधार और मानसून बारिश का प्रतिकूल प्रभाव को माना जा रहा है। दिन में होने वाली उच्चतम आपूर्ति नवंबर 2024 में 207.42 गीगावाट रही है, जो पिछले साल समान अवधि में 204.56 गीगावाट थी। नवंबर में बिजली संयंत्रों में कोयले के स्टॉक में सुधार हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, बिजली संयंत्रों में कोयले के स्टॉक का स्तर 26 नवंबर तक 13 दिनों तक पहुंच गया।

## मॉर्गन स्टेनली ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.3 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अपने पूर्वानुमान को 6.7 फीसदी से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है। मॉर्गन स्टेनली ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने अनुमान को फिर से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है, जो इसके पहले के 6.7 फीसदी के अनुमान से कम है। बहुराष्ट्रीय वित्तीय सेवा कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 फीसदी पर पहुंचने के कुछ दिनों बाद यह कदम उठाया है।

## यूएस मामले के बाद भी अदाणी समूह की वित्तीय स्थिति बेहद मजबूत : बर्नस्टीन

**नई दिल्ली।** अमेरिकी फाइनेंसियल रिसर्च फर्म बर्नस्टीन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मौजूदा समय में अदाणी समूह की कंपनियों की वित्तीय स्थिति 2023 में हुए हिंडनबर्ग हमले के मुकाबले काफी मजबूत है। रिपोर्ट में कहा गया कि यूएस मामले के बाद भी अदाणी समूह की जड़े चार प्रमुख बिंदुओं जैसे शेयर-गिरवी, लीवरेज, लोन भुगतान और मूल्यांकन में मजबूत बनी हुई हैं। हिंडनबर्ग संकट के दौरान प्रमुख चिंताओं में से एक शेयर-गिरवी थी, लेकिन समूह ने पिछले 1.5 वर्षों में इसे कम करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां समूह ने पर्याप्त एक्शन लिया है। अगर हम समूह के गिरवी शेयरों को देखें, तो सभी कंपनियों में काफी गिरावट आई है। उदाहरण के लिए अदाणी पावर के पहले 25 प्रतिशत शेयर गिरवी थे, जो अब कम होकर एक प्रतिशत रह गए हैं।

## सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि, शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट भी आई लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही तेजड़ियों ने बाजार में अपना जोर बना दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.74 प्रतिशत और निफ्टी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 597.67 अंक की मजबूती के साथ 80,845.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एनएसई के निफ्टी 181.10 अंक की तेजी के साथ 24,457.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



## राज्यपाल व सीएम ने डॉ राजेंद्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

*देश के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं सीएम हेमन्त ने राजेंद्र चौक (डोरंडा) स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।*

# राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने डॉ राजेंद्र प्रसाद और अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती एवं परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर राज भवन में दोनों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# केंद्र महिलाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है : अन्नपूर्णा देवी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री ने कहा है कि 'अगर हमारी आधी आबादी घर में बंद है तो हम सफलता हासिल नहीं कर सकते' हमारी सरकार का प्रयास है कि हम अपनी बेटियों, बहनों को सशक्त, सुरक्षित और महिला विकास से महिलाओं ने विकास का नेतृत्व का सबसे बड़ा प्रतीक - नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 है। उक्त बातें केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि 2013-14 के बजट में महिलाओं के लिए लगभग 97 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान था, जिसे 2024-25 में बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक कर दिया गया है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि अजीविका मिशन में लगभग 10 करोड़ महिलाओं का सशक्तीकरण व लखपति दीदी का लक्ष्य तीन करोड़ है। 1 करोड़ से अधिक प्राप्त प्रधानमंत्री जन धन योजना में 55.6 प्रतिशत खाताधारक महिलाएं हैं। अन्नपूर्णा देवी कहा कि हमारी केंद्र की सरकार महिलाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन में 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण, उज्ज्वला योजना 10 करोड़ से भी अधिक महिलाओं को गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना में चार करोड़ से अधिक पक्के मकान जिनमें 70 प्रतिशत से अधिक की मालकिन महिलाएं हैं। 3.5 करोड़ से ज्यादा कृषि सखियां, पशु सखियां, बैंक सखियां और बीमा सखियां गांव गांव में समर्पित सिपाही की तरह हर कदम पर महिलाओं को आगे बढ़ाने में मदद कर रही हैं। मुद्रा लोन योजना - 68 प्रतिशत महिला लाभार्थी स्टैंड अप इंडिया - 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के ऋण स्वीकृत 78 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

## भारी उद्योग मंत्री से मिले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

### एचईसी के पुनरुद्धार पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी से मुलाकात किया। इस दौरान रांची स्थित एचईसी के पुनरुद्धार सहित कई विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। श्री सेठ ने बताया कि बहुत जल्द ही एचईसी के मुद्दे पर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई जाएगी और सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## कांची नदी के हरीन घाट पुल को दीवार खड़ा कर बंद किए जाने का मामला सीएम के पास पंहुचा

- *सोनाहातु पूर्वी क्षेत्र के सात पंचायतों के लगभग 50 हजार ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क टूटा*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोनाहातु मिलन चौक पथ पर कांची नदी के हरीन घाट में स्थित पुल को द्वार खड़ा कर बंद किए जाने का मामला मुख्यमंत्री के पास पहुंच गया है। अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो एवं मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सोनाहातु प्रखंड अंतर्गत सोनाहातु मिलन चौक पथ स्थित कांची नदी के हरीन घाट में बने पुल को पथ निर्माण विभाग 29 नवंबर को दीवार खड़ा कर बंद कर दिया गया है। जिससे सोनाहातु पूर्वी क्षेत्र के सात पंचायतों के लगभग 50 हजार ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय सोनाहातु से सम्पर्क टूट गया है। उल्लेखनीय है कि बालू माफियाओं के द्वारा पुल के नीचे से बालू का अवैध खनन करने के कारण वर्ष 2004 में निर्मित उच्च स्तरीय पुल वर्ष 2016 में क्षतिग्रस्त हो गया है। लेकिन इस पुल से छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन जारी रहा। इधर 29 नवंबर को अचानक पथ निर्माण विभाग के द्वारा पुल में दीवार खड़ा कर बंद कर दिया गया है। जिससे इस क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुल के बंद कर दिये जाने के कारण ग्रामीणों को मजबूरन अतिरिक्त 25-30 किलोमीटर की दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय आना जाना करना पड़ रहा है। करीब पांच हजार-छात्राओं को स्कूल एवं कॉलेज जाने, एवं बीमार लोगों को एम्बुलेंस से अस्पताल जाने एवं किसानों को प्रतिदिन सब्जी बेचने जाने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सोनाहातु पूर्वी क्षेत्र के सात पंचायतों के 50 हजार ग्रामीणों के लिए यह पुल लाईफ लाईन के समान है, लेकिन पथ निर्माण विभाग के द्वारा बिना वैकल्पिक व्यवस्था किये ही लाईफ लाईन पुल पर दीवार खड़ा कर दिया गया है। श्री महतो एवं श्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री से पुल को बंद किये जाने के कारण ग्रामीणों की हो रही परेशानी को देखते हुए कांची नदी पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत डायवर्सन बनाने का कार्य अविलंब कराने की मांग की है।

## सिटी एसपी ने की थाना प्रभारियों के साथ बैठक

- *चैन स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट के अपराधियों का डेटा तैयार करने का निर्देश*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शहर के सभी थानेदार और डीएसपी क्राइम के साथ बैठक की। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। चेन स्नेचिंग और आर्म्स एक्ट के अपराधियों के खिलाफ पुलिस शक्ति बरतेगी, चेन स्नेचिंग की घटना में शामिल अपराधियों का पूरा डाटा तैयार किया जाएगा। सिटी एसपी ने अपराधियों के बायोग्राफी तैयार करने के लिए सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने आर्म्स एक्ट के अपराधियों का डाटा और गैंग के साथ लिस्ट तैयार करने का भी निर्देश दिया है।



### स्कूल व कॉलेज के आस पास रहेगी पेट्रोलिंग गश्ती की तैनाती : सिटी एसपी

स्कूल और कॉलेज के आसपास पेट्रोलिंग और गश्ती को और मजबूत किया जाएगा। स्कूल और कॉलेज की छुट्टी के समय थाना प्रभारी अलर्ट रहेंगे इसके साथ ही रात्रि गश्ती में तैनात पुलिस कर्मियों को संघन जांच करने का भी निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही रांची पुलिस चेन स्नेचिंग की घटना में शामिल अपराधियों के द्वारा कमाई गई संपत्ति को भी जब्त करने की तैयारी कर रही है।

## झारखंड सरकार प. बंगाल में धान निर्यात बंद करे : एफजेसीसीआई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अहारी उप समिति की बैठक चेंबर भवन में हुई। प्रदेश में आलू की आपूर्ति और झारखंड सरकार द्वारा धान की खरीदी पर बैठक में चर्चा हुई। कहा गया कि पश्चिम बंगाल द्वारा झारखंड में 28 नवंबर से आलू आपूर्ति बंद किये जाने के कारण प्रदेश में आलू के खुदरा मूल्य में 10 रू0 तक वृद्धि हुई है जिस कारण यहां की 3 करोड़ से अधिक आबादी प्रभावित हो गई है। उपभोक्ता उंचे दर पर आलू की खरीदी के लिए विवश हैं। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा



कि झारखंड में 90 फीसदी आलू की आपूर्ति बंगाल से होती है। बंगाल से आलू आपूर्ति बंद होने के कारण व्यापारी विवश होकर उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू मंगाकर झारखंड में वितरण कर रहे हैं। इस कारण आलू के क्रय पर 2 से 3 रू0 प्रति किलोग्राम अतिरिक्त भाड़ा लग रहा है। साथ ही उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू के ट्रांसपोर्टेशन में तीन दिन लग रहा है जबकि पश्चिम बंगाल से पूरे झारखंड में 12 घंटे के अंदर आलू का परिवहन हो जाता है। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि बंगाल से आलू नहीं आने के कारण झारखंड से सब्जियों का ट्रांसपोर्टेशन भी प्रभावित हो रहा है। बंगाल सरकार को इसकी भी समीक्षा करनी चाहिए।

## वकीलों के लिए स्वीकृत राशि कब तक जारी होगी : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने अधिवक्ता कल्याण निधि ट्रस्टी कमेटी को स्वीकृत नौ करोड़ के अनुदान पर सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सरकार को 17 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि सरकार ने ट्रस्टी कमेटी के लिए नौ करोड़ का अनुदान दिया है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता मोहम्मद शादाब ने इस संबंध में याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि स्टांप ड्यूटी से मिलने वाले वेलफेयर फंड का उपयोग वकीलों को दिए जाने वाले पेंशन, डेथ क्लेम एवं स्टाइपेंड के अलावा बीमा में किया जाए।

## पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया खुलासा, सात गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया खुलासा । एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली सूचना के सत्यापन के लिए सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम की गठन कर छापामारी कर कार्रवाई की गई। चोरों के पास से चोरी की पांच बाइक, एक स्कूटी और एक पिस्टल बरामद किया गया। गिरफ्तार चोरों में तनवीर आलम, अर्जुन महतो, वासुदेव दास, रोशन दास, भरत दास, गुफरान खान और आमिर अंसारी शामिल है। सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने लालपुर थाना परिसर में मंगलवार की सुबह प्रेसवार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। चोर गिरोह के सदस्य ने पुलिस के समक्ष खुलासा किया है कि वह रांची शहर के विभिन्न जगहों से मोटरसाइकिल की चोरी करते थे। इसके बाद गूगल से पुराने मोटरसाइकिल का नंबर प्राप्त कर, चोरी की मोटरसाइकिल का नंबर बदल देते थे और अपने साथियों के सहयोग से शहर के बाहर मोटरसाइकिल को भेज देते थे।

### बीएयू में कृषि शिक्षा दिवस का आयोजन, बोले डॉ एससी दुबे

## राजेंद्र बाबू की सादगी व सेवा भाव से सीख लेने की जरूरत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देश के प्रथम कृषि मंत्री एवं प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिवस बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि नयी सोच वाले मेधावी विद्यार्थी कृषि पाठ्यक्रम में आएंगे तभी कृषि क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। केवल पैकेज के पीछे भागने के बजाय नई पीढ़ी को भीड़ से अलग हटकर कुछ करने और अपनी विशिष्ट पहचान बनाने का प्रयास करना चाहिए। यह सुखद पहलू है कि आईआईटी और आईआईएम से पढ़ने वाले बहुत से विद्यार्थी कृषि क्षेत्र से जुड़ रहे हैं और परिदृश्य में बदलाव के लिए काम कर रहे हैं। कृषि को केवल आजीविका का साधन नहीं बल्कि व्यवसाय बनाना होगा तभी लाभ बढ़ेगा।

राज्य में आलू की कमी की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में आलू की फसल थोड़ा विलंब से तैयार होती है इसलिए बंगाल पर निर्भर रहना पड़ता है। बीएयू आलू की अगात किस्मों के विकास पर शोध करेगा ताकि दूसरे राज्यों पर निर्भरता नहीं रहे। साथ ही राज्य में कोल्ड स्टोरेज की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करनी होगी ताकि यहां की फसल भावी जरूरतों के लिए संरक्षित रखी जा सके। उन्होंने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद के सादा जीवन उच्च विचार, सेवा भाव और वैचारिक समन्वय के आदर्श को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि राजेंद्र बाबू द्वारा लिखित पुस्तकें यदि उपलब्ध होंगी तो उन्हें मंगाकर बीएयू के पुस्तकालयों में रखा जाएगा। एक अग्रणी लेखक, संपादक, अधिवक्ता, समाजसेवी और राजनेता होने के बावजूद वह घर की सफाई खुद करना पसंद करते थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**गोली कांड में पति की हत्या...**

चक्का में फंस गया। पती की हत्या की मामले को सूनकर उसकी पत्नी पिंकी देवी इतनी घबराई हुई व जल्दी में थी कि उसे पता ही नहीं चल। जब सारा साड़ी मोटरसाइकिल के चक्का में लिपटते चला गया, तब जाकर गाड़ी को रूकवाई। इसके बाद लोगों की सहयोग से उसे मोटरसाइकिल के चक्का से साड़ी को किसी तरह निकाला गया। उसे किसी तरह तन को ढ़ककर उसे गढ़वा भेजा गया। मोबाइल पर उन्होंने बताया कि मेरा घर गढ़वा के उंचरी गांव में है। वह जपला में अपने बच्चों को पढ़ाने को लेकर किराये के मकान में रहती हैं। अपने पति की हत्या के संबंध में बताया कि कुछ लोग पार्टी देने के लिए श्री बंशीधर ले गये थे। उसके पति की हत्या कर ,कौन किया, क्यों किया वह कुछ भी नहीं बता सकती हैं। इसके बाद वह रोने-चिल्लाने लगी और मोबाइल काट दी। इस तरह एक तरफ पति की हत्या वहीं दूसरी तरफ उसकी पत्नी की भी मोटरसाइकिल दुर्घटना होते-होते बच गयी। उसके साथ में दो मासूम बच्चे भी मोटरसाइकिल पर सवार थे, जिसमें एक लड़की एक लड़का है। उनकी उम्र क्रमशः 4 एवं 5 साल की है।

**निर्माण की गुणवत्ता और...**

के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से संबंधित बिंदुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाईओवर का देश और राज्य में एक अलग पहचान होगा। यह फ्लाईओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा।

**नए आपराधिक कानून...**

में मील का पत्थर साबित होगी। मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता-पूर्व काल में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए आपराधिक कानूनों को उत्पीड़न और शोषण के साधन के रूप में देखा जाता था। 1857 में देश के पहले बड़े स्वतंत्रता संग्राम के परिणामस्वरूप 1860 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) लागू की गई थी। कुछ वर्षों बाद भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया गया और फिर सीआरपीसी का पहला ढांचा अस्तित्व में आया। इन कानूनों का विचार और उद्देश्य भारतीयों को दंडित करना और उन्हें गुलाम बनाना था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्रता के दशकों बाद भी हमारे कानून उसी दंड संहिता और दंडात्मक मानसिकता के इर्द-गिर्द घूमते रहे। समय-समय पर कानूनों में बदलाव के बावजूद उनका चरित्र वही रहा। गुलामी की इस मानसिकता ने भारत की प्रगति को काफी हद तक प्रभावित किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अब औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर आना चाहिए। नई न्याय संहिता के कार्यान्वयन के साथ, देश ने उस दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। न्याय संहिता 'जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए' की भावना को मजबूत कर रही है, जो लोकतंत्र का आधार है।

मोदी ने कहा कि न्याय संहिता को समानता, सद्भाव और सामाजिक न्याय के विचारों से तैयार किया गया है। कानून की नजर में सभी समान होने के बावजूद व्यावहारिक वास्तविकता अलग है। गरीब लोग कानून से डरते हैं, यहां तक कि वे अदालत या पुलिस थाने में जाने से भी डरते हैं। नई न्याय संहिता समाज के मनोविज्ञान को बदलने का काम करेगी। प्रधानमंत्री ने सरकार के सभी विभागों, एजेंसी, अधिकारी और पुलिसकर्मियों से न्याय संहिता के नए प्रावधानों को जानने और उनकी भावना को समझने का आग्रह किया।

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि नई न्याय संहिता से हर विभाग की उत्पादकता बढ़ेगी और देश की प्रगति में तेजी आएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी, जो कानूनी बाधाओं के कारण बढ़ता है। पहले ज्यादातर विदेशी निवेशक न्याय में देरी के डर से भारत में निवेश नहीं करना चाहते थे। जब यह डर खत्म होगा, तो निवेश बढ़ेगा और इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**हेमंत मंत्रिमंडज ा...**

ओर से जिन चार विधायकों को मंत्री बनाए जाने की संभावना है, उनमें लोहरदगा के विधायक रामेश्वर उरांव, जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी, महागामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह एवं पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव में कोई एक और कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के नाम शामिल हैं। रामगढ़ की विधायक ममता देवी, बेरमो के विधायक जयमंगल सिंह और मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह के भी नाम की चर्चा है। राजद कोटे से देवघर के विधायक सुरेश पासवान मंत्री बनने की रेस में सबसे आगे बताए जाते हैं। हालांकि, गोड्डा के विधायक संजय सिंह यादव और हुसैनाबाद के विधायक संजय प्रसाद यादव ने भी मंत्री पद के लिए लॉबिंग की है।

वहीं, मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आगामी नौ दिसंबर से शुरू हो सकता है। पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। 10 दिसंबर को स्पीकर का चयन हो सकता। 11 दिसंबर को राज्यपाल का अभिभाषण हो सकता है।

ज्ञात हो कि हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को मुख्यमंत्री के रूप में अकेले शपथ ली थी। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले चार दलों के गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत हासिल की है। झारखंड मुक्ति मोर्चा को 34, कांग्रेस को 16, राजद को 04 और सीपीआई एमएल को 02 सीटों पर जीत हासिल हुई है। सीपीआई एमएल ने अपने विधायकों को मंत्रिमंडल से दूर रखने का फैसला किया है।

**रामगढ़ में रामचंद्र...**

दिया गया। यहां तक कि लैंडलाइन फोन को भी पूरी तरीके से ठप कर दिया गया। अधिकारियों की टीम ने प्लांट और ऑफिस में मौजूद सभी दस्तावेजों को खंगाला। जीएसटी के अधिकारियों की छापेमारी के बाद सभी स्थानों पर हड़कंप मच गया। प्लांट के कांटाघर और ऑफिस समेत पूरे प्लांट का भ्रमण कर अधिकारियों ने जायजा लिया। किसी को भी प्लांट के अंदर जाने आने की अनुमति नहीं मिली। जो भी वाहन कुछ सामान लेकर आ रहा था, उसकी जांच की गई। स्पंज, कोयला, लोहा, स्टॉक समेत कंपनी चलाने के लिए जरूरी उपकरण संसाधन की खरीद-बिक्री कागजात समेत कई मामलों की जांच पड़ताल हुई।

**दलितों के पीएम..**

के समान मिट्टी में जमींदोज हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो दर्जन मकान को वन विभाग ने धराशाई किया है। इस संदर्भ में रेंजर अजीत कुमार ने बताया कि हाई कोर्ट के निर्देश के अनुसार यह कार्रवाई की गई है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## सीबीआई के पूर्व निदेशक विजय शंकर का निधन



**नोएडा।** सीबीआई (सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन) के पूर्व निदेशक विजय शंकर का मंगलवार को नोएडा में निधन हो गया। 76वर्षीय सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी विजय शंकर लंबे समय से बीमार थे। नोएडा एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वह कुछ समय से नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने बताया कि उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को दान कर दिया जाएगा। पूर्व निदेशक शंकर उत्तर प्रदेश कैडर के 1969 बैच के आईपीएस अधिकारी थे।

## आगरा के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद ताज महल और उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गयी है। ताज की सुरक्षा व्यवस्था में लगे एसीपी सैयद अरीब अहमद ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि पर्यटन विभाग को एक ई-मेल मिला है, जिसमें ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद ताज महल की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है।

## राज कुंद्रा को पोर्नोग्राफी केस में मिला दूसरा समन

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पोर्नोग्राफी केस में फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को दूसरा समन जारी कर चार दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने सोमवार को भी कुंद्रा को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया था। मगर वह नहीं पहुंचे। कुंद्रा ने अपने वकील के माध्यम से ईडी से कुछ दिनों की मोहलत मांगी थी। ईडी ने सोमवार रात कुंद्रा को दूसरा समन जारी कर पूछताछ के चार दिसंबर को उपस्थित रहने को कहा है। इस केस में ईडी का राज कुंद्रा के मुंबई के सांताक्रूज स्थित आवास पर छापा पड़ चुका है। ईडी ने कुंद्रा से जुड़े लोगों के करीब 15 ठिकानों पर भी छापा मारा था।

## महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मंगलवार को उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार न होने पर ठाणे के जुपिटर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जुपिटर अस्पताल में डॉक्टरों की टीम शिंदे का मेडिकल चेकअप कर रही है। मंगलवार को अस्पताल ले जाते समय एकनाथ शिंदे ने पत्रकारों को बताया कि वे ठीक है, चिंता की कोई बात नहीं है। एकनाथ शिंदे पिछले सप्ताह तबीयत खराब होने की वजह से सातारा जिले में स्थित अपने मूल गांव दरे गांव गए थे। वहां उन्हें तेज बुखार हो गया था, जिससे उनका गांव में ही उपचार किया गया था।

# प्रोबा-3 मिशन आज होगा श्रीहरिकोटा केंद्र से लांच

### यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का यह मिशन सूर्य की सबसे बाहरी परत का अध्ययन करेगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को बुधवार को शाम लगभग चार बजे श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से लांच किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार की सुबह एक्स पोस्ट में इसकी घोषणा की। इसरो ने कहा कि पीएसएलवी-सी 59/प्रोबा-3 मिशन के लिए हमसे लाइव जुड़ें। एनएसआईएल के नेतृत्व में और इसरो द्वारा निष्पादित यह मिशन ईएसए के प्रोबा-3 उपग्रहों को एक अनोखी कक्षा में प्रक्षेपित करेगा, जो वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के बढ़ते योगदान को दर्शाता है।

इसरो ने कहा कि पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3 मिशन उपग्रहों का प्रक्षेपण 04 दिसंबर 2024 को शाम 4:06 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से होगा। इस मिशन में ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी59 लगभग 550 किलोग्राम वजन वाले उपग्रहों को अत्यधिक दीर्घवृत्ताकार कक्षा में ले जाएगा। प्रोबा-3 मिशन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) द्वारा एक 'इन-ऑर्बिट डेमोस्ट्रेशन (आईओडी) मिशन' है। ईएसए ने कहा कि 'प्रोबा-3' सूर्य के परिमंडल की सबसे बाहरी और सबसे गर्म परत का अध्ययन करेगा।




प्रोबा-3 मिशन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) द्वारा एक 'इन-ऑर्बिट डेमोस्ट्रेशन मिशन' है

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स पोस्ट में इसकी घोषणा की

### अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को दिया अल्टीमेटम, कहा


# शपथ ग्रहण से पहले छोड़ दो बंधक नहीं तो चुकानी पड़ेगी भारी कीमत

- इजरायल-हमास युद्ध शुरू हुए एक साल से भी अधिक समय हो चुका है

**एजेंसी । वाशिंगटन**

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी है कि जनवरी में उनके शपथ ग्रहण से पहले, बंधकों को रिहा कर दिया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है, तो मध्य पूर्व में उन लोगों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। ट्रूथ सोशल पर लिखते हुए, और किसी भी ग्रुप का नाम लिए बिना, ट्रंप ने सोमवार को अपनी पोस्ट में कहा, 20 जनवरी, 2025 - जिस दिन मैं गर्व के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करूंगा - से पहले अगर बंधकों को रिहा नहीं किया जाता है, तो मध्य पूर्व में इन अत्याचारों को अंजाम देने वालों को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। बता दें कि 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी ग्रुप हमास ने इजरायल में बड़ा हमला किया था। हमास के हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे, जबकि 250 से अधिक लोगों को बंधक बनाया गया था। इसके बाद इजरायल ने फिलिस्तीनी ग्रुप के कब्जे वाली गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया था। इजरायली हमलों ने गाजा में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है और हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। इजरायल-हमास युद्ध को शुरू हुए एक साल से भी अधिक समय हो चुका है। इस दौरान एक संक्षिप्त संघर्षविराम हुआ, जिसमें लगभग 105 बंधकों को रिहा किया गया था। कुछ बंधकों को इजरायली सैनिकों ने भी बचाया। बाइडेन प्रशासन पिछले साल से इजरायल और कतर तथा मिस्त्र सहित अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के साथ संघर्ष विराम समझौते पर काम कर रहा है, जिसमें बंधकों की रिहाई भी शामिल है।

पिछले महीने मिस्त्र में मध्यस्थों की बैठक के बाद संघर्ष विराम समझौते के प्रयासों में रुकावट आई। इस बीच, हमास ने घोषणा की है कि इजरायली सैन्य अभियानों के कारण गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए 33 इजरायली बंधकों की मौत हो गई है, जबकि कुछ अन्य अभी भी लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमास ने एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें बताया गया कि बंधकों की हत्या कब और कैसे की गई। और, इसके लिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को जिम्मेदार ठहराया। हमास ने युद्ध को समाप्त करने और शेष बंधकों को रिहा करने के किसी भी समझौते के तहत गाजा से इजरायल की पूरी तरह वापसी की मांग की है। वहीं, नेतन्याहू का कहना है कि युद्ध तब तक जारी रहेगा, जब तक हमास का सफाया नहीं हो जाता।



## हिजबुल्लाह के मोर्टार हमले के जवाब में इजरायल का लेबनान पर हमला

**बेरूत।** अमेरिका और फ्रांस की कोशिश से लेबनान में आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच लागू साठ दिन का युद्धविराम आखिरकार टूट गया। हिजबुल्लाह के इजरायल के कब्जे वाले माउंट डोव क्षेत्र में दो मोर्टार लांच करने के बाद यह नौबत आई। इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार शाम लेबनान में ताबड़तोड़ हवाई हमले कर लोगों की नींद उड़ा दी। आईडीएफ की इस कार्रवाई में कम से कम नौ लोग मारे गए। इजरायल के समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर में आईडीएफ के हवाले से यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि इजरायली लड़ाकू विमानों से समूचे लेबनान में हिजबुल्लाह के लड़ाकों और उसके सामरिक आयुध केंद्रों पर दर्जनों हमले किए। हिजबुल्लाह ने सोमवार को दावा किया था कि उसने मोर्टार लांच किए। इजरायल ने तत्काल इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया था।

## अमेरिका से एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट मिलने का रास्ता साफ

{ बाइडेन प्रशासन ने बिक्री की दी मंजूरी }




**एजेंसी । वाशिंगटन**

आखिरकार संयुक्त राज्य अमेरिका से भारत को एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट मिलने का रास्ता साफ हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने इनकी ब्रिकी के लिए हां कर दी। इन उपकरणों की अनुमानित लागत 1.17 अरब अमेरीकी डॉलर है। इस अहम फैसले का पूरा विवरण डिफेंस सिक्योरिटी को-ऑपरेशन एजेंसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी किया है। पॉलिटकल मिलेट्री अफेयर्स, यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने एजेंसी के विवरण को अपने एक्स हैंडल पर आज सुबह साझा किया। डिफेंस सिक्योरिटी को-ऑपरेशन एजेंसी ने दो दिसंबर को कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को एक अधिसूचना में बताया कि इन उपकरणों की बिक्री की प्रस्तावित योजना, भारत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं का उन्नयन कर वर्तमान और भविष्य के खतरों को रोकने की क्षमता में सुधार करेगी। महत्वपूर्ण यह है कि बाइडेन प्रशासन ने भारत को प्रमुख रक्षा उपकरणों की बिक्री की मंजूरी अपने चार साल के कार्यकाल के पूरा होने से कुछ सप्ताह पहले दी। पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अगले साल 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे।

**ये उपकरण मिलेंगे**

1. 30 मल्टीफंक्शन इंफॉर्मेशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम ज्वाइंट टैक्टिकल रेडियो सिस्टम।
2. उन्नत डाटा ट्रांसफर सिस्टम, बाहरी ईंधन टैंक, फॉरवर्ड लुकिंग इंफ्रारेड सिस्टम।
3. ऑपरेटर मशीन इंटरफेस, अतिरिक्त कंटेनर आदि।
4. डिजाइन, निर्माण और परीक्षण में अमेरिकी मदद।

# हिंदू संत चिन्मय को नहीं मिली जमानत

**एजेंसी । ढाका**




बांग्लादेश में देशद्रोह व अन्य गंभीर आरोपों में जेल की सलाखों के पीछे कैद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को मंगलवार को जमानत नहीं मिल सकी। सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के नेता चिन्मय ब्रह्मचारी को 25 नवंबर को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने शाम 4:30 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत पर लिया था। तब से वह जेल में हैं।

बांग्लादेश के समाचार पोर्टल बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, 38 वर्षीय चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को आज अदालत नहीं लाया गया। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एडीसी (अभियोजन) मोफिजुर रहमान ने कहा कि जमानत याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जज ने अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख तय की। उन्होंने चिन्मय कृष्ण दास का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी। इस बीच, ढाका ट्रिब्यून ने भारतीय टीवी समाचार चैनलों पर प्रतिबंध के संबंध में चौंकाने वाली खबर दी है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, इस संबंध में बांग्लादेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है।

## बांग्लादेश में भारतीय दूत ने ढाका समन का दिया जवाब

**ढाका।** बांग्लादेश में भारतीय दूत ने ढाका के समन का जवाब दिया है। त्रिपुरा के अगरतला स्थित बांग्लादेश के उच्चायोग पर हमले के बाद भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने समन भेजा था। बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, वर्मा मंगलवार की शाम चार बजे कार्यवाहक विदेश सचिव एम. रियाज हमीदुल्ला के कार्यालय पहुंचे और जवाब दिया। इस बारे में पूछे जाने पर विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा, उन्हें आने के लिए कहा गया था। इस वेबसाइट के अनुसार, हिंदू संघर्ष समिति ने हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के विरोध में अगरतला मिशन के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान वहां तोड़फोड़ कर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज को उतार दिया था।

## ईडी ने ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर के ठिकानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 500 करोड़ रुपये से ज्यादा के रियल एस्टेट धोखाधड़ी के मामले में मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के दिल्ली-एनसीआर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने इस दौरान 31.22 करोड़ रुपये की विभिन्न सावधि जमा, बैंक गारंटी तथा लग्जरी कारों को जब्त किया। ईडी ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि गुरुग्राम ने मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. एवं उसके निदेशकों विजय गुप्ता, अमित गुप्ता आदि और मेसर्स श्री सी शेल्टर्स प्रा. लि. तथा उसके प्रमोटर निर्मल सिंह उप्पल, विधुर भारद्वाज आदि के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में 14 स्थानों पर 25 नवंबर को तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की गई।

# अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग पर हमला मामले में सात लोग गिरफ्तार

**एजेंसी । अगरतला**

त्रिपुरा पुलिस ने सोमवार को अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के परिसर में घुसकर हंगामा करने और पड़ोसी देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, इस मामले में 4 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ज्ञात हो कि सोमवार को अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के सामने धरना प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ धरना दिया और इस्कॉन सदस्य चिन्मय दास प्रभु की रिहाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इसी दौरान कुछ लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था का उल्लंघन किया और कार्यालय परिसर में प्रवेश करते हुए हंगामा किया और बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया। इसके बाद बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। त्रिपुरा पुलिस के मुताबिक मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तीन उपनिरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) हिरासत में लिया है। आगे की जांच चल रही है। इस घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया गया है।

## ममता के शांति रक्षक के प्रस्ताव को इस्लामिक मूवमेंट ने बताया मानवाधिकार का उल्लंघन

**ढाका ।** इस्लामिक मूवमेंट बांग्लादेश ने ममता बनर्जी द्वारा बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षक बल भेजने के प्रस्ताव को मानवाधिकारों और वास्तविकता के विरुद्ध बताया है। संस्था के खैरुल अहसान ने इस प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए इसे भारतीय साजिश का हिस्सा करार दिया। मंगलवार को जारी एक बयान में खैरुल अहसान ने ममता बनर्जी के प्रस्ताव को मानवता और वास्तविकता से परे बताते हुए इसे निर्मम और अवैध करार दिया। उन्होंने इस प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि यह भारतीय सरकार की बांग्लादेश के खिलाफ साजिशों का हिस्सा है।

### अन्नपूर्णा देवी ने दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकार को कठघरे में किया खड़ा, कहा

# लागू नहीं हो रही हैं महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को दिल्ली और पश्चिम सरकार पर केंद्र की योजनाओं को नहीं लागू करने का आरोप लगाया। शास्त्री भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पश्चिम बंगाल ने अभी तक राज्य में 181 महिला हेल्पलाइन को नहीं लागू किया। इसके साथ फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों (एफटीएस) का संचालन भी नहीं किया, जबकि पश्चिम बंगाल में 49,580 बलात्कार और पोक्सो मामले सामने आए हैं। इन मामलों के बाद भी 11 विशेष अदालतों को शुरू करने की दिशा में कदम नहीं उठाए गए। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि दिल्ली सरकार भी महिलाओं के सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। दिल्ली सरकार ने संकट में महिलाओं की सहायता के लिए निर्भया कोष के तहत स्थापित वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) के कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया है। मंत्री ने कहा कि केंद्र ने निर्भया फंड जैसी पहलों के माध्यम से लगातार राज्यों का समर्थन किया है, लेकिन राज्य स्तर पर कार्यान्वयन में देरी होना बेहद चिंताजनक और निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि देश में 802 वन स्टाप सेंटर हैं, जिसमें अब तक 10 लाख से अधिक महिलाओं की सहायता की है। उन्होंने बताया कि मौजूदा सरकार ने जेंडर बजट को बढ़ाकर तीन गुना कर दिया। जेंडर बजट साल 2013-14 में 97,000 करोड़ रुपये था, जिसे बढ़ाकर 2024-25 में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह कानून संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति महिलाओं के सशक्तीकरण पर निर्भर करती है। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने भी मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाईं।




- बोलीं, राज्य स्तर पर कार्यान्वयन में देरी होना बेहद चिंताजनक व निराशाजनक
- राष्ट्र की प्रगति महिलाओं के सशक्तीकरण पर निर्भर करती है

उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक भागीदारी में सुधार के लिए सरकार की उपलब्धियों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 2024 में लोकसभा के लिए चुनी गई रिकॉर्ड 74 महिलाएं शामिल हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत राष्ट्रीय जन्म अनुपात 2014-15 में प्रति 1,000 लड़कों पर 918 लड़कियों से बढ़कर 2023-24 में 930 हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक महिलाओं को आवास प्रदान किया गया है।

# नेपाल और चीन के बीच नौ एमओयू पर हस्ताक्षर

### बीआरआई प्रोजेक्ट पर दोनों पक्ष खामोश



**एजेंसी । काठमांडू**

प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की आधिकारिक चीन यात्रा के दौरान नेपाल और चीन के बीच मंगलवार को बीजिंग में कुल 09 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। हालांकि, बीआरआई प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन समझौते को लेकर दोनों पक्ष अभी मौन हैं। प्रधानमंत्री ओली की यात्रा का मुख्य उद्देश्य ही बीआरआई से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर करना है, लेकिन दोनों देशों ने अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता कृष्णा प्रसाद ढकाल के अनुसार दोनों देशों के बीच जिस एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है, वह टोखा-छहरे सुरंग के निर्माण का है।